**सुविचार**

हमारे यथार्थ शत्रु तीन हैं- दरिद्रता, रोग और मूर्खता। वे वीर धन्य हैं जो इन तीनो के विरुद्ध युद्ध छेड़ते हैं। वे मानवता के यथार्थ के उपासक और हमारे सच्चे सेनानायक हैं।

Daily


# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi

Ranchi ● Wednesday, 01 November 2023 ● Year : 01 ● Issue : 283 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

12

जगन शक्ति की इस फिल्म में नजर आएंगे...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 63,874.93 |
| निफ्टी | : | 19,079.60 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,830 |
| चांदी | : | 78.02 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### झारखंड कैबिनेट की बैठक तीन नवंबर को

**RANCHI :** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक तीन नवंबर को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। कैबिनेट की बैठक में राज्य कर्मियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा की जा सकती है। इसके अलावा पेसा नियमावली की भी मंजूरी मिल सकती है। कैबिनेट में हरमू फ्लाईओवर निर्माण की भी स्वीकृति देने की तैयारी हो रही है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं संबंध में विभाग में सभी विभागों को पत्र लिखा है और कैबिनेट से जुड़े संलेख मांगे हैं।

### झारखंड के दुमका में 3.7 तीव्रता का भूकंप

**DUMKA :** झारखंड में मंगलवार तड़के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.7 रही। इसका केंद्र उप राजधानी दुमका से 24 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व इलाके में जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई पर रहा। फिलहाल किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के रांची केंद्र के निदेशक डॉ. अभिषेक आनंद ने दुमका में भूकंप के झटके महसूस होने की पुष्टि की है। उधर, भूकंप के झटके महसूस होते ही दुमका में लोग घरों से निकलकर बाहर मैदान में आ गए।

### दिल्ली में सांसों पर संकट एक्यूआई स्तर 300 के पार

**NEW DELHI :** दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को प्रदूषण का स्तर इतना खराब हो गया कि सुबह धुएं की मोटी चादर देखने को मिली। राजधानी में लोगों का अब सांस लेना भी दूभर होने लगा है। मंगलवार को शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 327 के पार चला गया। दीवाली तक एक्यूआई 400 के पार भी जा सकता है। आज सुबह दिल्ली का एक्यूआई 327 दर्ज किया गया। दिल्ली से सटे नोएडा में तो हवा की गुणवत्ता का स्तर 375 तक पहुंच गया। यही हाल एनसीआर के अन्य इलाकों का भी है। हरियाणा के गुरुग्राम में एक्यूआई 249 दर्ज किया गया।

### मणिपुर के मोरेह में फायरिंग एसडीओपी की मौत

**IMPHAL :** मणिपुर के टेंग्नौपाल जिले के मोरेह इलाके में मंगलवार 31 अक्टूबर को एक पुलिस अधिकारी को गोली मार दी गई। मोरेह के एसडीओपी चिंगथाम आनंद कुमार कुकी-जो समुदाय के प्रभाव वाले इलाके का दौरा कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि एसडीओपी आनंद कुमार बॉर्डर टाउन में एक स्कूल में हेलिपैड के लिए जमीन की सफाई का काम देखने गए थे। उनके साथ स्टेट फोर्स और बीएसएफ के जवान भी थे। इसी दौरान कुकी मिलिटेंट ने उन पर फायरिंग कर दी।

# मुड़मा मेला आदिवासी संस्कृति का समागम स्थल : हेमंत सोरेन

## मेले में दिखी झारखंड की पारंपरिक व्यवस्था की अनोखी झलक

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को ऐतहासिक मुड़मा जतरा के समापन के मौके पर शामिल हुए। उन्होंने अपना संबोधन राउरे मन के जोहार से शुरू किया। कहा कि मुड़मा मेला अपने आप में ताकत बन चुका है। मुड़मा मेला आदिवासी संस्कृति का समागम स्थल है। आदिवासी समाज को दुनिया आदिमानव के रूप में देखती है। इस समाज में लोग खुशहाल रहते हैं। ढोल- नगाड़ा बजाते हैं तो आदिवासी समाज पर गर्व महसूस होता है। हालांकि राज्य अलग होने के बाद और पहले समस्या आई है। राज्य का विदेशों में भी चर्चा होती है। देश की हॉकी टीम में झारखंड के बेटियों खेल रही हैं। राज्य बनने के बाद पहली सरकार है, जिसने खिलाड़ियों को सीधी नियुक्ति देने का काम किया है। राज्य खनिज संपदा से भरा है। राज्य के कोयला से पूरा देश उजाला हो रहा है। हमें अलग राज्य लड़ाई से मिली है। इसे बचाने के लिए सबको शिक्षित करना होगा। प्राइमरी स्कूल को उच्च स्तरीय बनाना है। शहीदों के वंशजों को अपने दायित्व का निर्वाह करना होगा। आंदोलनकारी को सम्मान दिया जाएगा। झारखंड वीरों का राज्य है।



### यह आदिवासियों का सुप्रीम कोर्ट : बंधु

पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि यह शक्ति स्थल आदिवासियों के लिए सुप्रीम कोर्ट है। पेसा कानून नियमावली को मान्यता देने की जरूरत है। इसी कानून के साथ राज्य के विभिन्न जतरा, पर्व- त्योहार को मान्यता मिलेगी। पेसा कानून से ही ग्राम सभा को मजबूती मिलेगी। गांव के विवाद को निबटारा करने की शक्ति प्राप्त होगी। सैकड़ों बच्चों को सरकार ने विदेश पढ़ने के लिए भेजा। इस राज्य में एशियन हॉकी मैच का आयोजन हो रहा है। कहा कि केंद्र सरकार ने यहां के 8 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास नहीं दिया है। लेकिन वर्तमान सरकार गरीब व निचले तबके के विकास के लिए अबुआ आवास देने का वादा किया है।

### दो दिवसीय राजकीय मुड़मा जतरा का रंगारंग समापन

दो दिवसीय झारखंड का ऐतिहासिक राजकीय मुड़मा जतरा मंगलवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। इस जतरा में झारखंड के अलावे देश-विदेश के भी लोग शामिल हुए। जतरा में 40 पड़हा के विभिन्न आदिवासी समाज अपने-अपने प्रतीक चिन्ह के साथ शामिल हुए। जतरा में सबसे पहले लुंडरी पड़हा के खोड़हा शामिल हुए। जतरा में पुरियो, मुड़मा, चान्हो, नगड़ी, लापुंग, मलटोटी और मखमंदरो के किसान 20 लाख रुपये की ईख बेचने पहुंचे थे। आदिवासी समाज में माप -तौल करने वाले सामान पइला और पवा 180-280 रुपये में बिक रहे थे। जतरा में ढोल, नगाड़ा, मांदर मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे। जतरा में मनचलों से निबटने के लिए मांडर थाना प्रभारी बिनय कुमार यादव ने युवाओं को विशेष ट्रेनिंग दी थी। इन युवाओं द्वारा विभिन्न गांव से आने वाले खोड़हा को मुख्य गेट से शक्ति खूंटा तक शांतिपूर्वक लाया गया। बिहार के एसी एसटी के पूर्व उपाध्यक्ष ललित भगत ने कहा कि यह मेला मुंडा व उरांव के लिए ऐतिहासिक है। आदिवासी अस्मिता से जुड़ा है। शक्ति पीठ को उरांव समाज ने स्वीकार किया है। इसे आगे बढ़ाने का संकल्प लेना होगा। आदिवासी संस्कृति को बचाने के लिए युवा पीढ़ी को आगे आना होगा।

# झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा केंद्र

## हेमंत ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

**PHOTON NEWS PLAMU :** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को पलामू के 5132 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। पलामू के मेदिनीनगर स्थित पुलिस लाइन मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। भ्रष्टाचार और जीएसटी के जाल में फंसाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है, लेकिन वे हार मानने वालों में से नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अभी बीजेपी को झारखंड की सत्ता से बेदखल किया है। अब पूरे राज्य से बाहर करने की तैयारी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को पलामू प्रमंडलीय रोजगार मेले में 5132 युवाओं को ऑफर लेटर वितरित किए। उन्होंने कहा कि जिस दिन से उनकी सरकार सत्ता में आई उसके अगले घंटे से ही सरकार गिराने की बात होने लगी लेकिन इस सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई भी दाग सिद्ध नहीं होगा और सरकार अपना कार्यकाल तो पूरा करेगी।

- पलामू में 5132 युवाओं को सीएम हेमंत सोरेन ने सौंपा नियुक्ति पत्र



### मंच पर जगह नहीं मिलने पर राजद नेताओं ने सीएम के समक्ष की नारेबाजी

पलामू जिले के पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला कार्यक्रम में मंच पर बैठने की व्यवस्था नहीं होने पर राजद नेताओं ने नाराजगी जाहिर की और विरोध दर्ज कराया। इस दौरान हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ने सीएम के समक्ष जमकर हंगामा किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंच पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता के अलावा विधायक रामचंद्र सिंह एवं बैद्यनाथ राम पर मंचासीन थे। इस बीच नेताओं का एक झोंका मंच पर चढ़ने एवं बैठने के लिए आगे बढ़ा तो मेला के लिए प्रतिनियुक्त पुलिस बल ने उसे रोक दिया, जिससे हंगामा हुआ।




# भारत ने लगाया जीत का चौका, जापान को हराया

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची में आयोजित झारखंड वूमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के चौथे दिन का आखिरी मुकाबला मेजबान भारत और जापान के बीच खेला गया। जिसमें भारत ने जीत का लय बरकरार रखते हुए लगातार चौथी जीत दर्ज की और जापान को 2-1 से मात देकर प्वाइंट टेबल में शीर्ष पर काबिज रही। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में प्रतियोगिता का 12वां मुकाबला भारत और जापान के बीच खेला गया। मैच की शुरूआत से ही दोनों टीम एक दूसरे पर हावी रही। मुकाबले का पहला हॉफ गोलरहित रहा। मैच के 31 वें मिनट में भारत ने पहला गोल कर 1-0 की बढ़त ली। नवनीत कौर ने जापान के डिफेंस को भेदकर शानदार फील्ड गोल किया। भारत लीड को ज्यादा देर तक बनाए नहीं रख पाई। मुकाबले के 37वें मिनट में जापान ने पेनाल्टी कॉर्नर हासिल कर उसे गोल में तब्दील किया। जापान के लिए काना उराटा ने गोल किया। मुकाबले का तीसरा क्वार्टर 1-1 की बराबरी पर खत्म हुआ। मुकाबले का अंतिम क्वार्टर रोमांचक रहा। 47वें मिनट में मिले पेनाल्टी कॉर्नर को भारत ने भुनाते हुए गोल कर लीड वापस हासिल की। दीपिका के गोल करते ही पूरे स्टेडियम में अलग ही उत्साह था।

### कोरिया ने थाइलैंड को 3-0 से हराया

चैंपियंस ट्रॉफी के चौथे दिन के पहले मुकाबले में कोरिया ने थाइलैंड को 3-0 से मात देकर पूरे अंक अर्जित किए। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम खेले जा रहे पहले मुकाबले में पहला क्वार्टर में कोरिया और थाइलैंड दोनों गोल नहीं कर पाई।

### चीन ने मलेशिया को 4-0 से दी मात

दूसरे मुकाबले में चाइना ने मलेशिया को 4-0 से हराकर पूरे अंक अर्जित किए। इसके साथ ही मलेशिया 4 मुकाबलों में 1 प्वाइंट के साथ अंतिम 4 की रेस से बाहर हो गयी है। चीन के साथ भारत, जापान और कोरिया की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गयी है।

### मुकेश अंबानी को फिर जान से मारने की धमकी अब मांगे 400 करोड़

**NEW DELHI :** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी को तीसरी बार जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने ई-मेल भेजकर इस बार उनसे 400 करोड़ रुपये मांगे हैं। धमकियों के मद्देनजर मुंबई पुलिस ने मुकेश अंबानी के दक्षिण मुंबई स्थित आवास एंटीलिया की सुरक्षा बढ़ा दी। तीसरे ई-मेल में लिखा है, 'आपकी सुरक्षा कितनी भी अच्छी क्यों न हो, हम फिर भी आपको मार सकते हैं।' मुकेश अंबानी से पहली बार ई-मेल भेजकर 20 करोड़ रुपये और दूसरी बार 200 करोड़ रुपये मांगे गए थे।बीते साल भी मुकेश अंबानी और उनके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस संबंध में मुंबई पुलिस ने कॉल करके धमकी देने के आरोप में बिहार के दरभंगा से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

# ट्रेन की चपेट में आने से दो महिलाओं समेत 3 की मौत, 6 की हालत गंभीर

## हजारीबाग जिले के चरही थाना क्षेत्र की घटना, मुआवजा की मांग

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** हजारीबाग जिले के चरही थाना क्षेत्र के सरबाहा टोला दलदलिया के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला व एक पुरुष की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि इलाज के दौरान एक महिला की अस्पताल में मौत हो गयी। एक पुरुष और पांच अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतकों में रमेश गंझू पिता बनुवारी गंझू, झनिया देवी पति जगदेव महतो, द्रौपदी देवी पति परमेश्वर महतो शामिल हैं। ट्रेन हादसे में हुए घायलों में सुनीता देवी, सावित्री देवी, करण कुमार, लालो देवी, अंजू देवी, सुबासो देवी शामिल हैं। हादसे को लेकर शोक की लहर है। गांव का माहौल गमगीन हो गया है। ग्रामीणों ने रेलवे प्रबंधन से मुआवजा व आश्रितों के लिए नौकरी की मांग की है। इस हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली।



घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल करती पुलिस।

### गांव में पसरा मातम

एक ही गांव के तीन लोगों के शव आने से सरबाहा गांव में माहौल गमगीन है। पूरे गांव में मातम पसरा है। सरबाहा, कसियाडीह व आसपास के गांवों में गमगीन माहौल है। सरबाहा गांव के घरों में चूल्हे नहीं जले। कोई घायलों के इलाज के लिए अस्पताल दौड़ रहा है तो कोई मृतक के परिजनों को सांत्वना दे रहे है। आपको बता दें कि 30 अक्टूबर को ग्राम सरबाहा टोला कासियाडीह निवासी विजय हेम्ब्रोम की पुत्री शिला अंजली हेम्ब्रोम (27 वर्ष) की मौत हजारीबाग-बड़कागांव मुख्य पथ के ओदरना पुल के पास सड़क दुर्घटना में हो गई थी। पैसेंजर ट्रेन कोडरमा एक्सप्रेस स्पेशल (03372) की चपेट में आने से मृत रमेश गंझू, झनिया देवी, द्रौपदी देवी के परिजनों ने रेलवे प्रबंधन से मृतकों के आश्रितों के लिए मुआवजा और नौकरी की मांग की है।

# दारोगा रूपा तिर्की मौत केस का ट्रायल होगा शुरू

**CRIME REPORTER RANCHI :** साहिबगंज की दिवंगत महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की की आत्महत्या के आरोपी दारोगा शिव कुमार कनौजिया की क्रिमिनल रिवीजन पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। अपनी याचिका में उन्होंने यह आग्रह किया था कि पुलिस ने इस केस में जो चार्जशीट दाखिल की है, उसे स्वीकार नहीं किया जाए। बल्कि सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए। सुनवाई के दौरान अदालत ने ट्रायल पर लगी रोक हटाते हुए शिव कुमार कनौजिया की याचिका निष्पादित कर दिया। हाईकोर्ट के आदेश पर रूपा तिर्की की मौत के केस का ट्रायल रुका हुआ था। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। शिव कुमार की ओर से अधिवक्ता रोहितस्य रॉय और विभोर मयंक ने बहस की। इस केस में साहिबगंज जिले के बोरियो थाना में मामला दर्ज किया गया है।

# पूजा सिंघल की जेल में ही बीतेगी दिवाली और छठ, नहीं मिली बेल

## सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई, जमानत का ईडी ने किया पुरजोर विरोध

**CRIME REPORTER RANCHI :** मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपी निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। पूजा सिंघल की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने अपना पक्ष रखा। वहीं ईडी की ओर से एएसजी (असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल) एस वी राजू ने बहस की। अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने कोर्ट से पूजा सिंघल को बेल देने का आग्रह किया। जिसका ईडी के अधिवक्ता ने पुरजोर विरोध किया। इसके बाद न्यायाधीश जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 1 दिसंबर की तिथि निर्धारित की। यह जानकारी सुप्रीम कोर्ट में पूजा सिंघल की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता ने दी। बता दें कि पूजा सिंघल ने 12 अप्रैल को 2023 को रांची ईडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर किया था। तब से वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं।



## मेरी माटी, मेरा देश अमृत कलश यात्रा का समापन, प्रधानमंत्री ने माई भारत पोर्टल किया लॉन्च

# देशभर से लाई मिट्टी सिद्धि के लिए प्रेरित करेगी : मोदी

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली के कर्तव्य-पथ (विजय चौक) पर मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर कर्तव्य पथ एक ऐतिहासिक महायज्ञ का साक्षी बन रहा है। इस दौरान उन्होंने देशभर से लाई गई मिट्टी को भारत कलश में डालकर तिलक लगाया और वीरों और वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि दी। पीएम ने माय भारत पोर्टल भी लॉन्च किया। इससे पहले, पीएम ने इस यात्रा की एक डिजिटल प्रदर्शनी भी देखी। देशभर के गांवों से साढ़े आठ हजार अमृत कलशों में मिट्टी भरकर दिल्ली लाई गई है। इसे कर्तव्य पथ के पास रखे भारत कलश में इकट्ठा किया गया है। पीएम ने का कि ये मिट्टी हमें विकसित भारत की सिद्धि और परिश्रम के लिए प्रेरित करती रहेगी। आज हम संकल्प लेते हैं कि जन-जन का जाकर जगाएंगे। सौगंध मुझे इस मिट्टी की, हम भारत भव्य बनाएंगे।



### तुष्टीकरण की राजनीति, विकास में सबसे बड़ी बाधा

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर गुजरात के केवडिया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के नजदीत आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में कहा कि पिछले कई दशकों से यह देखा गया है कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोग आतंकवाद के प्रति भी आंखें मूंद लेते हैं और मानवता के दुश्मनों के साथ खड़े हो जाते हैं। उन्होंने ऐसी सोच के प्रति आगाह किया जो देश की एकता को खतरे में डालती है। वर्तमान और आगामी चुनावों के संदर्भ में, प्रधानमंत्री ने उस गुट के प्रति आगाह किया जो पूरी तरह से सकारात्मक राजनीति से रहित है और असामाजिक और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। मोदी ने कहा, हमें विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश की एकता को बनाए रखने के लिए अपने प्रयास हमेशा जारी रखने होंगे। हम जिस भी क्षेत्र में हों, हमें उसमें अपना 100 प्रतिशत देना होता है। आने वाली पीढ़ियों को बेहतर भविष्य देने का यही एकमात्र तरीका है।

### केरल-ब्लास्ट : छह बैग में पेट्रोल के साथ रखे थे विस्फोटक, खुलासा

**ERNAKULAM :** केरल के एनार्कुलम जिले के कलामासेरी में ईसाई धर्म की शाखा येहोवा की प्रार्थना सभा में तीन धमाके करने वाले आरोपी डोमिनिक मार्टिन ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। आरोपी मार्टिन के मुताबिक उसने विस्फोटकों के छह प्लास्टिक बैग तैयार किए थे। पेट्रोल से भरी बोतलें और कोच्चि से खरीदे गए 50 पटाखे भी बैग में रखे थे, ताकि तेज धमाके हों और आग लगे। हालांकि, उसने पुलिस की टिफिन बॉक्स थ्योरी को गलत बताया। 29 अक्टूबर को हुए इस ब्लास्ट में 3 की मौत हो गई थी, वहीं 41 लोग घायल हुए हैं। मार्टिन ने पुलिस को बताया कि उसने सोशल मीडिया से बम बनाना सीखा। थमन्नन में जहां वो किराए से रहता है, उस घर की छत पर बम का ट्रायल भी कर चुका था। आरोपी के सरेंडर करने के बाद पुलिस ने उससे 14 घंटे पूछताछ की।

# रघुवर ने ओडिशा के 26वें राज्यपाल के रूप में ली शपथ

## कहा- जनता के लिए 24 घंटे खुला रहेगा राजभवन




शपथ लेते रघुवर दास।

**PHOTON NEWS ODISHA :** रघुवर दास ने ओडिशा के 26वें राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण के बाद ओडिशा के नए राज्यपाल रघुवर दास ने कहा कि राज्य की गरीब जनता के लिए राजभवन का दरवाजा 24 घंटे खुला रहेगा। रघुवर दास ने कहा कि यह ईश्वर का आशीर्वाद ही है कि भगवान कृष्ण ओडिशा की इस भूमि पर सदियों से भगवान जगन्नाथ के रूप में विराजमान हैं। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि जगन्नाथ जी की इस पावन धरती पर राज्य की जनता की सेवा करने का मौका मिला। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रघुवर दास को 18 अक्टूबर को ओडिशा के नए राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया था। इससे पहले गणेशी लाल ओडिशा के राज्यपाल थे।

BRIEF NEWS

### लौह पुरुष की जयंती पर जिला प्रशासन ने निकाली पदयात्रा

**KHUNTI :** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को पदयात्रा निकाली गई। एसएस हाई स्कूल, खूंटी से प्रारंभ पदयात्रा वल्लभ भाई पटेल अमर रहे सहित अन्य नारों के साथ उर्सुलाइन कानवेंट स्कूल, खूंटी तक पहुंची। यहां से पुनः एसएस हाई स्कूल, खूंटी में आकर पदयात्रा का समापन का हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी।

### गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**PALAMU :** जिले के हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर एक स्थित रमेश राम के घर में रहने वाले किराएदार रामदीप कुमार राम की पत्नी प्रिया कुमारी (19) ने सोमवार की रात साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मृतका के पति ने इस घटना की सूचना हरिहरगंज थाना को दी। सूचना मिलते ही एसआई अनूप कुमार, रेणुका टुडू घटनास्थल पर पहुंचे और शव को मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का पति औरंगाबाद जिले के अंबा थाना अंतर्गत कसौटी गांव का रहने वाला है। वह लगभग एक वर्ष पहले प्रिया कुमारी से लव मैरिज किया था। साथ ही हरिहरगंज में किराया के मकान में रह कर मजदूरी करता है। सोमवार को देर से घर लौटने की बात पर पति-पत्नी में कहा सुनी हुई थी। इससे नाराज होकर पत्नी ने कमरा अंदर से बंद कर फांसी लगा ली। दरवाजा तोड़कर महिला के शव को फंदे से नीचे उतारा गया।

### दो साल से फरार एनडीपीएस एक्ट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**PALAMU :** तरहसी थाना पुलिस ने लगभग दो साल से फरार चल रहे एनडीपीएस एक्ट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में अरुण यादव, हरकेश यादव, गुड्डू उर्फ रामजीत सिंह शामिल हैं। तीनों गोइंदी के निवासी हैं। मंगलवार को सभी को जेल भेज दिया गया। तरहसी पुलिस ने बताया कि ये लोग फॉरेस्ट की दो एकड़ जमीन पर अवैध रूप से पोस्ता की खेती वर्ष 2021 में की थी। कुल सात लोगों ने मिलकर खुद से खेती की थी। मामला सामने आने पर कांड संख्या 11/2021 दिनांक 02.02.2021 धारा 8बी/18 एनडीपीएस एक्ट एवं 33 वन अधिनियम के तहत सात लोगों के खिलाफ थाना में मामला को दर्ज कराया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। चार इस मामले में अभी भी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

### एटक ने मनाया 104वां स्थापना दिवस

**GODDA :** जिले के ललमटिया स्थित एटक कार्यालय में ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) का 104 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर संगठन के झंडा लहराये। स्थापना दिवस पर जानकारी देते हुए संगठन के प्रमुख नेता रामजी साह ने कहा कि 1920 में स्थापित यह संगठन लगातार श्रमिकों के हित में काम करता रहा है। उन्होंने संगठन को और मजबूत करने की आह्वान किया। इस अवसर पर संगठन के प्रमुख कार्यकर्ताओं में सोनाराम मड़ैया, बाबूलाल किस्कू, गुरु प्रसाद हाजरा, राम सुंदर महतो, शंकर गुप्ता, फारूक अंसारी, प्रमिला बेसरा सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लोहरदगा में रन फॉर यूनिटी में उमड़ी युवाओं की भीड़

**LOHARDAGA :** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस पर मंगलवार को समाहरणालय परिसर लोहरदगा से बड़ा तालाब तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से किया गया। इस दौड़ की शुरूआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर की। यह दौड़ समाहरणालय परिसर लोहरदगा से प्रारंभ हुई जो मैना बगीचा, बाबा मठ, पावरगंज, सोमवार बाजार होते हुए बड़ा तालाब के पास संपन्न हुई। बड़ा तालाब के पास अनुमण्डल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश्वर प्रसाद समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

# गुमला : अलग-अलग इलाकों में तीन लोगों ने की आत्महत्या

## दो युवक व एक अधेड़ शामिल, जांच में जुटी पुलिस



**PHOTON NEWS GUMLA :** गुमला में तीन लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसमें दो युवक व एक अधेड़ शामिल हैं। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। तीनों मामले में थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार पालकोट में धरमचंद खड़िया (21 वर्ष), घाघरा में अमित टोप्पो (27 वर्ष) व चैनपुर में विजय टोप्पो (50 वर्ष) ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। तीनों मामले में मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**चैनपुर में टेन्ट हाउस संचालक ने की आत्महत्या :** चैनपुर मुख्यालय के पीपल चौक के समीप टेंट हाउस संचालक विजय टोप्पो (50 वर्ष) ने अपने कमरे में पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार देर रात की है। परिजनों ने बताया कि विजय की मानसिक स्थिति थोड़ी ठीक नहीं थी। विजय शाम में दुकान से जल्दी घर आकर सो गया था। जब उसकी पत्नी ने उसे खाना खाने के लिए दरवाजा खोलने के लिए कहा तो उसने दरवाजा नहीं खोला। वह अक्सर ऐसा ही करता था। भूख लगने पर वह खुद आवाज देकर पत्नी से खाना मांग कर खा लेता था। सोमवार को भी उसने दरवाजे नहीं खोला। परिवार के लोगों ने समझा कि वह सो रहा होगा। जब भूख लगेगी तो वह उठ कर आवाज देगा। जब सुबह में भी दरवाजा बंद पाया गया तो खिड़की से देखने पर पता चला कि उसने पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इधर, घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर थाना की पुलिस मौके पर पंहुची और शव का पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन में जुटी है।

### पालकोट में युवक ने पेड़ में लगायी फांसी

गुमला जिले के पालकोट थाना क्षेत्र की डहूपानी पंचायत के लोटवा गांव निवासी धरमचंद खड़िया (21 वर्ष) ने अपने घर के समीप सोमवार की रात्रि सखुआ पेड़ की डाली के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटना की जानकारी होने पर मंगलवार की सुबह शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भिजवाया। मृतक के पिता गौतम खड़िया ने बताया कि जब मैं सुबह उठा तो अपने बेटे को घर से गायब पाया। इसके बाद उसे खोजने के क्रम में घर से कुछ दूरी पर सखुआ के पेड़ में उसे फांसी के सहारे लटका हुआ पाया। उसने किस कारण से आत्महत्या की। इसकी जानकारी मुझे नहीं है।

### घाघरा में युवक ने फंदे से झूलकर दी जान

गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के शिवसेरेंग गांव में अमित टोप्पो (27 वर्ष) ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना घाघरा पुलिस को मंगलवार की सुबह दी गयी। इसके बाद पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार अमित टोप्पो देर शाम मेला से लौटा और खाना पीना खाकर अपने रूम में सोने चला गया। बगल रूम की छप्पर में साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। परिजनों ने सुबह उठकर देखा, तो अमित फांसी पर लटका हुआ था।

## एक्शन प्लान को लेकर बैठक का आयोजन

# उलिहातू को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जायेगा : उपायुक्त



बैठक में शामिल उपायुक्त लोकेश मिश्र व अन्य। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI :** भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू स्थित बिरसा ओडाः के प्रांगण में मंगलवार को उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में उलिहातू एक्शन प्लान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

मौके पर उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों द्वारा क्रियान्वित कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उलिहातू के समग्र विकास को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने कहा कि उलिहातू के विकास को लेकर एक्शन प्लान के तहत सभी विभाग के अधिकारी अपने स्तर से कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू को पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सिंचाई, पेयजल, बिजली, रोड कनेक्टिविटी, आंगनबाड़ी केंद्र, पर्यटन विकास सहित विकास के आवश्यक अन्य मानकों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों का निर्देश दिया कि विकास के सभी मानकों में उत्तरोत्तर सुधार करते हुए उलिहातू के समग्र विकास को सुनिश्चित करें।

उन्होंने आपूर्ति विभाग के संबंधित अधिकारी को उज्ज्वला योजना के तहत सभी परिवारों को गैस का कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घरों तक पाइप लाइन कनेक्शन द्वारा पेयजल की व्यवस्था को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सिंचाई एवं सड़क निर्माण कार्यों को लेकर चर्चा के दौरान संबंधित अधिकारियों से कार्य योजना के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिया गया।

# व्यवसाय से जुड़े नियोजकों को दी गई श्रम अधिनियमों की जानकारी



कार्यक्रम में उपसिति बबन कुमार सिंह व अन्य। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI :** श्रम अधीक्षक कार्यालय खूंटी के सभागार में मंगलवार को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत विभिन्न श्रम अधिनियमों से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में श्रम अधीक्षक बबन कुमार सिंह ने जिले के विभिन्न व्यवसाय से नियोजकों और उनके प्रतिनिधियों को विभिन्न श्रम अधिनियमों की जानकारी दी। बताया गया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार उपकर अधिनियम के तहत सभी तरह के निर्माण कार्यों में लागत का एक प्रतिशत उपकर राशि के रूप में जमा किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम अन्तर्गत निबंधन कराये जाने की जानकारी भी दी। झारखंड दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम के अंतर्गत प्रतिष्ठानों में कार्य करने वाले कामगारों को प्रपत्र-12ए में सेवा कार्ड दिया जाना सुनिश्चित किए जाने की जानकारी देते हुए प्रपत्र उपलब्ध कराया गया।

इसके साथ ही न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अंतर्गत प्रतिष्ठानों को अपने परिसर में सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की सूचना का डिसप्ले करने एवं सभी कर्मियों को निश्चित रूप से न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने की जानकारी दी गई।

# धर्म-संस्कृति और जल-जंगल-जमीन को बचाना है, तो झामुमो को मजबूत करें : जुबैर अहमद



कार्यक्रम को संबोधित करते जुबैर अहमद। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI :** खूंटी जिला बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष और झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से कई कल्याणकारी योजनाएं गांवों और गरीबों के लिए चलाई जा रही हैं। झामुमो कार्यकताओं और बीस सूत्री के अधिकारियों की जिम्मेवारी है कि जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं।

जुबैर अहमद मंगलवार को तोरपा में आयोजित तोरपा विधानसभा स्तरीय बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। बैठक में तोरपा, कर्रा, रनिया और बानो प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए यदि हमें अपने सरना, ससनदीरी, मसना, धर्म-संस्कृति और जल-जंगल और जमीन को बचाना है, तो हमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के हाथों को मजबूत करना होगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमें तोरपाा विधानसभा सीट से झामुमो को विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 15 नवंबर से एक बार फिर सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। कोई भी व्यक्ति वहां जाकर आवास, पेंशन आदि के लिए आवेदन दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई को हटाने के लिए हमें केंद्र से भाजपा को हटाना होगा।

**जानकारी के अभाव में योजना का लाभ नहीं ले पातेः सुदीप गुड़िया**

झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य और तोरपा विधानसभा सीट से पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सदीप गुड़िया ने कहा कि राज्य कहा हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी नहीं होने के कारण गांव के लोग इनका लाभ नहीं ले पाते। उन्होंने कहा कि बीस सूत्री कार्यालय या प्रखंड कार्यालय से योजनाओं की जानकारी लें और उनका लाभ उठायें।

# भाजयुमो ने फूंका सीएम हेमंत सोरेन का पुतला



मुख्यमंत्री का पुतला दहन करते भाजयुमो के कार्यकर्ता। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS PALAMU :** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को असफल सरकार का मुखिया बताकर मंगलवार की शाम छहमुहान पर पुतला दहन किया। पुतला फूंकते हुए भाजयुमो जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय ने कहा कि विगत 2 दिन पहले जेएससीसी द्वारा विभिन्न पदों हेतु आयोजित परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली की गई। इसे लेकर राज्य भर के प्रतियोगी छात्रों में काफी रोष व्याप्त है। युवा मोर्चा राज्य के युवाओं की आवाज बनकर निकम्मी युवा विरोधी सोरेन सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेगी।

मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि अन्य राज्यों में पूर्व से ही काम कर रहे लोगों को नियुक्ति पत्र देने के लिए बेवजह परेशान कर भोली भाली जनता की आंखों में धूल झोंकने का कार्य कर रही है हेमंत सरकार। पूर्व में भी भाजपा के मुख्यमंत्री का आगमन पलामू में हुआ है, लेकिन हेमंत सोरेन के आगमन पर सारे स्कूल-कॉलेजों को बंद कराकर उनकी स्कूल बसों को संख्या लाने में लगाया गया है और स्कूली बच्चों को राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल करके अपनी वाहवाही बटोरी जा रही है।

## पटेल डीएवी पब्लिक स्कूल में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# साइंस और आर्ट एग्जिबिशन लगाकर बच्चों ने लौहपुरुष को दी श्रद्धांजलि



एग्जिबिशन में शामिल बच्चे। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** एक और पूरी दुनिया लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रही थी, वहीं दूसरी ओर रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के एक विद्यालय में बच्चों ने साइंस एंड आर्ट एग्जिबिशन लगाकर लोह पुरुष को श्रद्धांजलि अर्पित की। बच्चों ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि जिस प्रकार से राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपना पूरा जीवन समर्पित किया है, उसी तरह से देश का भविष्य तय करने वाले बच्चे इस मानसिकता के साथ देश को दुनिया के पटल पर सबसे आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हैं। पटेल डीएवी पब्लिक स्कूल गोबरदरहा में बच्चों ने रॉकेट, चंद्रयान-3, सौरमंडल, मानव शरीर की आंतरिक संरचना, वायु प्रदूषण नियंत्रण, जल संरक्षण सहित सैकड़ो विषयों पर मॉडल बनाकर प्रस्तुत किए थे। बच्चों का यह मॉडल देखकर हर कोई मंत्र मुक्त हो गया।

### पुष्प अर्पित कर अतिथियों ने एग्जीबिशन की शुरूआत की

इस एग्जीबिशन की शुरूआत अतिथियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की। इस दौरान वार्ड 27 के पार्षद रोशन कुमार, स्कूल के अध्यक्ष मुरलीधर कोठारी, निदेशक अनूपा देवी, प्राचार्य पन्नालाल महतो ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। एग्जीबिशन में आए अतिथियों ने पूरे एग्जिबिशन को देखा और बच्चों की अद्भुत कला को काफी सराहा।

# डीसी ने दिलाई देश सेवा और सद्भावना की शपथ



कार्यक्रम में शपथ दिलाते उपायुक्त। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 178वीं जयंती को रामगढ़ पुलिस प्रशासन ने राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन ने परेड मार्च पास्ट का आयोजन किया। सुभाष चौक से आयोजित मार्च पास्ट मेन रोड, थाना चौक होते हुए पुलिस लाइन पहुंची।

पुलिस लाइन में डीसी चंदन कुमार की मौजूदगी में परेड का आयोजन हुआ। इस दौरान डीसी चंदन कुमार ने पुलिस पदाधिकारियों, स्काउट एंड गाइड के कैडेट, एनसीसी कैडेट्स, स्कूली छात्र-छात्राओं को देश सेवा और सद्भावना की शपथ दिलाई। इस परेड मार्च पास्ट में रामगढ़ पुलिस की चार टुकड़ियां, एनसीसी बैंड, गांधी स्मारक प्लस टू हाई स्कूल के बच्चे, स्काउट एंड गाइड कैडेट, कस्तूरबा गांधी विद्यालय का बैगपाइपर बैंड आदि शामिल थे।

इस अवसर पर एनडीसी रविंद्र कुमार गुप्ता, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, डीएसपी हेडक्वार्टर संजीव कुमार मिश्रा, प्रशिक्षु डीएसपी फैजल अहमद, शार्जेंट मेजर मंटू यादव, रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार, मेजर किशोर कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## गोड्डा के विस्थापितों के बीच विद्यालय के लिए हुई खींचतान

# विद्यालय शिफ्टिंग मुद्दे में दो समुदाय आमने-सामने



**PHOTON NEWS GODDA :** जिले में स्थित ईसीएल की राजमहल परियोजना के विस्थापन कार्य के तहत विद्यालय शिफ्टिंग के मुद्दे पर स्थानीय दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए हैं। मामला बसडीहा गांव से जुड़ा हुआ है। इस गांव का पुनर्वास एक किलोमीटर के दायरे में तीन जगहों पर कराया गया है लेकिन हर जगह विद्यालय उपलब्ध नहीं है। यही कारण है कि एक ही सरकारी विद्यालय को अपने-अपने पुनर्वास स्थल पर ले जाने के लिए दोनों समुदायों में होड़ लगी है।

खदान क्षेत्र से बिल्कुल सेट होने के कारण विद्यालय का शिफ्टिंग करना अनिवार्य हो गया था। अनुमंडल पदाधिकारी ने इसे अन्यत्र शिफ्ट करने की अनुशंसा की थी लेकिन उपायुक्त ने विद्यालय बसडीहा को पुनर्वास स्थल लोहंडिया से हिजुकिता पुनर्वास स्थल में शिफ्ट करने का आदेश दिया। इसके बाद विद्यालय की शिफ्टिंग को लेकर दोनों समुदाय के लोग आपस में आमने-सामने आ गए और काफी बवाल मचा। एक समुदाय डकैता पुनर्वास स्थल में विद्यालय को ले जाने की मांग कर रहा था जबकि दुसरे समुदाय ने प्रशासन का सहयोग लेकर विद्यालय का सारा सामान हिजुकिता लेकर चले गए।

थाना प्रभारी ललमटिया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह ने पहले समुदाय के लोगों को आश्वासन दिया है कि डकैता पुनर्वास स्थल में भी विद्यालय खुलवाया जाएगा। साथ ही बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में विद्यालय के लिए बैठक भी रखी गई है।

# युवा कांग्रेस ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**PHOTON NEWS RANCHI :** युवा कांग्रेस ने आज पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा गांधी एवं लौह पुरुष स्वर्गीय वल्लभभाई पटेल के जयंती पर युवा कांग्रेस महासचिव एवं रांची विधानसभा के प्रभारी रोहित सिन्हा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

रोहित ने कहा कि देश दोनों विभूतियों के योगदान और बलिदान को नहीं भूल सकता। श्रीमती गांधी ने विश्व में भारत का नाम रोशन किया और भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने कहा कि शहीदी दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि देश विविधता में एकता चाहता है। भारतीय राजनीति में उनके निर्णयों को मिसाल के तौर पर देखा जाता है। आज भी कई युवा इंदिरा गांधी को अपना आदर्श मानते हैं। मजदूरों के हित में व्यापक कार्य किये गये और देश की प्रगति में किसानों को सर्वोपरि रखा गया। इस अवसर पर रांची विधानसभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष माइकल मिंज ने रक्तदान शिविर में भाग ले रहे लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि आपका रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के काम आ सकता है।

मौके पर नीरज कुमार, प्रदीप, कृष्णा, कुंदन, कमलेश, अखिलेश, सूरज, पप्पू, प्रकाश, प्रदीप, चंदन आदि लोगों ने रक्तदान किया।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Wednesday, 01 November 2023

# चाईबासा मनरेगा घोटाला मामले में ED को STATUS REPORT दाखिल करने का निर्देश

## ईडी ने हाईकोर्ट को बताया- एक ईसीआईआर केस किया गया है दर्ज, अनुसंधान जारी




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट को चाईबासा में मनरेगा घोटाले मामले में दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान ईडी ने बताया कि मामले में ईडी ने एक ईसीआईआर केस दर्ज किया गया है, जिसका अनुसंधान जारी है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को चार सप्ताह में ईडी को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

चाईबासा में मनरेगा घोटाला कि सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पैरवी की। वही याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। इससे पहले महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज 14 केस में से 13 केस में आरोप पत्र दाखिल हो चुके हैं। ईडी की ओर से जो दस्तावेज मांगे गए थे उसे राज्य सरकार ने उपलब्ध करा दिया है। जनहित याचिका में याचिकाकर्ता का जो आग्रह था, वह पूरा हो चुका है। इसलिए याचिका निष्पादित की जाए। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 12 दिसंबर निर्धारित की है। याचिकाकर्ता ने मनरेगा घोटाला में चाईबासा के तत्काल डीसी के श्रीनिवासन की भूमिका पर सवाल उठाया है, जिस पर कोर्ट ने कहा कि ईडी इस मामले की जांच कर रही है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि यदि ईडी चाईबासा में मनरेगा घोटाले मामले के अनुसंधान से संबंधित दस्तावेज की प्रतिलिपि की मांग करती है तो उसे उपलब्ध कराए। उस समय ईडी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि मामले में कई केस में एंटी करप्शन ब्यूरो( एसीबी ) ने आरोप पत्र दिए दाखिल कर दिया है लेकिन आरोप पत्र की प्रतिलिपि मांगे जाने पर राज्य सरकार द्वारा ईडी को मुहैया नहीं कराया जा रहा है, जिस पर कोर्ट ने सरकार को ईडी द्वारा मांगे जाने वाले दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था।

### BRIEF NEWS

#### युवती ने की आत्महत्या

**RANCHI :** बीआइटी इलाके में रहने वाली युवती रूपा कुमारी ने सोमवार को फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजनों के हवाले कर दिया। पुलिस का कहना है कि रूपा एसआइएस सिक्यूरिटी एजेंसी में काम करती थी। सोमवार को घर के सभी लोग खेत में काम करने चले गए थे। इसी दौरान रूपा फंदे पर लटक गई। रूपा ने आत्महत्या क्यों की इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। घरवाले भी कुछ बता नहीं पा रहे हैं। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में यूडी के तहत केस हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

#### मदरसे के बच्चों को मिला कंबल

**RANCHI :** मदरसे के बच्चों के बीच समाजसेवी हाफिज मिकाईल के द्वारा मंगलवार को कंबल का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि रांची में अभी ठंड की शुरूआत है। ठंड से बचने के लिए पहले ही कंबल दे दिया गया है ताकि बच्चों को ठंड में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। कंबल वितरण का कार्यक्रम मेरी आवाज मेरी पहचान के द्वारा हिन्दपीढ़ी स्थित मदरसा रहमानिया के बच्चों को दिया गया। इस अवसर पर अभिनेता देवेश खान ने हाफिज मिकाईल के कामों की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह बच्चों को अच्छी शिक्षा दे रहे हैं। हाफिज मिकाईल ने मेरी आवाज मेरी पहचान के सभी पदाधिकारी का स्वागत किया और अच्छे कामों को सराहना किया। समाजसेवी बुलंद अख्तर ने बच्चों से कहा कि बच्चों किस्मत से नहीं मेहनत से कामयाबी मिलती है। शिक्षा से ही तरक्की मुमकिन है।

#### ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान, 249 वाहनों से वसूला गया जुर्माना

**RANCHI :** ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को शहर के अलग अलग इलाकों में विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने 225 गलत पार्किंग, 6 ट्रैफिक सिग्नल उल्लंघन तथा नो एंट्री क्षेत्र में खडी 18 वाहनों को पकड़ा गया। सभी वाहन चालकों से जुमार्ना वसूला गया इसके बाद उनकी गाड़ी छोड़ी गई। पुलिस का कहना है कि अगले एक सप्ताह तक इसी प्रकार से गलत पार्किंग, सिग्नल उल्लंघन तथा नो एंट्री में गाड़ी परिचालन करने वाले चालकों के विरुद्ध अलग-अलग समय में विशेष अभियान चलाकर चालान काटा जाएगा।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

#### रजिस्ट्रार को जवाब दाखिल करने का निर्देश

## प्रार्थी को नकल की कॉपी क्यों नहीं दी गई : HC

**RANCHI :** रिटायर्ड आईएएस की पत्नी और निलंबित भाजपा नेता सीमा पात्रा की क्रिमिनल रिट पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने रांची सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार से यह जानकारी मांगी है कि चार्जशीट पर ट्रायल कोर्ट द्वारा लिए गए संज्ञान की नकल प्रार्थी को क्यों नहीं दी गई। अदालत ने इस संबंध में सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार को शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। झारखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार को इस आदेश की कॉपी रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त को देने का निर्देश दिया गया है। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। अदालत अब इस मामले में 6 नवंबर को सुनवाई करेगी। बता दें कि 31 अगस्त को सीमा पात्रा को गिरफ्तार किया गया था। उन पर आदिवासी युवती की प्रताड़ना का आरोप है। दरअसल, अशोक नगर स्थित रोड नंबर एक में रहने वाली बीजेपी नेत्री सीमा पात्रा के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 325, 346 और 374 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन पर अपने आवास पर लंबे समय से एक युवती को बंधक बनाकर रखने का आरोप है। जिसे पुलिस ने मुक्त कराया था। हाईकोर्ट में दाखिल क्रिमिनल रिट में उन्होंने अपने ऊपर दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है। उनकी ओर से अधिवक्ता राखी रानी पक्ष रख रही हैं। वहीं इस केस के सूचक और पीड़िता की ओर से अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन पक्ष रख रहे हैं।

## नक्शा स्वीकृति मामले में आरआरडीए और रांची नगर निगम से मांगा ब्योरा

#### नगर निकायों में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर सुनवाई




**RANCHI :** राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से मौखिक रूप से कोर्ट को बताया गया कि इस वर्ष 2 अगस्त से अक्टूबर माह तक 6000 नक्शा स्वीकृति के लिए के लिए आवेदन आए जिसमें से करीब 5000 नक्शा आवेदन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इस पर कोर्ट ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि रांची निगम एवं आरआरडीए में कर्मियों की कमी है, ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में नक्शा के आवेदन कैसे स्वीकृत हो गए। कोर्ट ने रांची नगर निगम एवं आरआरडीए को अगली सुनवाई के पूर्व शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि नक्शा स्वीकृत पर हाई कोर्ट की लगी रोक हटाने के बाद से रांची नगर निगम एवं आरआरडीए में नक्शा स्वीकृत के लिए कितने आवेदन आए, इनमे से कितने आवेदन स्वीकृत हुए और अब तक नक्शा स्वीकृत के लिए आए कितने आवेदन अबतक लंबित है कोर्ट ने इसका पूरा विस्तृत विवरण रांची नगर निगम और आरआरडीए से मांगा है। अगली सुनवाई 8 नवंबर को होगी। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन सहदेव ने पैरवी की। वही आरआरडीए की ओर से अधिवक्ता प्रशांत कुमार सिंह ने पैरवी की। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। बता दें कि इससे संबंधित खबर रांची के स्थानीय समाचार पत्र में छपी थी, जिस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इस मामले को एलपीए 132 / 2012 के साथ टैग करने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि 20-30 रुपए प्रति वर्ग फीट चढ़ावा, तब पास होता है नक्शा बीबी वर्ग फीट तक चढ़ावा देकर नक्शा की स्वीकृति प्राप्त किया जाता है। नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के हर चरण पर चढ़ावे की रकम फिक्स कर दी गई है।

## HC में आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में NIA की बहस पूरी

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपित आधुनिक पावर कंपनी की तत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल और अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की चार्जफ्रेम एवं डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के दौरान एनआईए की बहस पूरी हो गई। महेश अग्रवाल ने एनआईए के जवाब पर प्रति उत्तर दिया है। अब छह नवंबर को एनआईए के जवाब पर अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल का पक्ष रखा जाएगा। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की पैरवी सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता विकास पहवा, हाई कोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अधिवक्ता ऋषभ कुमार ने की। रांची की उल्लेखनीय है कि एनआईए कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में महेश अग्रवाल और अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने उन पर चार्जफ्रेम कर दिया है, जिसे उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

## सिविल कोर्ट के पेशकार के खिलाफ रजिस्ट्रार से कंप्लेन

**RANCHI :** कांके थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर बीरेन्द्र कुमार मेहता ने रांची सिविल कोर्ट के पेशकार विकास कुमार पर बदतमीजी करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में मंगलवार को सब इंस्पेक्टर ने लिखित शिकायत सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार से की है। सब इंस्पेक्टर बीरेन्द्र कुमार मेहता ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह ड्यूटी के दौरान रात्रि गश्ती पर थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि एक गाड़ी कांके के लाली के समीप डिवाइडर पर चढ़ गई है। चालक को रूकने के लिए कहा तो कार लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर कार को रुकवाया। कार में एक युवक और दो युवतियां सवार थी। चालक नशे की हालत में था। पुलिस कार के पास पहुंची कार चला रहे युवक विकास कुमार गश्ती में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ उलझ गया।

## ADG & IG समेत 16 पुलिसकर्मी 'केंद्रीय गृह मंत्री विशेष अभियान पदक' से सम्मानित

#### नक्सल के खिलाफ कार्रवाई को लेकर किए गए पुरस्कृत





**PHOTON NEWS RANCHI :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को झारखंड पुलिस के 16 अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को 'केंद्रीय गृह मंत्री विशेष अभियान पदक' से सम्मानित किया है। इन 16 अधिकारियों और कर्मियों को वर्ष-2023 में विशेष अभियानों (नक्सल के खिलाफ कार्रवाई) को लेकर सरदार पटेल की जयंती पर सम्मानित किया गया। सम्मानित पुलिस अधिकारियों और कर्मियों में एडीजी अभियान संजय आनंद राव लाठकर, आईजी अभियान एवी होमकर, आईजी राजकुमार लकड़ा, डीआईजी अनूप बिरथरे, एसपी अंजनी कुमार झा, एसपी शिवानी तिवारी, एसपी अंजनी अंजन, असिस्टेंट कमांडेंट कमलेश कुमार, इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, एसआई गौतम कुमार, एसआई जमील अंसारी, एसआई मनोहर राम, सेकेंड इन कमांड विवेकानंद सिंह, हवलदार राज कुमार उरांव, कांस्टेबल रतन कुमार यादव और कांस्टेबल विष्णु शंकर शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि 23 जुलाई, 2018 को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 'केंद्रीय गृह मंत्री विशेष अभियान पदक' की शुरूआत की थी। ये पदक पूरे भारत में राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) पुलिस बलों, केंद्रीय पुलिस संगठनों (सीपीओ), केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और सुरक्षा संगठनों को प्रदान किया जाता है।सुरक्षा बलों को आतंकवाद, सीमा कार्रवाई, हथियार नियंत्रण, नशीले पदार्थों की तस्करी और नक्सल के खिलाफ कार्रवाई की रोकथाम और बचाव कार्यों जैसे क्षेत्रों में विशेष अभियानों के लिए यह पदक प्रदान किया जाता है।

#### रिम्स में डायलिसिस यूनिट, लाइब्रेरी, अपरेफरल उपचार केंद्र व वेटिंग एरिया का उद्घाटन

## मरीजों के परिजन का हाल समझें चिकित्सक छोटी बातों पर आंदोलन न करें : बन्ना गुप्ता



रिम्स में सेंट्रल लाइब्रेरी का उद्घाटन करने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता।

**PHOTON NEWS RANCHI :** रिम्स में मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने डायलिसिस सेंटर, अपरेफरल उपचार केंद्र, सेंट्रल लाइब्रेरी, येलो फीवर वैक्सीनेशन केंद्र और मरीजों के लिए वेटिंग एरिया का उद्घाटन किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि इन सेवाओं की शुरूआत से रिम्स की उन्नति और समृद्धि के मार्ग में एक और कड़ी जुड़ रही है। आयुष्मान और लाल कार्ड धारी के अलावा वंचित ग्रुप को भी लाभ देने का प्रयास किया गया है। साथ ही कहा कि डॉक्टरों को भगवान के दूसरे रूप में देखा जाता है। चिकित्सकों को मरीजों के परिजनों की परिस्थिति को समझना चाहिए। उलझने के बजाए समझने की जरूरत है। छोटी-छोटी बातों में आंदोलन बिल्कुल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिम्स में प्रवेश करते ही दोनों रोड के बीच में बने डिवाइडर को देखकर भूतिया बंगला लगता है। उसे जल्द ही सुधारने और बीच में लगी गुमटी तोड़कर हटाने का निर्देश दिया है। साथ ही बजबजाती नालियों को चार दिन के अंदर किसी भी हाल में साफ कराने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर उन्होंने खुद से नाले को साफ करने की बात कही। अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि डायलिसिस यूनिट का टेंडर लगभग डेढ़- दो साल पहले हो गया था। अब 25 बेड के साथ आरंभ किया गया है। 10 फीसदी जनता क्रोनिक किडनी की समस्या से जूझ रही है। एक फीसदी मरीजों को डायलिसिस की जरूरत पड़ती है। सदर अस्पतालों में पीपीपी मोड पर डायलिसिस की फैसिलिटी उपलब्ध कराई गया है। यूनीसेफ के गोल में मालन्यूट्रिशन के कारण बच्चों का ग्रोथ नहीं होता है, इसके लिए ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित किया गया है।

#### ओपीडी बेसिस पर मरीजों को डायलिसिस की सुविधा

डायलिसिस सेंटर में ओपीडी बेसिस पर मरीजों को डायलिसिस की सुविधा मिलेगी। आयुष्मान और कार्डधारी मरीजों को निशुल्क डायलिसिस की सुविधा मिलेगी। वहीं समान्य मरीजों का 1341 रुपए में डायलिसिस किया जाएगा। इसके अलावा 501 सीट के लाइब्रेरी की शुरूआत की गई है, जिसमें 92278 किताबें उपलब्ध हैं। वहीं अपरेफरल केंद्र में कुपोषित बच्चों का इलाज किया जाएगा। साथ ही मरीजों और परिजनों के लिए सीटिंग एरिया बनाया गया है, जिससे उन्हें बैठने के लिए इधर –उधर भटकना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा येलो फीवर वैक्सीनेशन सेंटर की भी शुरूआत की गई।

#### नवंबर में चौथे चरण का ई-ऑक्शन, स्क्रूटनी के बाद नीलाम होने वाले प्लॉटों की संख्या और घटेगी

## रांची स्मार्ट सिटी : 36 प्लॉट के लिए मिले सिर्फ 20 इन्वेस्टर



**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची स्मार्ट सिटी के चौथे चरण का ई-ऑक्शन नवंबर में छठ के बाद होगा। चिंता की बात यह है कि इस बार भी स्मार्ट सिटी में निवेश करने वाले इन्वेस्टर्स नहीं मिले हैं। 36 प्लॉट की नीलामी के लिए स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने सितंबर महीने में विज्ञापन निकाला था। 3 अक्टूबर तक इन्वेस्टर्स ने ई-ऑक्शन में शामिल होने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया। फिलहाल आये हुए आवेदनों की स्क्रूटनी हो रही है। नियम के मुताबिक हर प्लॉट के लिए कम से कम तीन निवेशकों का आना जरूरी है। जिस प्लॉट के लिए एक या दो निवेशक आये हैं, उन प्लॉटों की नीलामी नहीं होगी। खबरों के मुताबिक 20 प्लॉटों के लिए ही इन्वेस्टर्स आये हैं। ऐसे में स्क्रूटनी के बाद ई-ऑक्शन में लाये जाने वाले प्लॉटों की संख्या काफी घट सकती है। 2021 में 656 एकड़ जमीन पर डेवलप हो रही रांची स्मार्ट सिटी में कुल 51 प्लॉटों की नीलामी के लिए ऑक्शन शुरू हुआ था। मार्च 2021 में हुए पहले चरण के ऑक्शन में 51 में से 9 प्लॉटों की नीलामी हुई। इसके बाद अप्रैल 2022 तक हुए दूसरे और तीसरे चरण के ई ऑक्शन में सिर्फ एक-एक प्लॉट की नीलामी हुई। इसके बाद मास्टर प्लॉन में थोड़ा बदलाव करते हुए स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने सितंबर 2023 से फिर से नीलामी की प्रक्रिया शुरू की। रांची के इन्वेस्टर्स की दिलचस्पी नहीं दिखने के कारण कॉरपोरेशन ने धनबाद में इन्वेस्टर्स मीट आयोजित कर वहां के निवेशकों को आमंत्रित किया। इससे पहले दिल्ली में भी निवेशकों को आमंत्रित किया गया था। इसके बाद भी सभी प्लॉटों के लिए निवेशक नहीं मिल रहे। चौथे चरण के ई-ऑक्शन में 14 व्यासायिक प्लॉट नीलामी के लिए रखे गये हैं। इनकी दर 13.24 करोड़ रुपये प्रति एकड़ रखी गई है। वहीं मिक्स यूज के लिए 12 प्लॉट रखे गये हैं। इनकी रिजर्व प्राइस 10.14 करोड़ रुपये रखी गई है। शैक्षणिक और संस्थागत क्षेत्र के आठ प्लॉट हैं, जिसकी रिजर्व प्राइस प्रति एकड़ 2.07 करोड़ रुपये है। पब्लिक और सेमी पब्लिक श्रेणी में दो प्लॉट के लिए रिजर्व प्राइस 4.55 करोड़ रुपये रखी गई है। पहले के तीन चरण के ई-ऑक्शन में स्मार्ट सिटी में जमीन के रेट और बड़े प्लॉट होने के कारण निवेशक नहीं आए। सिर्फ आवासीय और मिक्स यूज के प्लॉट के लिए निवेशकों ने दिलचस्पी दिखाई। वहीं निवेशकों के नहीं आने के कारण स्मार्ट सिटी ने सरकार के दूसरे विभागों को जमीन देना शुरू कर दिया है।

### 15 दिन में साफ होगा कुल कितने निवेशक आये हैं : नंदक्योलियार

स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के जीएम राकेश नंदक्योलियार ने कहा कि 10 से 15 दिन में यह साफ होगा कि चौथे चरण के ई-ऑक्शन में कुल कितने निवेशक आये हैं। स्मार्ट सिटी की टीम आवेदनों का वेरिफिकेशन कर रही है। कमेटी की अनुशंसा के बाद ई-ऑक्शन की तारीख निर्धारित की जाएगी। उम्मीद है दीपावली और छठ के बाद चौथे चरण का ई-ऑक्शन हो सकता है।

### उपायुक्त ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर अधिकारियों के साथ ली शपथ

**RANCHI :** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को समाहरणालय में सभी पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली। इस दौरान सभी ने एक साथ कहा कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करुंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं । सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों की ओर से संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं। उपायुक्त ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जिनकी भारत के राजनीतिक एकीकरण में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए पूरा देश कृतज्ञ हैं। जब भारत आजाद हुआ था तब देश 550 से ज्यादा रियासतों में बंटा था। इन्हें भारत में मिलाने में सरदार पटेल ने सबसे अहम भूमिका निभाई।

## पुलिस मुख्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



अधिकारियों को शपथ दिलाते डीजीपी अजय कुमार सिंह।

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पुलिस मुख्यालय में सभी उपस्थित वरीय, कनीय पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए शपथ दिलाया। इस अवसर पर एडीजी मुरारी लाल मीणा, संजय आनन्दराव लाठकर, प्रिया दूबे, मनोज कौशिक, एवी होमकर, प्रभात कुमार, विजया लक्ष्मी, डॉ. शम्स तबरेज, माईकल एस राज सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस एवं अन्य वदीर्धारी बलों की ओर से आज के दिन मार्चपास्ट, शपथ ग्रहण एवं अन्य प्रकार से इस दिवस को मनाये जाने की परम्परा रही है।

BRIEF NEWS

## अधिकारियों ने ली भ्रष्टाचार से दूर रहने की शपथ



**SUNDARGARH :** भ्रष्टाचार विरोधी सप्ताह के अवसर पर सुंदरगढ़ में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला मुख्यालयों एवं ब्लॉक मुख्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निष्ठा की शपथ दिलाई गई। जिला कार्यालय में जिला सुरक्षा अधिकारी प्रत्यूष दिबाकर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अभिमन्यु माझी, अतिरिक्त सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र माझी, सतर्कता विभाग सुंदरगढ़ शाखा के डीएसपी उपस्थित थे। इस दौरान जिला पुलिस कार्यालय, प्रखंड कार्यालयों में शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## भाजपा युवा मोर्चा का दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी सम्मेलन कल से




**ROURKELA :** भाजपा युवा मोर्चा का प्रदेश कार्यकारिणी सम्मेलन दो व तीन नवंबर को राउरकेला में होगा। दो दिवसीय कार्यकारिणी बैठक के आखिरी दिन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल के शामिल होने का कार्यक्रम है। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, होटल राधिका रीजेंसी में होने वाले सम्मेलन में राज्य के विभिन्न जिलों से करीब 200 कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे।प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष अभिलाष पांडा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आगामी 2024 के आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए युवा मोर्चा की रणनीति राउरकेला से तय की जाएगी।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर रेलकर्मियों को डीआरएम ने दिलाई शपथ

**JAMSHEDPUR :** चक्रधरपुर मंडल रेल मुख्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रेल कर्मचारियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें डीआरएम अरुण जे राठौर ने रेल अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता व सुरक्षा को बनाये रखने की शपथ दिलायी। मालूम हो कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है। जिसके तहत समस्त शासकीय कार्यालयों में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाता है।

## बीपीएम प्लस टू उच्च विद्यालय में याद किये गये सरदार वल्लभ भाई पटेल

**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के बमार्माइंस स्थित बीपीएम प्लस टू उच्च विद्यालय में मंगलवार को छात्र-छात्राओं की ओर से राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं की ओर से विशेष प्रार्थना की गयी। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ ली। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन वृत्त पर चर्चा की व अपने विचार रखे। सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से संबंधित विशेष क्विज का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

### असुरा में विधायक ने खेल स्टेडियम निर्माण कार्य का किया शुभारंभ, बोले-

# ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास कर रही हेमंत सरकार

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** झींकपानी प्रखंड के असुरा में मंगलवार को विधायक दीपक बिरुवा ने खेल स्टेडियम निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़ कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है और आगे भी क्षेत्र का समुचित विकास किया जाएगा। इसके लिए जनता का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि चाहे सड़क की बात हो, शिक्षा की बात हो, बिजली की बात हो या फिर स्वास्थ्य की बात हर क्षेत्र में विकास हो रहा है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास कर रही है। खेल स्टेडियम बनने से स्थानीय खेलों के साथ ही खेल प्रतिभाओं को भी बढ़ावा मिलेगा। अब स्थानीय युवाओं के लिए खेल स्टेडियम का निर्माण एक बड़ी सौगात है। स्थानीय युवाओं की खेलों के प्रति रूचि को देखते हुए खेल स्टेडियम बनने से उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। स्टेडियम बनने से स्थानीय युवाओं को सही मार्गदर्शन ट्रेनिंग मिलने से खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने को मौका मिलेगा।



स्टेडियम निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक व अन्य। ● फोटोन न्यूज

मौके पर ग्रामीण मुंडा सनी कुमार बुड़ीउली, मानकी दिनेश बुड़ीउली, मुखिया माधुरी कुई, पंसस चांदमानी मछुआईन, प्रखंड सचिव सुशील बुड़ीउली, अध्यक्ष सोंगा बुड़ीउली, घनश्याम मुंदुईया, विजय बुड़ीउली, मंत्री, महेंद्र बुड़ीउली, लाल सिंह गोप, राजेश पूर्ति, अमित मछुआ, सिकंदर बुड़ीउली, सुनील बुड़ीउली, विपिन बुड़ीउली, वीर सिंह, ब्रजकिशोर गोप, मदन दास, सुंदर गोप, जगदीश आल्डा, हेमनाथ बोयपाई, सोहेल रोशन समद, दिकू दिग्गी, सालुका सुंडी, जोगन सुंडी समेत अन्य शामिल थे।

## सौंदर्यीकरण पर खर्च हुए 60 लाख, फिर भी कचरे से भरा है पक्का घाट तालाब

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** चाकुलिया नगर पंचायत के कमारीगोड़ा के पास स्थित पक्का घाट तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर नगर पंचायत के तहत 60 लाख रुपए खर्च हुए। बावजूद यह तालाब कचरे और गंदगी से बजबजा रहा है। चाकुलिया-धालभूमगढ़ मुख्य सड़क से सटे इस तालाब में बिखरे कचरे सहज ही देखे जा सकते हैं। ज्ञात हो कि तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य पिछले दिसंबर माह में पूरा हुआ था।

तालाब के चारों ओर पेवर्स ब्लॉक बिछाए गए थे। मगर आलम यह है कि बिछाए गए पेपर्स ब्लॉक पर लंबी-लंबी झाड़ियां उगी हैं। पेपर ब्लॉक से गुजरना मुश्किल है। तालाब के किनारे स्थापित की गई स्ट्रीट लाइटें भी खराब पड़ी हैं। तालाब के किनारे निर्मित शौचालय का ताला आज तक खुला नहीं है। परंतु शौचालय की दीवार पर लगाए गए टाइल्स अज्ञात लोगों



द्वारा तोड़े जा रहे हैं। शौचालय के पास से ही तालाब में कचरों का अंबार दिखाई पड़ता है।

नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं है। नियमित रूप से साफ सफाई नहीं हो रही है। यही कारण है कि तालाब की स्थिति बद से बदतर हो गयी है। मालूम हो कि यह तालाब नगर पंचायत क्षेत्र का सबसे प्रमुख तालाब है। इस तालाब में रोजाना सैकड़ों पुरुष महिलाएं और बच्चे नहाते हैं। विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के अवसर पर इसी तालाब से कलश में जल भरकर कलश यात्रा निकाली जाती है। विभिन्न पूजा संपन्न होने के बाद मूर्तियों का विसर्जन भी इसी तालाब में होता है।

# भारत विकास परिषद् ने हिप ज्वाइंट रिप्लेसमेंट पर किया जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**PHOTON NEWS ROURKELA :** भारत विकास परिषद् , राउरकेला शाखा द्वारा टोटल नी रिप्लेसमेंट और हिप ज्वाइंट रिप्लेसमेंट पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। केयर अस्पताल के आथोर्पेडिक डॉ. संदीप सिंह इस दौरान मुख्य अतिथि थे।

संस्था के अध्यक्ष अशोक कक्कड़ ने स्वागत भाषण दिया। अध्यक्ष अशोक कक्कड़ ने आथोर्पेडिक सर्जरी और विशेष रूप से घुटने की सर्जरी में विशेषज्ञता के प्रति डॉ. संदीप सिंह के समर्पण की सराहना की। डॉ.




संदीप सिंह के घुटने की सर्जरी के 15 मरीजों ने स्टेज पर रैंप वॉक कर दिखाया।

डॉ. संदीप सिंह ने जागरूक किया घुटनों की समस्या के बारे में जानकारी दी। डॉ. सिंह द्वारा प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। कोयल नगर के फिजियोथेरेपिस्ट आलोक साहू और शैलेश साहू भी अपने विचार रखे। इस दौरान भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय सचिव अनुपम गुप्ता, रबी दास ने भी विचार रखे। वहीं कार्यक्रम में डॉ आरसी मेहर, बंदिता महतो, जीतेंद्र प्रसाद, असीम गुप्ता, मधु महापात्र, डॉ कल्याणी मिश्रा, उदित कु साहू, अश्विनी कुमार पात्र, प्रांजलि नाग समेत भारत विकास परिषद के कई सदस्य उपस्थित थे।

# औरंगाबाद में आयोजित चार दिवसीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में अभिषेक और सौम्य ने जीता खिताब

**PHOTON NEWS ROURKELA :** औरंगाबाद में इंडियन बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस फेडरेशन द्वारा आयोजित 4 दिवसीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में राउरकेला के अभिषेक राउत ( 20 वर्ष ) को टॉप 6 व सौम्य रंजन( 23 वर्ष ) को टॉप 3 का खिताब मिला है। औरंगाबाद के घरखेड़ा डिविजनल कॉम्पलेक्स में आयोजित प्रतियोगिता का आगाज 23 अक्टूबर को हुआ था, इसका समापन 26 अक्टूबर को हुआ। बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में देश के विभिन्न



प्रतियोगिता में अभिषेक और सौम्य।

राज्यों से 500 के करीब प्रतियोगियों में पुरुष व महिलाओं ने उम्र के अनुसार अलग-अलग वेट कैटेगरी में हिस्सा लिया।

अभिषेक ने सीनियर और जूनियर में टॉप 6 में अपना स्थान बनाते हुए दो मेडल हासिल किया तो वहीं सौम्य रंजन ने 55 किलो वजन के अंतर्गत टॉप 3 के खिताब के साथ ब्रोंज मेडल के विजेता बने। अभिषेक और सौम्य रंजन ने बताया कि बॉडी बिल्डिंग करना कोई बच्चों का खेल नहीं है,शरीर के मांसपेशी को तैयार करने में खिलाड़ी की मेहनत तो होती ही है लेकिन साथ ही एक अहम किरदार गुरु के प्रेरणा की भी होती है। तियोगिता के लिए फास्टफूड,नमक,मैदा समेत अन्य खाद्य सामग्रियों को त्यागने के बाद शरीर का जर्रा-जर्रा मेहनत करने में लगाया जाता है। इस मेहनत का जो निचोड़ निकल कर आता है वह असली परिणाम होता है। जिम के कोच अशोक मैतेई और एशियन फिटनेस के संस्थापक ने बताया कि अभिषेक और सौम्य रंजन बॉडी फिट करने के लिए जिम आते थे, बॉडि बिल्डिंग के प्रति जुनून को देखते हुए हमारी ओर से और मेहनत कर प्रतियोगिता में शामिल होने की सलाह दी थी

### भंज सांस्कृतिक ट्रस्ट के तत्वावधान में कुमार उत्सव-2023 का हुआ आयोजन

# कुमार उत्सव का स्थान हमारे दिल में : अतनु भौमिक

**PHOTON NEWS ROURKELA :** भंज सांस्कृतिक ट्रस्ट के तत्वावधान में ओडिशा त्योहार, कुमार पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 'कुमार उत्सव-2023' का उद्घाटन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अतनु भौमिक ने उद्घाटन किया। राउरकेला इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अतनु भौमिक ने कहा, कुमार पूर्णिमा उत्सव ओडिया लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है, क्योंकि यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इसके साथ हमारे मजबूत संबंधों को समाहित करता है।

निदेशक प्रभारी ने इससे पहले अतिथियों के साथ भगवान जगन्नाथ को नमन किया, सभी पारंपरिक प्रतीकों के साथ खूबसूरती से तैयार किए गए तुलसी चौरा पर चंद्रमा की पूजा की और समारोह की शुरूआत के लिए औपचारिक दीपक जलाया।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य। ● फोटोन न्यूज

कार्यक्रम के दौरान निदेशक प्रभारी ने दो प्रतिष्ठित हस्तियों - ओडिया फिल्म उद्योग के प्रसिद्ध संगीत निर्देशक प्रेम आनंद और प्रसिद्ध साहित्यकार और लोकप्रिय ओडिया पत्रिका कादंबिनी की संपादक डॉ. इती रानी सामंत को सम्मानित किया। निशी पद्मा नंदा ने दोनों सम्मानित अतिथियों के प्रशस्ति पत्र पढ़े। डॉ. सामंत और प्रेम आनंद ने इतने भव्य समारोह के आयोजन के लिए भंज सांस्कृतिक ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की और उन्हें सम्मानित करने के लिए आभार व्यक्त किया।

सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत भंज कला केंद्र के कलाकारों द्वारा ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दशार्ते पारंपरिक लोक नृत्य 'कुआंरा पुनेइ जाहन्ह गो...' से प्रारंभ हुई। दिग्गज कलाकारों से सजी इस महफिल में ओडिशा के अनुभवी गायक तानशेन सिंह,लोकप्रिय हॉलीवुड गायक, शशांक शेखर, उड़िया सिनेमा की सबसे प्रसिद्ध गायिकाओं में से एक पामी मिश्र के मधुर गीतों ने इस पावन सांध्य बेला को रमणीय बना दिया। ऑलिवुड के प्रसिद्ध हास्य कलाकार सुदेब महापात्रा के हास्य मनोरंजन ने इस उत्सव को और भी मजेदार बनाया।

## कांग्रेसियों ने मनाया बलिदान दिवस



**ROURKELA :** जिला कांग्रेस की ओर से भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 39वीं बलिदान दिवस मनायी गयी। कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी माल्यार्पण कर पुष्प देकर श्रद्धांजलि दी गई। प्लांट साइट चौक पर इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर कांग्रेस के सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं ने माल्यार्पण किया। इंदिरा गांधी अमर रहे का नारा लगाए। इस दौरान काफी कांग्रेस सदस्य मौजूद थे।

# जनसुनवाई में आई 84 शिकायतें 52 का किया गया त्वरित निवारण

**PHOTON NEWS SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ जिले के बालीशंकरा ब्लॉक परिसर में संयुक्त लोक अभियोजन सुनवाई आयोजित की गई। जिला सुरक्षा अधिकारी प्रत्यूष दिबाकर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी रवि नारायण साहू ने उपस्थित होकर शिकायतें सुनीं।

जन शिकायत सुनवाई में कुल 120 शिकायतें सुनी गईं, जिनमें से 84 व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित शिकायतें थीं, जबकि 36 सामूहिक शिकायतें थीं। इन शिकायतों में से 52 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। इन शिकायतों में मुख्य रूप से स्वास्थ्य समस्याएँ, भत्ते, राशन कार्ड, सड़क मरम्मत, पेयजल समस्याएँ आदि



थीं। इन शिकायतों में एक ने मुख्यमंत्री राहत कोष से तथा एक ने रेडक्रॉस से आर्थिक सहायता के लिए आवेदन किया। जन शिकायत सुनवाई कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी मनोज महाजन, सदर उपजिलापाल दाशरथी सराबू, बालीशंकरा ब्लॉक अध्यक्ष, बालीशंकरा गोष्ठी विकास अधिकारी एवं सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का हुआ आयोजन

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के संयुक्त नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। रन फॉर यूनिटी का आयोजन पोस्ट ऑफिस चौक से प्रारंभ होकर सदर थाना चौक, जैन चौक होते हुए पुराना समाहरणालय परिसर के समीप अवस्थित लौह पुरुष की प्रतिमा स्थल पर समाप्त हुआ। रन फॉर यूनिटी समापन के बाद उपस्थित पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व अन्य उपस्थित लोगों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की



कार्यक्रम में भाग लेते उपायुक्त व अन्य। ● फोटोन न्यूज

प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत उपायुक्त के नेतृत्व में उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय एकता को अक्षुण्ण बनाए रखने का शपथ लिया। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी शशिंद्र बड़ाइक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप खलखो, पुलिस उपाधीक्षक(मुख्यालय) सुधीर कुमार, सहायक निदेशक-सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला नजारत प्रभारी पदाधिकारी, परिचारी प्रवर-पुलिस लाइन, सदर थाना प्रभारी, पुलिस जवान, विभिन्न खेल प्रशिक्षण संस्थानों के खिलाड़ी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मामूली विवाद में युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**JAMSHEDPUR :** परसुडीह थाना अंतर्गत गदड़ा विकास भवन के पास सोमवार देर रात मामूली विवाद के बाद दो पक्षों के बीच झड़प हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में स्थानीय निवासी 22 वर्षीय आशू केवट की मौत हो गई जबकि उसका साथी भोला घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने परसुडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आशू डीजे-बॉक्स बजाने का काम करता था। उसके साथी रौशन ने बताया कि देर रात आशू पास ही लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में तार लगा रहा था। इतने में पड़ोस के ही रहने वाला सूरज जयसवाल आया और उसे कहा कि तार लगाने से उसके घर की बिजली कट सकती है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

# करीम सिटी कॉलेज में एंटरप्रेन्योरशिप अवेयरनेस ड्राइव का किया गया आयोजन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** आईआईटी खड़गपुर के एंटरप्रेन्योरशिप सेल तथा इनोवेशन इकोसिस्टम एंड इक्वेशन सेंटर करीम, सिटी कॉलेज जमशेदपुर के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन कॉलेज ऑडिटोरियम मेंकिया गया। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी के युवाओं में उद्यमिता जागरूकता पैदा करना था।कार्यशाला में अभिनव शाह (सह-संस्थापक और सीईओ, ओसम डेयरी), ललित त्रिपाठी (संस्थापक और सीईओ, वेदांत एसेट), असद रशीद (क्षेत्र प्रमुख, कॉन्सेंट्रिक्स) आदि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने की तथा संचालन की जिम्मेवारी डॉ नेहा तिवारी ने निभाई। मौके पर अभिनव शाह ने कहा कि सबसे छोटे



कार्यशाला में उपस्थित अतिथि व अन्य। ● फोटोन न्यूज

स्टार्टअप से लेकर सबसे बड़े निगमों तक, एक विचार की फुसफुसाहट के रूप में शुरू हुए परंतु उसने स्वयं को एक दिन स्थापित करके दिखाया। वहीं डॉ नेहा तिवारी ने बताया की युग बहुत तेजी के साथ बदल रहा है। जीवन जीने के तौर तरीकों के साथ-साथ व्यापार के भी नए-नए रूप सामने आ रहे हैं। ऐसे में हम एक परिवर्तनकारी यात्रा के लिए खुद को तैयार करने का प्रयत्न कर रहे हैं। कार्यक्रम में शहर के स्टार्टअप चलने वाले नवीन उद्यमी शुभम शर्मा, रवि मुर्मू, अमित कुमार एवं दीपक सोनी, फैजान उल हक एवं विशाल मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में रोहन कुलश्रेष्ठ ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने तथा महाविद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया।

### महिला कॉलेज में प्राध्यापकों और छात्राओं ने रन फॉर यूनिटी और एकता की ली शपथ

# संपूर्ण विश्व में अंतरराष्ट्रीय एकता की जरुरत : डोरिस मिंज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर महिला कॉलेज, चाईबासा आईक्यूएसी और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में प्राध्यापकों और छात्राओं ने रन फॉर यूनिटी और एकता का शपथ लिया।

मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेती हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगी और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक



रन फॉर यूनिटी में शामिल छात्राएं। ● फोटोन न्यूज

प्रयत्न करूंगी। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रही हूँ। जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्य निष्ठा से संकल्प करती हूँ।

इस अवसर पर प्रोफेसर डोरिस मिंज ने राष्ट्रीय एकता के महत्व को बताया और कहा कि आज हमें संपूर्ण विश्व में अंतरराष्ट्रीय एकता की आवश्यकता है। डॉ राजीव लोचन नामता ने कहा जनता में एक जुटता का संदेश देना हमारी जिम्मेदारी है। प्रो सितेंद्र रंजन सिंह ने कहा देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जा रही है। साथ में यह बताया कि आज मेरी माटी मेरा देश योजना का दिल्ली से सीधा प्रसारण भी छात्राओं को दिखाया जाएगा।

मौके पर प्रो. धनंजय कुमार, मदन मोहन मिश्रा, प्रशांत पात्रो, लक्ष्मी गोप, गीता बिरुआ, स्मिता ठाकुर, प्रियंका मित्रा , उमाशंकर ,असित, बीएड, स्नातक और इंटरमीडिएट की छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# CRPF 197 बटालियन के जवानों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** सीआरपीएफ 197 बटालियन द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली गई। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। 197 बटालियन के कमांडेंट प्रवेश कुमार जोहरी के निर्देशन में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कहा गया कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमारे देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए वास्तविक और संभावित खतरों




राष्ट्रीय एकता की शपथ लेते जवान। ● फोटोन न्यूज

का सामना करने के लिए हमारे राष्ट्र की ताकत की फिर से पुष्टि करने का अवसर प्रदान करता है। इस दौरान बटालियन मुख्यालय जिला स्कूल में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। साथ ही कैंप परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर बटालियन के कमांडेंट प्रवेश कुमार जोहरी कमांडेंट, उप कमांडेंट प्रदीप कुमार, शंभू कुमार विश्वास समेत सभी जवानों ने भाग लिया।

# सीएम नीतीश कुमार का नेहरू प्रेम

## बाल दिवस के मौके पर पंचायत स्तर पर कार्यक्रम, नशाबंदी, दहेज प्रथा के खिलाफ किया जाएगा जागरूक

**पटना।** सीएम नीतीश कुमार का कांग्रेस प्रेम दिख रहा है। सत्ता में आने के 17 साल बाद अब जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर गांव में बाल सभा आयोजित करेंगे। बाल सभा के सहारे नशाबंदी, दहेज प्रथा और बाल विवाह को लेकर जागरूकता फैलाएंगे। लोकसभा चुनाव के पहले इस तरह के फैसले को एक अलग नजरिया से देखा जा रहा है। चाचा नेहरू की जयंती पर स्कूलों में ही नहीं बल्कि हर पंचायत में बाल दिवस को बड़े जोश के साथ मनाने की तैयारी है। 14 नवंबर को हर पंचायत में बाल सभा का आयोजन किया जाएगा। आईएएस के.के. पाठक ने बाल सभा मनाने को लेकर सभी डीएम को चिट्ठी लिखी है। पंचायती राज के अपर मुख्य सचिव मिहिर सिंह और के.के. पाठक ने संयुक्त रूप से यह चिट्ठी लिखी है। जिसमें लिखा गया है कि राज्य के प्रत्येक ग्राम पंचायत के एक स्कूल में बाल सभा आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम के लिए स्कूल चयन करने में इस बात का ध्यान रखा जाए कि चयनित स्कूल में आयोजन से संबंधित सुविधाएं जैसे कि बैठने के लिए पर्याप्त जगह, रोशनी, आने-जाने का रास्ता आदि उपलब्ध हो। आईएएस के.के. पाठक ने आगे लिखा है कि डीएम अपने-अपने स्तर से प्रखंड पंचायत



राज पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं ग्राम पंचायतों को दिशा निर्देश जारी करें। सरकार ने बताया है कि इस बाल सभा में ग्राम पंचायत के 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे-बच्चियां शामिल होंगे। साथ ही सभा में ग्राम पंचायत एवं ग्राम कचहरी स्तर पर निर्वाचित सभी जनप्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्य एवं बच्चों के माता-पिता या अभिभावक भी भाग लेंगें। डीएम को लिखे गए चिट्ठी में कहा गया है कि बाल सभा का फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी अनिवार्य रूप से कराया जाए। सभी ग्राम पंचायत बाल सभा में लिए गए निर्णय को ग्राम पंचायत विकास योजना के निर्माण के लिए विशेष ग्राम सभा में शामिल कर पारित कराना है ।बाल सभा का एजेंडा क्या होगाः 1.बच्चों का स्वास्थ्य एवं पोषण 2.बच्चों के लिए सुरक्षित, सकुशल और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना । 3.आई. सी. डी. एस. अंतर्गत गतिविधियों का बेहतर क्रियान्वयन 4. पांच साल से कम के बच्चों को पोशाक आहार 5. महिलाओं और बच्चों का पोषण, गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं और किशोरियों की पोषण संबंधी आवश्यकताएं। 6.बच्चों के लिए शिक्षा और स्कूलों में शत-प्रतिशत नामांकन। 7.दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित करना । 8.अभिभावक शिक्षक संघ और स्कूल प्रबंधन समिति के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करना। 9.स्कूल में पोशाक, पाठ्य पुस्तकें, छात्रवृत्ति अनुदान आदि जैसे संसाधनों का बच्चों तक समय पर पहुंचे। 10.प्रारंभिक बचपन का विकास एवं देखभाल और पूर्व प्राथमिक शिक्षा, प्राथमिक से उच्च शिक्षा, व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा, शिक्षा में लैंगिक भेदभाव, बच्चों के विरुद्ध हिंसा रोकना। 11.शत प्रतिशत बाल श्रम मुक्त पंचायत। 12.शराब और ड्रग्स के हानिकारक उपयोग को समाप्त करने के प्रति जागरूकता । 13.बाल विवाह संबंधी मामलों में कमी। 14.अवैध व्यापार का कोई मामला नहीं। 15.बच्चों के प्रति सभी प्रकार की हिंसा से सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना। 16.सुरक्षा संबंधी, यौन शोषण, लैंगिक भेदभाव, स्थानीय शासन में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करना। 17.बच्चों के कानूनी प्रावधान के बारे में जागरूकता।

## अलग-अलग राज्यों से दिल्ली के राजपथ पहुंच रहे लोग



**पटना।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत देश के विभिन्न राज्यों की मिट्टी लेकर लोग दिल्ली के राजपथ पर पहुंच रहे है। बक्सर के सांसद सह केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे भी बिहार एवं अन्य प्रांत के लोगों के साथ कलश में मिट्टी लेकर मेट्रो ट्रेन से कर्तव्य पथ पहुंचे हुए है। दिल्ली में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उन्होंने शिरकत की और अपनी लोक परंपरा और संस्कृति के रंग में रंगे नजर आए।

अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि देश के वीरों और वीरांगनाओं के प्रति सम्मान का प्रतीक मेरी माटी मेरा देश अभियान जन अभियान बन गया। गांव-गांव, शहर-शहर से लोग शहीदों के घर से मिट्टी लाकर यहां राजधानी में अमृत कलश में डाल रहे हैं। इस मिट्टी से अब अमृत वाटिका निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार को इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्मिलित होंगे और युवाओं को प्रेरित करेंगे। मेरी माटी मेरा देश के तहत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न तरह की झांकियां प्रस्तुत किया गया। जहां मेरी माटी मेरा देश आयोजन में उन्होंने मंच पर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। साथ ही बिहार के कलाकारों की प्रस्तुति पर छठ के महापर्व के रंग में दिखे। केंद्रीय मंत्री छठ महापर्व का 'दउरा' लेकर मंच पर पहुंचे और महापर्व छठ के रंग में रंगे दिखे। उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश आयोजन में भाग लेने के लिए देशभर से हजारों लोगों राजधानी पहुंच रहे हैं, उनका उत्साह देखते बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आयोजित यह कार्यक्रम सभी के मन में राष्ट्रीयता की भावना को जागृत और मजबूत कर रहा है। कर्तव्य पथ मिनी भारत के रूप में रंगा दिख रहा है।

## 'हमारे घर से मिट्टी लेने कोई नहीं आया'

**दरभंगा।** भाजपा की मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों के घर के आंगन से ली गई मिट्टी का अमृत कलश रविवार को दिल्ली के लिए रवाना हुआ। इसके बाद ही दरभंगा में राजनीतिक परिचर्चा का केंद्र बन गया है। दरभंगा जिले के रतनपुर गांव में अवस्थित शहीद स्थल से मिट्टी नहीं ली गई है। स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए शहीदों के परिवार से ही उठने लगा है। अपने दादा की शहादत पर चर्चा करते हुए केशव कुमार ठाकुर ने कहा कि इस अमृत कलश में हमारे यहां के शहीद की कोई भूमिका नहीं दिया गया है। जिस पर उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय विधायक जीवेश मिश्रा अमृत कलश को पटना से दिल्ली



रवाना कर चुके हैं लेकिन हमारे आंगन में अभी तक कोई मिट्टी लेने नहीं आया। इतना ही नहीं इसमें जाले प्रखंड के रतनपुर के भाजपा कार्यकताओं के द्वारा भी सवाल उठाने शुरू कर दिया गया है। ऐसे में पूर्व युवा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष रहे संजीव कुमार चौधरी ने फेसबुक पर लिखा है कि " रतनपुर की मिट्टी आपके लिए कुछ मायने ना रखता हो, पर यह नमन और वंदन की भूमि है। इतिहास बता रहा है, यह चंदन की भूमि है। शहीदों की भूमि है।" रतनपुर के शहीद परिवार के केशव ठाकुर का कहना है कि भाजपा नेताओं ने अमृत कलश भरकर दिल्ली के लिए रवाना हो गए लेकिन हमारे परिवार कि देश के स्वतंत्रता में दी गई इतनी बड़ी शहादत को गवाह बनने के लिए अभी तक भाजपा का कोई विधायक या सांसद हमारे घर नहीं आया है। उन्होंने सवाल उठाया है कि जब यह हमारे घर पर नहीं आए। तब आखिर किस जगह की मिट्टी लेकर दिल्ली गए हैं और उन्होंने कहा कि रतनपुर में दरभंगा जिले का एकमात्र गांव है जहां शहीद स्थल है। उन्होंने आगे कहा कि 1942 ईसवी में अंग्रेज से लड़ते हुए रतनपुर गांव में लगभग दर्जनों लोगों ने अपनी जान गवा थी। लेकिन ऐसा होने के बावजूद भी हमारे घर से कोई मिट्टी लेकर नहीं गया।

## सोनबरसा हॉस्पिटल में प्रसूति की मौत पर हंगामा

**सीतामढ़ी ।** सोनबरसा कस्टम कार्यालय रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम में ऑपरेशन के बाद एक महिला की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। आक्रोशित परिजनों ने जमकर बवाल किया। परिजनों ने घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान सोनबरसा थाना अंतर्गत इंदरवा पंचायत के पड़रिया वार्ड नौ निवासी रबील कुमार की 20 वर्षीय पत्नी कृष्णा कुमारी के रूप में की गई। परिजनों के हंगामा के बाद चिकित्सक और स्टाफ नर्सिंग होम छोड़कर फरार हो गये। परिजनों ने प्रसव पीड़ा होने पर उसे भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप



है कि डॉ. एम कुमार ने बिना जांच रिपोर्ट आते ही भर्ती करने के दस मिनट बाद प्रसूता का गलत ढंग से पेट चीरने के बाद बच्चा को पेट से बाहर निकाल दिया। परिजन जब तक सब कुछ समझ पाते तब तक डॉ ने प्रसूता को चीरा लगे स्थान पर बिना टांके के ही कपड़े में लपेटकर निजी गाड़ी में लादकर शांति नगर रोड स्थित एक क्लीनिक में भर्ती करवा कर मौके से फरार हो गया। जब वे लोग सीतामढ़ी हॉस्पिटल में पहुंचें तो डॉ. शैलेन्द्र किशोर कुशवाहा ने बताया कि मरीज का यूरिन ब्लैडर काट दिया गया है। अत्यधिक रक्तस्राव और पेट में इन्फेक्शन के कारण मरीज को रिकवर करना मुश्किल है। इसके बाद नाराज मृत प्रसूता के परिजन पूरे ग्रामीणों के साथ हॉस्पिटल पहुंच कर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर स्थानीय सोनबरसा एसआई भवानी कुमारी ने दल-बल के साथ हॉस्पिटल पहुंची। पूछताछ कर परिजनों को शांत कराते हुए आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त डायरी

### हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरलः दो लोग दो अलग-अलग हथियार के साथ आ रहे हैं नजर



**भागलपुर।** जिले के नवगछिया के झंडापुर ओपी क्षेत्र के इमली चौक के समीप एक हथियार से खुलेआम फायरिंग का वीडियो वायरल हो रहा है। फायरिंग पश्चिमी झंडापुर पंचायत के मुखिया के देवर पवन चौधरी और मुखिया के समर्थकों के द्वारा किया जा रहा है। इस वीडियो में साफ-साफ दिख रहा है कि दो लोग दो अलग-अलग हथियार से खुलेआम लगातार एक के बाद एक फायरिंग करते दिख रहे हैं। गौरतलब हो कि पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी आदेश के आधार पर कहा गया है कि हर्ष फायरिंग में उपयोग होने वाले सभी हथियार के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए जाएंगे। इस मामले पर पुलिस जिला नवगछिया के एसपी सुशांत कुमार सरोज ने कहा कि वायरल वीडियो की सूचना मिली है। वीडियो का सत्यापन कराया जा रहा है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध हथियार के साथ रील बनाना युवक को पड़ा महंगा

**खगड़िया ।** घोड़े पर बैठकर अवैध हथियार लहराते हुए रील बनाने वाले एक युवक को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान जिले के महेशखूंट थाना क्षेत्र स्थित मदारपुर पंचायत



के बड़ी मदारपुर गांव निवासी धनराज पासवान के 20 वर्षीय पुत्र आयुष पासवान के रूप में हुई है। दरअसल बताया जा रहा है कि 25 अक्टूबर को वीडियो सोशल मीडिया पर डाला गया था, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को 30 अक्टूबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आयुष बीते दिनों से घोड़े पर बैठकर एक हाथ में देसी कट्टा लहराते हुए और दूसरे हाथ से सिगरेट पीते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर डाला था। बताया जाता है कि उसने अपने ही मोबाइल से ही किसी दूसरे युवक से वीडियो सूट कराया था। वीडियो में आसपास लोगों की भीड़ भी नजर आ रही है। वीडियो वायरल होने पर पुलिस युवक की पहचान करने में पुलिस जुटी हुई थी। जैसे ही पुलिस को आरोपी युवक के बारे में पता चला पुलिस ने छापेमारी करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। महेशखूंट थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो में अवैध हथियार के साथ नजर आ रहे युवक की पहचान कर उसके घर पर छापेमारी की गई। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सोशल मीडिया पर अवैध हथियार का प्रदर्शन करना कानूनी अपराध है। इससे समाज में भय का माहौल उत्पन्न होता है। इसलिए मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को जेल भेज दिया गया।

### डेंगू के बढ़ते मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट



**सीवान ।** बढ़ते डेंगू के मरीजों की संख्या पर जिला स्वास्थ्य विभाग भी चिंतित है। आए दिन पूरे जिला भर मे डेंगू की मरीजों की संख्या मे बढ़ोतरी हो रही है। स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट होते हुए लोगों को डेंगू से बचाव हेतु सुझाव दे रहा है। जिसको लेकर जगह-जगह पर बैनर पोस्टर के साथ ही प्रचार गाड़ी और सोशल मीडिया के माध्यम से जिला मे लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही साथ लोगों को अपने घरों के आसपास साफ-सुथरा रखने और पानी जमा नहीं होने देने की बात कही जा रही है। घर मे पड़े कूलर आदि मे जमे पानी आदि को साफ करने का सुझाव लोगों को दिया जा रहा है। जिस क्षेत्र में एक भी डेंगू का मरीज या



कोई संदिग्ध मिल रहा है। तुरंत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्क्रीनिंग कर पूरे इलाके मे फॉगिंग कराया जा रहा है। पिछले दिनों जिला के मैरवा नगर मे वार्ड संख्या 6 में करीब 2 दर्जन डेंगू के संदिग्ध मिले थे। उसके बाद सोमवार को एक डेंगू का मरीज पॉजिटिव भी मिला। डेंगू का मरीज मिलते ही मैरवा नगर के वार्ड संख्या 6 के साथ साथ पूरे आस के पास के भी वार्डों मे फॉगिंग का कार्य शुरू कर दिया गए है। नगर मे बढ़ते डेंगू के मरीज को देखते हुए पिछले माह ही नगर प्रशासन के तरफ से फॉगिंग मशीन लाया गया था। मैरवा रेफरल अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया की डेंगू को लेकर लोगों को जागरूक करने के साथ ही फॉगिंग का कार्य भी सभी संदिग्ध इलाकों मे कराया जा रहा है। साथ ही अस्पताल मे डेंगू मरीजों के लिए बेहतर व्यवस्था किया गया है।

# बिहार में प्यार में 3 साल में 100 ट्रासजेंडर्स ने दी जान

## नैना ने पैसों से मदद की,नौकरी लगते ही छोड़ा;मोनी-रेहाना की भी कुछ ऐसी ही कहानी

**पटना।** जमुई में 18 साल की ट्रांसजेंडर नर्तकी ने 8 दिन पहले आत्महत्या कर ली है। माता-पिता का आरोप है कि प्रेमी ने सारे पैसे-गहने हड़प लिए और शादी से इनकार कर दिया था। यही नहीं दूसरी लड़की से शादी भी रचा ली। अब बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए थानों का चक्कर लगा रहे हैं। अबतक इस मामले में प्राथमिकी तक दर्ज नहीं हुई है। यह सिर्फ एक मामला नहीं है बल्कि पिछले तीन साल में 100 से अधिक ट्रांसजेंडरों ने प्रेम के भ्रमजाल में फंसकर आत्महत्या कर ली है। सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया है, पर ट्रांसजेंडर की सामान्य व्यक्ति से शादी को मान्यता है। शादी के लिए ट्रांसजेंडर लिंग परिवर्तन जैसी कष्टदायी ऑपरेशन से गुजरती हैं। इसके बाद भी उन्हें सच्चा साथी नहीं मिल पा रहा है। कई लोग उनकी शारीरिक और मानसिक कमजोरी का फायदा उठाते हैं। प्यार के नाम पर धोखा देते हैं। यहां तक की धर्म परिवर्तन तक करवाया जाता हैं। इसके बाद भी ट्रांसजेंडर को जीवन साथी नहीं मिल पाता। टूट-हार कर इनमें से कई आत्महत्या का रास्ता चुनते हैं। कोरोना काल के बाद प्रेम में धोखा खाकर आत्महत्या करने वाले ट्रांसजेंडर की संख्या दोगुनी हुई है। बिहार में ऐसे ट्रांसजेंडर की संख्या सौ से अधिक है जिन्होंने



आत्महत्या की है। आत्महत्या की कोशिश के कारण इसमें से कई ट्रांसजेंडर शारीरिक रूप से ही नहीं बल्कि मानसिक दिव्यांगता के शिकार हो चुके हैं। उनकी जिन्दगी नर्क से बदतर है या कई अब भीख मांगकर गुजारा कर रहे हैं। परिवारिक एवं सामाजिक स्वीकार्यता के लिए काम कर रही राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर परिषद की विशेषज्ञ सदस्य रेशमा प्रसाद कहती हैं कि आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर वे चिंतित हैं। वे उनके अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ रही हैं। दूसरों को खुश रहने की दुआ देने वालों की दर्दनाक मौत : हंसकर, गाकर, ताली बजाकर दूसरों को खुश रहने की दुआ देने वाले ट्रांसजेंडर के जीवन का अंत दुःख और धोखे के साये में हो रहा है। प्रेम और परिवार की तलाश है लेकिन उन्हें तनहाई व लाचारी के सिवा कुछ नहीं मिल रहा। लिहाजा परेशान ट्रांसजेंडर मौत को गले लगा रहे हैं। इन्वेस्टिगेशन में हमने ऐसे ट्रांसजेंडर साथियों से बात कर सच्चाई जानने की कोशिश की। तफ्तीश के दौरान कई ट्रांसजेंडर बात करने को तैयार नहीं हुए। क्योंकि वे साथी के लिए चोरी, छीनतई जैसे अपराध में संलिप्त हो चुके हैं। कई ट्रांसजेंडर ने धर्म परिवर्तन तक कर लिया है। अब वह पहचान उजागर नहीं करना चाहती है। हमारे इंवेस्टीगेशन में यह बात सामने आई कि अधिकतर ट्रांसजेंडर सामान्य लोगों के प्रेम के जाल में फंसते हैं। हमने 20से अधिक ट्रांसजेंडर से बात की। कैमूर, छपरा व पटना में आत्महत्या की कोशिश करने वाले ट्रांसजेंडरों से बात की। पता चला कि 90% मामलों में ट्रांसजेंडरों का धर्म परिवर्तन करा दिया जाता है। यह लव जिहाद जैसा ही मामला है। पटना के बुद्धमार्ग में रहने वाले एक ट्रांसजेंडर ने बताया कि उसके अधिकतर साथियों को प्यार के लिए धर्म परिवर्तन करना पड़ा। यहां तक कि दिनभर कमाकर सारा पैसा दे देती हैं। कई बार गालियां सुननी पड़ती हैं। खुद को कमजोर समझ बर्दाश्त करती रहती हैं। ट्रांसजेंडर को प्रेम के नाम पर धोखा देना अब महंगा पड़ेगा। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर को भी अधिकार दिए हैं जो एक महिला को दिए गए हैं। पहले सिर्फ कानून बने थे, लेकिन हाल में आए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर को मिलने वाले अधिकारों की व्याख्या की है। रेप में धारा 376 और गैंगरेप में 376डी की धारा लगती है। पहले भी यह कानून था, लेकिन थाने में जल्दी प्राथमिकी दर्ज नहीं होती थी। नए प्रावधानों के अनुसार अब पुलिस प्राथमिकी में आनाकानी नहीं कर सकती। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार हेल्पलाइन के माध्यम से ट्रांसजेंडर के अधिकारों की रक्षा करता है। आत्महत्या के लिए उकसाने पर विधिक प्राधिकार उन्हें क्षतिपूर्ति का मुआवजा भी देता है। बिहार पहला राज्य है जहां ट्रांसजेंडर के लिए पुलिस भर्ती में आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है।

## दो बाइक की टक्कर में एक की मौत

**सुपौल।** जिले के त्रिवेणीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के जदिया थाना अंतर्गत एनएच-327ई पर हाईस्कूल के पास सोमवार को दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें इंटर की टेस्ट परीक्षा देकर घर लौट रहे एक छात्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि तीन छात्र गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों ने त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने एक



छात्र को मृत घोषित कर दिया और अन्य सभी को बेहतर इलाज के लिए मधेपुरा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मृतक छात्र की पहचान जिले के जदिया थाना क्षेत्र के अनन्तपुर चौक वार्ड-9 निवासी मनोज यादव के पुत्र 18 वर्षीय राहुल कुमार के रूप में हुई है। जख्मी छात्र जदिया वार्ड-13 निवासी 18 वर्षीय गोलू कुमार, जदिया वार्ड-10 निवासी 18 वर्षीय रौशन कुमार, 18 वर्षीय ओम कुमार है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि मृतक छात्र मधेपुरा जिले के कुमारखंड हाईस्कूल से इंटर की टेस्ट परीक्षा देकर सुपौल जिले के जदिया हाईस्कूल के समीप गए थे। जदिया हाईस्कूल से परीक्षा देकर दो बाइक सवार छात्र जैसे मुख्यमार्ग पर पहुंचे कि एक बाकि से बचाने में दूसरे बाइक से टक्कर हो गई। मृतक के परिजनों ने कहा कि राहुल कुमार दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। जदिया थाना अध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। जबकि तीन गंभीर रूप से जख्मी है जो इलाजरत है।

# बिहटा में 150 से ज्यादा राउंड फायरिंग

**पटना ।** बिहटा में सोमवार रात वर्चस्व को लेकर बालू माफिया के बीच 150 से ज्यादा राउंड फायरिंग हुई। एक गुट ने दूसरे गुट की 7 पोकलेन मशीनों को आग के हवाले कर दिया। दानापुर प्रभारी रढ अभिजीत कुमार सिंह ने कहा है कि घटना की जानकारी मिली है। छानबीन की जा रही है। मामला पटना और भोजपुर जिले की सीमा से सटे बिहटा थाने के पथलौटिया बालू घाट का है। दरअसल, बालू माफिया मनोहर राय गुट अवैध बालू खनन कर रहा था। बालू माफिया अनिस राय गिरोह को इसकी खबर लगी। फिर अपराधी विकास उर्फ मुतन और मोनू कुमार दर्जनों गूर्गों के साथ पथलौटिया



बालू घाट पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। दोनों तरफ से करीब 150 से ज्यादा राउंड गोलीबारी हुई। अनिस गुट के लोगों ने दूसरे गुट पर हावी होते हुए अवैध बालू खनन में लगी 7 पोकलेन मशीनों को आग के हवाले कर दिया। बालू घाट पर इससे पहले हुई फायरिंग मामले में बालू माफिया अनिस यादव को सितंबर में पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अनिस गिरोह का संचालन फिलहाल विकास उर्फ मुतन और मोनू कुमार के हाथों में है। पटना और भोजपुर जिले के बॉर्डर पर बिहटा में एक साल पहले सोन नदी से अवैध तरीके से बालू निकालने को लेकर माफिया के दो गुटों में सैकड़ों राउंड फायरिंग हुई थी।

इस गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हुए थे। बालू पर वर्चस्व को लेकर बालू माफिया के गुट बिहटा के अमनाबाद गांव में आपस में भिड़ गए थे। बात बढ़ती गई और दोनों पक्षों में फायरिंग शुरू हो गई। घटना के बाद माफिया गुटों ने सभी शवों को छिपाने की भी कोशिश की। मौके से 150 से ज्यादा कारतूस के खोखे मिले थे।

# एकता की मिसाल वल्लभ भाई बेमिसाल

गुजरात के खेड़ा जिले के नाडियाड में 31 अक्टूबर, 1875 को किसान परिवार में जन्मे सरदार वल्लभ भाई पटेल को एकता की मिसाल कहा जाता है। देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार पटेल ने राष्ट्र की एकता को सर्वोपरि मानते हुए देश को एकजुट करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर मजबूत और एकीकृत भारत के निर्माण में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। जिस समय देश आजाद हुआ, तब वह कई छोटी-छोटी रियासतों में बंटा था, जिन्हें एकजुट करना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था। आजाद भारत को एकजुट करने का श्रेय पटेल की राजनीतिक और कूटनीतिक क्षमता को ही दिया जाता है। भारत के राजनीतिक एकीकरण के लिए सरदार पटेल के इसी अविस्मरणीय योगदान को चिरस्थायी बनाए रखने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 31 अक्टूबर, 2014 से उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की गई थी। तभी से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश की आजादी के उपरांत 500 से भी ज्यादा देशी रियासतों का एकीकरण किया जाना सबसे बड़ी समस्या थी। दरअसल अंग्रेज भारत से जाते-जाते कुटिल चाल चलते हुए करीब 550 देशी रियासतों को खुद ही अपने भविष्य के निर्णय का अधिकार दे गए थे। उसके पीछे उनका उद्देश्य था कि इतनी बड़ी संख्या में रियासतों के स्वायत्त रहते भारत के लिए स्वयं को एकजुट रख पाना बेहद मुश्किल होगा। सरदार पटेल ने अपने लौहपुरुष व्यक्तित्व का परिचय देते हुए इस गंभीर चुनौती को न केवल स्वीकार किया बल्कि बहुत ही कम समय में बड़ी कुशलता से इतनी सारी रियासतों के एकीकरण का कार्य सम्पन्न कराने में सफल भी हुए। उन्होंने आजादी के ठीक पहले पीवी मेनन के साथ मिलकर कई देशी रियासतों को भारत में मिलाने का कार्य आरंभ कर दिया था। उस समय देशभर में सैकड़ों ऐसी देशी रियासतें थी, जो स्वयं में सम्प्रभुत्ता प्राप्त थी, जिनका अपना अलग झंडा और अलग शासक था। दोनों ने देशी रियासतों के शासकों को समझाया कि उन्हें स्वायत्तता देना संभव नहीं होगा। इसका असर यह हुआ कि केवल तीन रियासतों को छोड़कर बाकी सभी रियासतों-राजवाडों ने अपनी मर्जी से भारत में विलय का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। हैदराबाद के निजाम ने जब भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण कराया। बहुत विरोध होने पर जूनागढ़ का नवाब भागकर पाकिस्तान चला गया और तब जूनागढ़ भारत में मिला लिया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत की विभिन्न बिखरी हुई रियासतों और भू-भागों के एकीकरण में सरदार पटेल के उल्लेखनीय योगदान के कारण ही उन्हें भारत का बिस्मार्क (जर्मन साम्राज्य का प्रथम चांसलर) भी कहा जाता है। देश की आजादी के बाद पटेल स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री और पहले उप-प्रधानमंत्री बने। उनका व्यक्तित्व बचपन से ही प्रभावशाली था। हालांकि पढ़ाई-लिखाई में वे औसत हुआ करते थे। उन्होंने दसवीं कक्षा की परीक्षा 22 साल की उम्र में उत्तीर्ण की थी। हाईस्कूल की पढ़ाई के बाद परिवार में आर्थिक तंगी के कारण उन्होंने कॉलेज जाने के बजाय आगे की शिक्षा स्वाध्याय से ही प्राप्त की। बैरिस्टर की पढ़ाई उन्होंने लंदन जाकर पूरी की और कॉलेज जाने का अनुभव नहीं होने के बावजूद अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय देते हुए 36 साल की उम्र में लंदन के मिडिल टेंपल इन में बैरिस्टरी का 36 माह का कोर्स सिर्फ 30 माह में ही पूरा कर लिया और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगे। महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने बारडोली सत्याग्रह का नेतृत्व करते हुए उसमें सफलता हासिल की थी, जिससे प्रसन्न होकर वहां की महिलाओं ने ही वल्लभ भाई पटेल को सरदार की उपाधि प्रदान की थी। भारतीय संविधान के निर्माण में भी पटेल का महत्वपूर्ण योगदान था। वे मूल अधिकारों पर बनी समिति के अध्यक्ष थे और उन्होंने अधिकारों को दो भागों (मूलाधिकार तथा नीति-निर्देशक तत्व) में रखने का सुझाव दिया था। आज जहां देश में हर तरफ भाई-भतीजावाद की राजनीति का बोलबाला है, वहीं देश का यह लौहपुरुष राजनीति में भाई-भतीजावाद के सख्त खिलाफ था और इसका सबसे बड़ा उदाहरण उन्होंने खुद अपने बेटे को राजनीति से दूर रखते हुए दिया भी। इस बात का स्पष्ट उल्लेख मिलता है कि उन्होंने अपने पुत्र दहयाभाई को तब तक यथासंभव दिल्ली से दूर रहने को कहा था, जब तक कि वह स्वयं दिल्ली में रहें। उनके हृदय में ईमानदारी की भावना किस कदर कूट-कूटकर भरी थी, इसका इससे बेहतर बेमिसाल उदाहरण नहीं हो सकता कि उनके निधन के बाद खोजबीन किए जाने पर उनकी निजी सम्पत्ति के नाम पर उनके पास कुछ नहीं था। बगैर लाग-लपेट, सीधा-स्पष्ट, कड़ा और खरा बोलने के लिए विख्यात रहे पटेल ने अपने जीवन में आई तमाम कठिनाइयों से पार पाते हुए सदैव उन पर सफलता हासिल की, इसीलिए उन्हें लौहपुरुष के रूप में जाना जाता है। सरदार पटेल का जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व सदैव देशवसियों को प्रेरित करता रहेगा। लौहपुरुष ने 15 दिसम्बर 1950 को आखिरी सांस ली।

# क्यों सरदार पटेल को भारत रत्न देने में हुई देरी

ANALYSIS



आर.के. सिन्हा

सरदार पटेल ने बारदौली में किसानों के आंदोलन का नेतृत्व किया तथा अंग्रेजों को झुकने पर मजबूर कर दिया था। अंग्रेजों ने वर्ष 1947 में भारत को स्वतंत्र तो कर दिया था परंतु, 562 से अधिक रियासतों को उनकी मर्जी पर छोड़ दिया। सरदार पटेल ने अपनी सूझबूझ से एक कश्मीर को छोड़कर सभी रियासतों को भारत के तिरंगे के नीचे विलय करवा दिया तथा अखंड भारत का निर्माण किया। उन्होंने जिस प्रकार से आजादी के बाद देश में मौजूद चुनौतियों का सामना करके राष्ट्र की एकता में अहम भूमिका निभाई उसके लिए देश हमेशा उनका कृतज्ञ रहना होगा। मात्र एक रियासत कश्मीर को नेहरू ने जिद करके अपने जिम्मे रखा और हम अभी तक उसके साथ जूझ रहे हैं। बेशक, सरदार पटेल के फैसले के कारण ही हैदराबाद रियासत का भारतीय संघ में विलय 17 सितंबर, 1948 को हुआ। उससे पहले 'ऑपरेशन पोलो' चलाया गया। जिसके बाद ही हैदराबाद का दुष्ट नवाब घुटनों के बल पर आया था।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के उन महान जननेताओं से थे, जिन्हें कभी उनका हक नहीं मिला। देश की स्वतंत्रता के पश्चात सरदार पटेल देश उप-प्रधानमंत्री के साथ प्रथम गृह, सूचना तथा रियासत विभाग के मंत्री बने। सरदार पटेल को उनके निधन के दशकों बाद 1991 में भारत के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान भारतरत्न से नवाजा गया। उन्हें भारत रत्न देने में इतने साल क्यों लगे? क्या कांग्रेस का कोई नेता बताएगा कि केन्द्र की कांग्रेस सरकारों ने सरदार पटेल को भारत रत्न देने में इतना वक्त वक्त क्यों लगाया? सरदार पटेल महान देशभक्त, दूरदर्शी एवं लोकप्रिय जननेता थे। इतने लोकप्रिय कि जब कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक प्रधानमंत्री के चुनाव के लिये बुलाई गई थी तब सारे मत सरदार पटेल के पक्ष में ही पड़े थे कमात्र एक नेहरू जी ने अपने लिये वोट डाला था पर गांधी जी ने सबके सामने पटेल को बुलाकर नेहरू का नाम प्रस्तावित करने को कहा था जो उन्होंने किया क सरदार पटेल ने किसानों के हितों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। वे अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के भी जनक थे। सरदार पटेल ने बारदौली में किसानों के आंदोलन का नेतृत्व किया तथा अंग्रेजों को झुकने पर मजबूर कर दिया था। अंग्रेजों ने वर्ष 1947 में भारत को स्वतंत्र तो कर दिया था परंतु, 562 से अधिक रियासतों को उनकी मर्जी पर छोड़ दिया। सरदार पटेल ने अपनी सूझबूझ से एक कश्मीर को छोड़कर सभी रियासतों को भारत के तिरंगे के नीचे विलय करवा दिया तथा अखंड भारत का निर्माण किया। उन्होंने जिस प्रकार से आजादी के बाद देश में मौजूद चुनौतियों का सामना करके राष्ट्र की एकता में



अहम भूमिका निभाई उसके लिए देश हमेशा उनका कृतज्ञ रहना होगा। मात्र एक रियासत कश्मीर को नेहरू ने जिद करके अपने जिम्मे रखा और हम अभी तक उसके साथ जूझ रहे हैं। बेशक, सरदार पटेल के फैसले के कारण ही हैदराबाद रियासत का भारतीय संघ में विलय 17 सितंबर, 1948 को हुआ। उससे पहले 'ऑपरेशन पोलो' चलाया गया। जिसके बाद ही हैदराबाद का दुष्ट नवाब घुटनों के बल पर आया था। भारत की स्वतंत्रता के बाद जब भारतीय संघ का गठन हो रहा था, तब हैदराबाद के निजाम ने भारत से विलय में आनाकानी करनी शुरू कर दी थी। हालांकि, वहां हिन्दू बहुमत में थे और वह राज्य का मुसलमान शासक था । आखिरी निजाम ओस्मान अली खान ने अपनी सेना के बल पर राज करने का फैसला किया था। निजाम ने ज्यादातर मुस्लिम सैनिकों वाली रजाकारों की सेना बनाई। सरदार पटेल चाहते थे कि हैदराबाद के निजाम खुद भारत संघ में सम्मिलित हो जायें। लेकिन निजाम के अड़ियल रवैये के कारण सरदार पटेल ने हैदराबाद में पुलिस एक्शन का फैसला किया। इस काम में सिर्फ पांच दिन लगे। इसमें करीब 40 हजार जानें गईं थी। हालांकि जानकार ये आंकड़ा दो लाख से भी ज्यादा बताते हैं। सरदार पटेल भारत की भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के जनक भी थे। राजधानी के सिविल लाइंस पर स्थित मेटकाफ हाउस का लौह पुरुष सरदार पटेल से एक बेहद करीबा नाता रहा है। इधर ही सरदार पटेल ने 21 अप्रैल, 1947 स्वतंत्र होने जा रहे भारत के नौकरशाहों को सुराज के महत्व पर संबोधित किया था। अपने भाषण में उन्होंने सिविल सेवकों को भारत का स्टील फ्रेम कहा। इसका मतलब यह था कि सरकार के विभिन्न स्तरों पर कार्यरत सिविल सेवक देश की प्रशासनिक व्यवस्था के सहायक स्तंभों के रूप में कार्य करते हैं। इसलिए वर्ष 2006 से 21 अप्रैल को राष्ट्रीय नागरिक सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है इस दिन लोक प्रशासन में विशिष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भी देते हैं। सरदार पटेल सदैव देशहित में फैसले लेते थे। वे ईमानदारी की मिसाल थे। उनके पास खुद का मकान भी नहीं था। 15 दिसंबर, 1950 को जब उनका निधन हुआ, तब उनके बैंक खाते में सिर्फ 260 रुपये थे। सरदार पटेल 1, एपीजे अब्दुल कलाम रोड (पहले औरंगजेब रोड) पर स्थित एक निजी बंगले के एक हिस्से में रहते थे। यह बंगला था बनवारी खंडेलवाल का। वे सरदार पटेल के मित्र थे। सरदार पटेल ने इस बंगले में रहते हुए ही देश को आजादी मिलने के बाद 562 रियासतों का भारत में विलय करवाया। यहां पर ही रहते हुए उन्होंने हैदराबाद रियासत में पुलिस एक्शन की रणनीति अपने सलाहकारों के साथ मिलकर बनाई थी। सरदार पटेल के साथ दिल्ली में उनकी पुत्री मणिबेन पटेल भी रहती थीं। सरदार पटेल की बेटी और जवाहर लाल नेहरू-इंदिरा गांधी की तरह ही सरदार पटेल-मणिबेन पिता-पुत्री की जोड़ी भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय जोड़ी थी। मणिबेन ने सुखी जीवन को छोड़कर अपने पिता के पदचिह्नों पर चलने में जीवन का अर्थ देखा। जब तक सरदार पटेल जीवित रहे, मणिबेन ने उनकी निरंतर सेवा की। उनकी आशाओं और निराशाओं, दुखों और खुशियों को बेहद करीब से देखा। सरदार की मृत्यु के बाद, मणिबेन राजनीति में सक्रिय हुईं और लगभग तीन दशकों तक एक सांसद के रूप में समाज सेवा करती रहीं। इस दौरान सादगी के गांधीजी-सरदार पटेल से मिले संस्कारों का आजीवन पालन किया। अफसोस कि जिस घर में रहते हुए आजाद भारत के इतिहास से जुड़े इतने अहम फैसले सरदार पटेल ने लिए, उस स्थान के बाहर कोई शिला पट्ट तक लगाने की किसी ने कोशिश नहीं की, ताकि देश की युवा पीढ़ी को पता चलता कि भारत के लिए सरदार पटेल का दिल्ली का घर कितनी अहमियत रखता है। गांधी जी के भी विश्वासपात्र रहे थे सरदार पटेल। गांधी जी 2 अक्टूबर 1947 को अपने अंतिम जन्म दिन पर राजधानी के तीस जनवरी मार्ग पर स्थित बिड़ला हाउस में थे। उन्होंने उस दिन उपवास, प्रार्थना और अपने चरखे पर अधिक समय बिताकर मनाया। वे उस दिन बहुत निराश और असहाय थे। देश की तब की परिस्थितियों के कारण गांधीजी अकेले और अलग-थलग महसूस करने लगे थे। गांधीजी की निराशा स्पष्ट थी । उस दिन उनसे सरदार पटेल भी मिलने आए थे। गांधी जी ने सरदार पटेल से खुलकर बात की और उनसे पूछा, मैंने ऐसा क्या अपराध किया है कि मुझे यह दुखद दिन देखने के लिए जीवित रहना पड़ रहा है? सरदार पटेल की बेटी मणिबेन पटेल ने कहा, हम वहां उत्साह के साथ गए थे; लेकिन हम भारी मन से लौट आये। गांधी जी से 30 जनवरी 1948 को भी मिलने वाले अंतिम शख्स सरदार पटेल ही थे। लेकिन, पटेल का त्याग और गांधी के अत्यधिक नेहरू प्रेम का खामियाजा जो देश ने भुगता वह तो सबको पता है ही !

**लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।**

# जब विकास एक जन-आंदोलन बन गया

यह देश प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की ऐसी आधारशिला पर बना है, जहां वैदिक काल में हमें केवल एक ही मंत्र बताया जाता था... जिसे हमने सीखा है, जिसे हमने याद किया है संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्- हम साथ चलते हैं, हम साथ आगे बढ़ते हैं, हम साथ मिलकर सोचते हैं, हम मिलकर संकल्प लेते हैं और हम साथ मिलकर इस देश को आगे ले जाते हैं - नरेन्द्र मोदी

2014 में लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ऐसे भारत के लिए अपना विजन अर्थपूर्ण तरीके से सामने रखा, जहां विकास सिर्फ एक एजेंडा नहीं था बल्कि प्रत्येक भारतीय का साझा लक्ष्य था। उन्होंने एक ऐसे भविष्य का संकेत दिया, जहां जनभागीदारी, हमारे सबसे मजबूत हथियार के रूप में और विश्व गुरु के रूप में सत्ता के शिखर पर हमारे दावे के रूप में उभरेगी। इसी वर्ष प्रधानमंत्री ने कैलेंडर पर एक महत्वपूर्ण तिथि अंकित की 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में 31 अक्टूबर, जो भारत के ₹लौह पुरुष₹ सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत के प्रति एक श्रद्धांजलि है। हालांकि, इसका मतलब सिर्फ एक तारीख से कहीं अधिक है। इसने सरदार पटेल द्वारा परिकल्पना किए गए एकता और अखंडता के सार को फिर से जागृत करने की पवित्र प्रतिबद्धता को मूर्त रूप दिया। यह उनके दिखाए रास्ते पर चलने का एक वादा था तथा एकजुटता और सामूहिक प्रयासों के शाश्वत मूल्यों पर आगे बढ़ने की प्रतिज्ञा थी। एक दशक बाद, जब हम राष्ट्रीय एकता दिवस मना रहे हैं, यह भारत द्वारा एकता के स्थायी सिद्धांतों और सहयोग की मजबूत ताकत द्वारा प्रकाशित पथ पर की गई उल्लेखनीय यात्रा को पुनर्जीवित करने का सही समय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक-केंद्रित शासन के लोकाचार के तहत, भारत विश्व का एक अग्रणी देश बन गया है और यह दुनिया की पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। 2023 में 3.75 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ, हमारा देश 2004-2014 के खोए हुए दशक से उबरते हुए अब तेजी से चमक रहा है। यह जानना दिलचस्प है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, वार्षिक वित्तीय बजट मात्र एक वित्तीय रूपरेखा से परिवर्तित होकर एक गतिशील नीति दस्तावेज बन गया है, जो लोगों की आकांक्षाओं पर आधारित है। आम लोगों का बजट₹ नागरिकों को अपने वित्तीय निर्णयों के लिए सरकार को जवाबदेह बनाने, बजट प्रगति की निगरानी में सक्रिय भागीदारी निभाने और कुशल संसाधन उपयोग को सुनिश्चित करने में सक्षम बनाता है। हमारी उल्लेखनीय वृद्धि ने राष्ट्रीय गौरव, नवीनीकृत गरिमा और साझा स्वामित्व की भावना को जागृत किया है। लोगों ने अभूतपूर्व पहलों के माध्यम से व्यापक विकास को गति दी है। 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत लगभग 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं तथा खुले में शौच की प्रथा की समाप्ति हुई है। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत लड़कियों के अधिकारों को प्रोत्साहन दिया गया है और 'गिव इट अप' अभियान के अंतर्गत एक करोड़ से अधिक परिवारों ने कम विशेषाधिकार प्राप्त लोगों का समर्थन करने के लिए स्वेच्छा से एलपीजी सब्सिडी छोड़ दी है। उक्त सभी 'जनभागीदारी' और 'राष्ट्रीय एकता' के कुछ शानदार उदाहरण हैं। 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' ने हमारी भारतीयता को पुनर्जीवित किया, जिससे एक राष्ट्रव्यापी लोकप्रिय भागीदारी-केन्द्रित अभियान की शुरूआत हुई। हमने अपने एमएसएमई को बढ़ावा दिया, युवा उद्यमिता को प्रेरित किया और भारत के अद्वितीय कौशल और प्रचुर संसाधनों का लाभ उठाया। इस दर्शन ने 2014 के बाद से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में 300 प्रतिशत की वृद्धि के साथ भारत को एक शुद्ध आयातक से एक प्रमुख वैश्विक मोबाइल फोन निमार्ता के रूप में स्थापित किया है। भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम भी है, जिसके तहत पेटेंट आवेदनों की संख्या में तेज वृद्धि दर्ज की गई है और वित्त वर्ष 2022-23 में 448 बिलियन डॉलर के मूल्य का रिकॉर्ड माल निर्यात हुआ है। 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम डिजिटल क्रांति का प्रतिनिधित्व करता है, जो 'कैशलेस' अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ने का एक अभियान है। यह कार्यक्रम आम नागरिकों के साथ सरकार की सहयोग आधारित साझेदारी को रेखांकित करता है तथा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देता है। फिनटेक को अपनाने की 87 प्रतिशत की दर के साथ भारत आज दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में से एक है, जो दुनिया के औसत 64 प्रतिशत से बहुत अधिक है। 2014 के बाद से भ्रष्टाचार विरोधी अभियान एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में उभरा है। 2015 से 2022 तक, जेएएम (जन धन, आधार और मोबाइल फोन) के माध्यम से 2.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अंतरित की गई, जिससे नकली लाभार्थी उजागर हुए और वितरण प्रणाली में लीकेज को रोका गया, जो 2014 से पहले बड़े पैमाने पर मौजूद थे। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत की एकजुटता और जनभागीदारी एक बार फिर उजागर हुई। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता ने देश को निवारक उपायों को तेजी से लागू करने के लिए प्रेरित किया। सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कोरोना योद्धा उभरकर सामने आए और महामारी का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद, वैक्सीन के तेजी से हुए टीकाकरण ने एक सशक्त भारत का प्रदर्शन किया, जो आत्मरक्षा में सक्षम है और विश्व को समर्थन भी प्रदान कर रहा है। भारत की जी-20 अध्यक्षता ने अपने एक करोड़ से अधिक नागरिकों के समर्थन से आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से, राष्ट्रीय एकता का प्रदर्शन किया। शिखर सम्मेलन ने वैश्विक शासन को फिर से स्वरूप प्रदान करने तथा लोगों की जी-20 में समावेश और जन-केंद्रित नेतृत्व को सुनिश्चित करने के लिए भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और वसुधैव कुटुंबकम की पुष्टि की।

## Social Media Corner

सच के हक में...



15 अगस्त को लाल किले पर होने वाला आयोजन, 26 जनवरी को कर्तव्य पथ की परेड और 31 अक्टूबर को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के सान्निध्य में राष्ट्रीय एकता दिवस का कार्यक्रम, ये तीनों राष्ट्र के उत्थान की त्रिशक्ति बन गए हैं।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)



हमारी सरकार बनने के 1 घन्टे बाद से विपक्ष के लोग सरकार बनाने का सपना देख रहे हैं। कितने लोगों को तो इन्होंने सपने में मुख्यमंत्री भी बना दिया है। लेकिन जब-जब इन्होंने षड्यंत्र किया तब-तब इन्हें मुँह की खानी पड़ी है। 20 साल क्या किया बताएं ये विपक्ष में बैठे झारखण्डी विरोधी लोग? दीमक की तरह चाट गए यह राज्य को। इन्होंने कभी भी लोगों को हक-अधिकार से जोड़ने का काम नहीं किया। हम लोगों को अधिकार देते हैं तो यह बेईमान लोग हमें भ्रष्टाचारी कहते हैं। इन लोगों के झूठ, षड्यंत्र और अफवाह से कुछ नहीं होने जाने वाला है। हम राज्य के लिए लड़ने, मरने और मिटने वाले लोग हैं। इन षड्यंत्रकारियों को अभी तो सत्ता से बाहर किये हैं, आने वाले समय में इस राज्य से भी बेदखल करेंगे।

(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)

# सुरक्षित भविष्य के लिए स्मार्ट इन्वेस्टमेंट सबसे जरूरी

पैसे पेड़ पर नहीं उगते हैं, फिर भी यह कहावत खूब चलती है लेटस ग्रो योर मनी'। यह कहावत गलत भी नहीं है। पैसे बड़े होते हैं, पर इन्हें बड़े करने के लिए इन्हें सही जगह लगाना होता है। फाइनेंसियल टर्म में इसे स्मार्ट इन्वेस्टमेंट कहते हैं'- ऐसा सर्टिफाइड फाइनेंसियल प्लानर और लेट्स इन्वेस्ट वाइजली कंपनी के फाउंडर कर्नल राकेश गोयल का दृढ़ विश्वास है। साक्षात्कार में वह कहते हैं इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सही निवेश के जरिये धन जुटाने और अपने बड़े वित्तीय लक्ष्यों को पूरा किया जा सकता है। निवेशकों की सोच होती है कि उच्च लाभ के साथ अपेक्षाकृत सुरक्षित निवेश के विकल्प को कैसे चुना जाए। अपने पैसे का स्मार्ट निवेश करना और उससे अच्छी आय प्राप्त करना एक चैलेंज तो है। वह कहते हैं कि लेट्स इन्वेस्ट वाइजली ऐसी कंपनी है जो पर्सनल फाइनेंस से संबंधित सलाह लोगों को प्रोफेशनल तरीके से प्रदान करती है। सुरक्षित निवेश के विकल्पों को सुझाते हुए कंपनी पैसे के साथ प्रबंधन में मदद करती है। कंपनी मुख्य रूप से सेवानिवृत्त सेना के लोगों को सेवा प्रदान करती है। कंपनी ने 2018 सितंबर में अपना उद्यम शुरू किया और तब से लगातार लोगों को उनके निवेश में मदद कर रही है। कर्नल गोयल का कहना है कि कि कंपनी का प्राथमिक उद्देश्य व्यक्तियों को उनकी वित्तीय आवश्यकताओं को समझने में मदद करना है और अपनी जोखिम सहनशीलता के अनुसार वित्तीय लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करना है। वह कहते हैं कि निवेश के लिए सही विकल्प चुनना बहुत जरूरी है। समस्या यह है कि जो पैसा हम अपने बचत खातों में डालते हैं, उस पर कम ब्याज दरें हैं , जो कई बार मुद्रास्फीति की दर से भी कम होती है। यानी बचत खाते का ब्याज हमारे पैसे की क्रय शक्ति नहीं बढ़ा पाता। कर्नल राकेश गोयल स्मार्ट इन्वेस्टिंग का सरल और विश्वसनीय तरीका बताते हैं- अपनी आय या बचत के पैसे का निवेश एक बजट बनाकर कर करें। सबसे पहले अपनी आय का एक हिस्सा म्यूचुअल फंड, स्टॉक या टर्म इंश्योरेंस में निवेश के लिए आवंटित करें। इसे आपात स्थिति या सेवानिवृत्ति के बाद अन्य वित्तीय जरूरतों के लिए वित्तीय सुरक्षा जाल बन जाएगा। यह निवेश अपेक्षाकृत सबसे काम जोखिम वाला है। लगातार बुद्धिमानी से वित्तीय निर्णय लेने से एक सुरक्षित वित्तीय भविष्य सुनिश्चित होता है। स्मार्ट निवेश का निर्णय और इसकी शीघ्र शुरूआत आपके पैसे को बढ़ने और आपके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों तक पहुंचने में सक्षम बनाती है। वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए एक संरचित वित्तीय योजना आवश्यक है। मौजूदा ऋणों का प्रबंधन करना जरूरी है, विशेष रूप से क्रेडिट कार्ड जैसे उच्च ब्याज दरों वाले ऋण वित्तीय स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। इसलिए उच्च-ब्याज वाले ऋणों को तेजी से चुकाने को प्राथमिकता दें और जब तक कर्ज लेने की मजबूरी न हो। इससे बचें। जिम्मेदार ऋण प्रबंधन न केवल आपके क्रेडिट स्कोर को बढ़ाता है बल्कि भविष्य में बेहतर उधार शर्तों को भी सुरक्षित करता है। वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करना एक क्रमिक प्रक्रिया है जो विफलताओं (बाजार की अस्थिरता) के सामने लचीलेपन और प्रयास करते रहने की इच्छा का नाम है । यानी वोलेटाइल मार्केट में आप का स्थिर रहना आवश्यक है। अपनी वित्तीय योजना की नियमित समीक्षा जरूरी है। वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करना एक निरंतर प्रक्रिया है। इसलिए वित्तीय योजनाएं जीवन में होने वाले परिवर्तनों के अनुरूप विकसित की जानी चाहिए। इसलिए समय-समय पर अपने बजट, निवेश और वित्तीय लक्ष्यों का आकलन करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे आपके विकसित होते सपनों और आकांक्षाओं के अनुरूप हैं।

# नेताओं पर हमला

देश में जन-प्रतिनिधियों की सुरक्षा के लिए सजग रहने की जरूरत है। महाराष्ट्र में एक सत्तारूढ़ विधायक के घर पर पत्थरबाजी, आगजनी और तेलंगाना में एक सांसद पर चाकू से हमला बेहद चिंताजनक है। ये दो ताजा मामले इस बात के भी संकेत हैं कि जन-प्रतिनिधियों के विरुद्ध समाज के कुछ वर्गों में बड़ी नाराजगी है और नेताओं को अपनी सुरक्षा के प्रति सचेत रहना चाहिए। जिन इलाकों में नेताओं का बहिष्कार या विरोध हो रहा है, वहां सुरक्षा एजेंसियों को ज्यादा सावधान रहना होगा। पहले भी हमने मणिपुर में जन-प्रतिनिधियों के खिलाफ गंभीर रोष देखा है। ध्यान रहे, महाराष्ट्र के बीड जिले के माजलगांव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक प्रकाश सोलंके के घर पर पहले पत्थरों से हमला किया गया और फिर उनके परिसर में खड़े वाहनों में आग लगा दी गई। स्थानीय राजनीति चाहे जो हो, पर जो लोग भी ऐसी हिंसा का नेतृत्व कर रहे हैं, उन्हें बाज आना चाहिए। लोकतंत्र में किसी नेता से कोई मांग करना या उम्मीद रखना जायज है,मगर किसी नेता पर हमला बोलना या उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करना अपराध है। अगर कोई नेता अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता है, तो चुनाव हराकर दंडित करने का रास्ता लोकतंत्र में उपलब्ध है, उसे आजमाना चाहिए। यह बहुत दुखद है कि तेलंगाना के सांसद के पी रेड्डी पर सोमवार दोपहर सिद्दीपेट जिले के सुरमपल्ली गांव में चाकू से हमला हुआ। रेड्डी दुब्बाक विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। इस हिंसा की जांच होनी चाहिए और सुरक्षा में हुई चूक को गंभीरता से लेना चाहिए। आम तौर पर चुनाव प्रचार के समय नेता सहजता से लोगों के बीच आना-जाना शुरू कर देते हैं। हर नेता की गतिविधियां बढ़ जाती हैं, ऐसे में, सुरक्षा में चूक की गुंजाइश भी बढ़ जाती है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# टीवीएस ने लॉन्च किया रानिन बाइक का स्पेशल एडिशन

## -कंपनी ने त्यौहारी सीजन में किया यह धमाका




**नई दिल्ली ।**

त्यौहारों के सीजन में जानीमानी कंपनी टीवीएस ने रानिन बाइक का स्पेशल एडिशन लॉन्च किया है। टीवीएस रानिन स्पेशल एडिशन को 1.73 लाख रुपये की दिल्ली एक्स-शोरूम कीमत पर लॉन्च किया गया है।टीवीएस रानिन स्पेशल एडिशन में निंबस ग्रे शेड मिलता है।इसके अलावा इसमें स्टैंडर्ड वर्जन से अलग बॉडी ग्राफिक्स भी दिया गया है।

दरअसल, स्पेशल एडिशन में कंपनी ने तीन रंगों का इस्तेमाल किया है।यह बाइक ग्रे रंग में है, जबकि इसके फ्यूल टैंक और साइड पैनल में रेड और व्हाइट स्ट्रिप दिया गया है।रानिन के स्टैंडर्ड वर्जन की तरह स्पेशल एडिशन में भी गोल्डन अपसाइड डाउन टेलीस्कोपिक फोर्क सस्पेंशन दिया गया है।स्पेशल एडिशन टीवीएस रानिन में कंपनी कुछ प्री-इंस्टॉल्ड एक्सेसरीज भी दे रही है जिसमें यूएसबी फोन चार्जर, वाइजर इंजन कवर शामिल है।कंपनी ने मोटरसाइकिल के डिजाइन और फीचर्स में कोई बदलाव नहीं किया है।टीवीएस रानिन की बात करें तो इसमें 225.9ष्ठ का सिंगल सिलेंडर, ऑयल कूल्ड इंजन मिलता है जो 7750 आरपीएम पर 20.1 बीएचपी पॉवर और 3750 आरपीएम पर 19.93 एनएम टॉर्क जनरेट करता है। इस बाइक में स्लीपर और असिस्ट क्लच के साथ 5 स्पीड गियरबॉक्स दिया गया है।यह बाइक डुअल डिस्क ब्रेक और डुअल चैनल एबीएस से लैस है।अगर डिजाइन की बात करें तो, टीवीएस ने रानिन को मॉडर्न रेट्रो लुक देने की कोशिश की है।इस बाइक में फुल एलईडी राउंड हेडलैंप, एलईडी टर्न इंडिकेटर और एलईडी टेल लाइट लगाया गया है।बाइक में दो राइडिंग मोड अर्बन और रेन दिए गए हैं।इसमें 17-इंच के अलॉय व्हील्स के साथ ट्यूबलेस टायर मिलते हैं।टीवीएस रानिन के टॉप ट्विन डिस्क मॉडल की तुलना में न्यू एडिशन 4,000 रुपये महंगा है।

# ओपनएआई के चैटजीपीटी डाउनलोड, ऐप राजस्व में वृद्धि जारी : रिपोर्ट

**सैन फ्रांसिस्को।** चैटजीपीटी के डाउनलोड और राजस्व में वृद्धि जारी है और ओपनएआई का एआई चैटबॉट 23 मिलियन डाउनलोड (सितंबर तक) तक पहुंच गया है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, एपटोपिया द्वारा एआई ऐप बाजार के विश्लेषण के अनुसार, मई में ऐप्पल ऐप स्टोर पर अपने पहले महीने में, इसने 3.9 मिलियन डाउनलोड को पार कर लिया और जून तक 15.1 मिलियन तक पहुंच गया। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि मोबाइल डिवाइस पर चैटजीपीटी का इस्तेमाल मई में 1.34 मिलियन से ज्यादा मंथली एक्टिव यूजर्स से बढ़कर सितंबर तक 38.88 मिलियन हो गया है। चैटजीपीटी का मोबाइल ऐप उपभोक्ता खर्च के मामले में एआई चैटबॉट मार्केट से काफी आगे निकल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, इसके लॉन्च के महीने के दौरान यह 352,929 डॉलर से बढ़कर सितंबर तक 1.98 मिलियन डॉलर और 24 अक्टूबर तक लगभग 2.39 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया।इसके सीईओ सैम ऑल्टमैन के अनुसार, चैटजीपीटी डेवलपर ओपनएआई कथित तौर पर इस साल 1.3 बिलियन डॉलर का राजस्व कमाने जा रहा है।सूत्रों का हवाला देते हुए द इंफॉर्मेशन की रिपोर्ट के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट समर्थित एआई कंपनी जाहिर तौर पर प्रति माह 100 मिलियन डॉलर से अधिक का उत्पादन कर रही है, जो इस साल की शुरुआत से 30 प्रतिशत अधिक है।रिपोर्ट में कहा गया है, ओपनएआई हर साल 1.3 बिलियन डॉलर की गति से राजस्व उत्पन्न कर रहा है, सीईओ सैम ऑल्टमैन ने इस सप्ताह कर्मचारियों को बताया।2022 के लिए कंपनी का राजस्व सिर्फ 28 मिलियन डॉलर था।रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी द्वारा फरवरी में चैटजीपीटी का पेड वर्जन लॉन्च करने के बाद से राजस्व की गति, मुख्य रूप से इसके कन्वर्सेशनल चैटबॉट की सदस्यता से, उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कथित तौर पर ओपनएआई मौजूदा शेयरों की बिक्री के माध्यम से 80-90 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन पर फंड जुटा रहा है।

# इस साल अप्रैल से सितंबर तक भारत का राजकोषीय घाटा 7.02 लाख करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली।**



चालू वित्तवर्ष के पहले छह महीनों (अप्रैल-सितंबर) में भारत का राजकोषीय घाटा 7.02 लाख करोड़ रुपये था, जो पूरे साल के अनुमान का 39.3 फीसदी है। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।राजकोषीय घाटा उस राशि को दर्शाता है, जिससे सरकार का खर्च आय से ज्यादा हो जाता है और इस अंतर को उधार के जरिए पूरा किया जाता है। अप्रैल-सितंबर के दौरान सरकार द्वारा जुटाया गया शुद्ध कर राजस्व 11.6 लाख करोड़ रुपये या वार्षिक अनुमान का 49.8 प्रतिशत था, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 10.12 लाख करोड़ रुपये था। आंकड़ों से पता चलता है कि कॉर्पोरेट टैक्स संग्रह साल दर साल 20 फीसदी बढ़कर 4.51 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि के दौरान कुल व्यय 21.19 लाख करोड़ रुपये था जो वार्षिक लक्ष्य का 47.1 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के 18.24 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक था। वित्तीय वर्ष के पहले छह महीनों में सरकारी पूंजीगत व्यय, जिसमें राजमार्ग, बंदरगाह और रेलवे जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण पर खर्च 4.91 लाख करोड़ रुपये या वार्षिक लक्ष्य का 49 प्रतिशत शामिल है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में आए 3.43 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। वित्त मंत्रालय का लक्ष्य चालू वित्तवर्ष के अंत तक देश के राजकोषीय घाटे को पिछले वर्ष के 6.4 प्रतिशत के आंकड़े से घटाकर सकल घरेलू उत्पाद के 5.9 प्रतिशत पर लाना है। अत्यधिक राजकोषीय घाटा मुद्रास्फीति को बढ़ाता है और अर्थव्यवस्था के बुनियादी सिद्धांतों को कमजोर करता है, इसलिए सरकार इसे नियंत्रण में रखने के लिए उत्सुक है। इससे कॉरपोरेट्स के लिए उधार लेने के लिए बैंकिंग प्रणाली में कम पैसा बचता है जिससे निवेश पर असर पड़ता है और विकास धीमा हो जाता है। हालांकि, अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अगले साल की शुरुआत में लोकसभा चुनावों के बाद प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे, मतदाताओं से किए जाने वाले वादों के मद्देनजर खर्च को नियंत्रण में रखना आसान काम नहीं होगा।

# दूसरी तिमाही में 70 फीसदी की वृद्धि के साथ गेल को 2,405 करोड़ का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।**

सरकारी स्वामित्व वाली नैचुरल गैस की दिग्गज कंपनी गेल (ह्स्व्रद्धरु) (इंडिया) ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ में 70 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2,405 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की, जो पिछली तिमाही में 1,889 करोड़ रुपये थी।परिचालन से कंपनी का राजस्व वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 31,823 करोड़ रुपये बताया गया, जबकि पहली तिमाही में यह 32,227 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन की मात्रा 120.31 एमएमएससीएमडी रही, जबकि वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में यह 116.33 एमएमएससीएमडी थी। गैस मार्केटिंग वॉल्यूम 96.96 एमएमएससीएमडी रहा, जो पिछली तिमाही में 98.84 एमएमएससीएमडी था। पिछली तिमाही की तुलना में एलएचसी की बिक्री 247 टीएमटी की तुलना में 242 टीएमटी और पॉलिमर की बिक्री 162 टीएमटी की तुलना में 168 टीएमटी रही। तिमाही आधार पर परिचालन से कुल राजस्व 33,049 करोड़ रुपये रहा, जबकि पहली तिमाही में 32,849 करोड़ रुपये था। पीबीटी 37 प्रतिशत की वृद्धि से 3,138 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछली तिमाही में यह 2,283 करोड़ रुपये था। गेल के चेयरमैन संदीप कुमार गुप्ता ने कहा, तिमाही के दौरान कंपनी ने खासकर गैस ट्रांसमिशन सेगमेंट में अच्छा प्रदर्शन किया और आगे भी बेहतर प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पॉलिमर और एलपीजी में कम प्राप्ति के कारण तिमाही के दौरान प्रदर्शन थोड़ा बाधित हुआ, जिसके आगे चलकर बेहतर रहने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी ने चालू छमाही के दौरान लगभग 4,853 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया है, मुख्य रूप से पाइपलाइन, पेट्रोकेमिकल्स और ज्वाइंट वेंचर पर।

# निफ्टी को उच्च स्तर पर प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा

**नई दिल्ली।**




भारतीय शेयर बाजारों ने अक्टूबर के आखिरी दिन की शुरुआत 19,200-19,250 के महत्वपूर्ण क्षेत्र में की। प्रोग्रेसिव शेयर्स के निदेशक आदित्य गग्गर ने मंगलवार को कहा कि सुबह के कारोबार में ही, सूचकांक ने अपने सभी लाभ मिटा दिए और सीमित दायरे में बना रहा। मध्य सत्र में सुधार लंबे समय तक नहीं चला क्योंकि विशेष रूप से बैंकों में बिकवाली के एक और दौर ने सूचकांक को काफी नीचे खींच लिया और 61.30 अंकों की हानि के साथ 19,079.60 पर बंद हुआ। रियल्टी शीर्ष प्रदर्शन करने वाला रहा, उसके बाद मीडिया का स्थान रहा, गग्गर ने कहा कि दूसरी ओर, ऑटो और फार्मा पिछड़े हुए थे। बोनांज़ा पोर्टफोलियो में रिसर्च एनालिस्ट वैभव विदवानी ने कहा, रियलिटी वह सेक्टर था, जिसने मंगलवार को 1.27 फीसदी की बढ़त के साथ बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी पीएसयू बैंक दो सेक्टर थे, जो क्रमशः 0.16 फीसदी और 0.14 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ दिन के अंत में बंद हुए। निफ्टी पर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, टाइटन कंपनी, एचडीएफसी लाइफ, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स और सन फार्मा टॉप गेनर रहे, जबकि एमएंडएम, आयशर मोटर्स, एलटीआईमाइंडट्री और ओएनजीसी टॉप लूजर में रहे।एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी और डेरिवेटिव विश्लेषक कुणाल शाह ने कहा कि निफ्टी इंडेक्स को गैप-अप ओपनिंग के बाद चुनौती का सामना करना पड़ा, उच्च स्तर पर मजबूत प्रतिरोध का सामना करना पड़ा और दिन के उच्च स्तर को पार करने में असफल रहा। वर्तमान में, सूचकांक 18,900 और 19,250 की एक विस्तृत सीमा के भीतर कारोबार कर रहा है और किसी भी दिशा में ब्रेकआउट से ट्रेंडिंग चालें शुरू होने की संभावना है। व्यापक रुझान नकारात्मक बना हुआ है, और केवल 19,300 से ऊपर का समापन ही तेजी की प्रवृत्ति को फिर से शुरू होने का संकेत देगा।

## रुपया गिरावट पर बंद



मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार का भारतीय रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ ही 83.26 पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये ने मंगलवार को एक पैसे की बढ़त दर्ज की पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक स्तर पर अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने के कारण घरेलू बाजार के सकारात्मक रुख का भारतीय मुद्रा पर असर सीमित रहा। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार करता रहा। रुपया आज सुबह 83.26 प्रति डॉलर पर खुला और बाद में एक पैसे की बढ़त के साथ 83.25 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं गत दिवस रुपया 83.25 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.26 फीसदी की तेजी के साथ ही 106.39 पर रहा।

## सरकार प्याज की कीमतें बढ़ने से रोकने कर रही प्रयास

**नई दिल्ली ।** त्योहारों के सीजन में प्याज के दाम बढ़ने से बाजार में हलचल है। कई राज्यों में तो बीते 15 दिनों में ही प्याज के दाम दोगुने से ज्यादा हो गए हैं। सरकार ने प्याज की कामतों को और बढ़ने से रोकने के लिए अपने भंडार से स्टॉक जारी करना शुरू कर दिया है। एक रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से लिखा गया है कि सरकार इस समय महंगाई को रोकने के लिए अपने बफर स्टॉक से लगभग 16 शहरों में प्याज बेचना जारी रखेगी। दिल्ली के रिटेल बाजार में एवरेज क्वालिटी प्याज 80 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रहा है, पहले से तुलना करें को बीते हफ्ते ये दाम 60 रुपये किलोग्राम और उसके एक हफ्ते पहले यानी आज से दो सप्ताह पहले 30 रुपये प्रति किलोग्राम पर था। कमजोर मानसून के कारण जून-सितंबर महीने में प्याज के दो बड़े सप्लायर्स राज्य महाराष्ट्र और कर्नाटक में फसल को नुकसान पहुंचाया, जिससे फसल की कटाई में देरी हुई, अब इसके चलते कीमतें फिर से बढ़ गई हैं। वहीं इस मामले में उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि निर्यात पर अंकुश लगाने के उपायों के बाद, सबसे बड़े उत्पादक महाराष्ट्र में सब्जियों की थोक कीमतों में गिरावट आई है।

## उत्पाद शुल्क राजस्व बढ़ने से यूपी उत्साहित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने वित्त वर्ष 2023 में 42,250 करोड़ रुपये का उत्पाद शुल्क राजस्व अर्जित किया है, जो 2017-18 में दर्ज 14,000 करोड़ रुपये से तीन गुना अधिक है, जिस वर्ष योगी आदित्यनाथ सत्ता में आए थे। शराब राजस्व के मामले में यूपी कर्नाटक को पछाड़कर नंबर वन बन गया है। लेकिन कर्नाटक की तरह, यूपी में बेंगलुरु नहीं है, जो आईटी हब है और उच्च कमाई वाले युवाओं का घर है, जो नियमित पार्टियों की मेजबानी करते हैं। आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन ने कहा,÷कर्नाटक अब दूसरे स्थान पर है। हमारी नीति ने उद्योग को एकाधिकार को तोड़ने के लिए लाइसेंस शुल्क-आधारित प्रणाली से उपभोग-आधारित प्रणाली में पूरी तरह से स्थानांतरित कर दिया। हमने दुकानों की संख्या भी प्रति व्यक्ति दो तक सीमित कर दी है। आवंटन पैटर्न को पहले नीलामी-आधारित मॉडल से ई-लॉटरी प्रणाली में बदल दिया गया था। हमने ट्रैक और ट्रेस सिस्टम स्थापित करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया है।अग्रवाल कहते हैं, यूपी सरकार द्वारा उत्पाद शुल्क नीति में संशोधन ने बड़े खिलाड़ियों के एकाधिकार को खत्म कर दिया है और छोटे व्यवसायियों के लिए शराब क्षेत्र में प्रवेश करना संभव बना दिया है। राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष के पहले छह महीनों के दौरान 16 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज की है। ऐसा शराब की बढ़ती मांग और पड़ोसी राज्यों से अवैध शराब और तस्करी के खिलाफ मजबूत प्रवर्तन के कारण हुआ है। दिल्ली सरकार की 2022-23 की विवादास्पद उत्पाद शुल्क नीति के विपरीत, जहां शराब व्यापारियों को खुली बोली के माध्यम से लाइसेंस दिए गए थे, यूपी में ई-लॉटरी प्रणाली है, जो छोटे खिलाड़ियों को उद्योग में प्रवेश करने की अनुमति देती है। दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति पर विवाद और राष्ट्रीय राजधानी में पसंदीदा ब्रांडों की उपलब्धता की कमी ने यूपी-एनसीआर जिलों (नोएडा और गाजियाबाद) के लिए भी एक अवसर पैदा किया।विभाग द्वारा की गई समीक्षा के अनुसार, इस वर्ष 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक राजस्व संग्रह 18,562 करोड़ रुपये रहा है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 16,025 करोड़ रुपये था।पूर्व अपर मुख्य सचिव, आबकारी, (अब सेवानिवृत्त) संजय आर. भूसरेड्डी ने कहा, ÷हमारी टीम ने वित्तीय वर्ष के लिए तय की गई कार्ययोजना के अनुसार काम किया। हमने व्यापार करने में आसानी को बेहतर बनाने के लिए भी कदम उठाए हैं और इसलिए राज्य में अधिक ब्रांड उपलब्ध हैं।विभाग के लिए लखनऊ सबसे ज्यादा पैसा कमाने वाला रहा है, जबकि नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और बरेली भी आगे रहे हैं।कुशीनगर, शाहजहाँपुर, सोनभद्र,देवरिया,लखीमपुर खीरी,हरदोई और चित्रकूट जैसे छोटे जिलों ने भी उच्च राजस्व की सूचना दी है। अधिकारियों ने कहा कि इस साल छह डिस्टिलरीज स्थापित की गई हैं और सात और इस वित्तीय वर्ष के अंत तक तैयार हो जाएंगी।जहां भीषण गर्मी के कारण बीयर की मांग 40 फीसदी बढ़ गई है, वहीं विभाग आने वाले महीनों में रम और व्हिस्की की बिक्री पर भरोसा कर रहा है। सेंथिल सी. पांडियन ने कहा, ÷सरकारी खजाने के लिए राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित की गई है। हमने कुछ जिलों की पहचान की है, जहां बिक्री कम रही है और गिरावट के कारण का पता लगा रहे हैं। राजस्व बढ़ने के साथ-साथ शराब कारोबार का रंग-रूप भी काफी बदल गया है। शराब की दुकानें अब ग्राहकों को दूर रखने के लिए तार की जाली वाली गंदी, खराब रोशनी वाली दुकानें नहीं रह गई हैं। शराब अब हाई-एंड शॉपिंग मॉल में आलीशान दुकानों में बेची जा रही है। दुकानों में विभिन्न प्रकार के ब्रांड प्रदर्शित हैं और सजावट भी उतनी ही आकर्षक है।

## त्योहारी सीजन में एसबीआई दे रहा होम लोन में रियायतें

**नई दिल्ली ।** इस त्योहारी सीजन में ई-कॉमर्स साइट के साथ-साथ कई बैंक भी तरह-तरह के ऑफर लेकर आते हैं। इसी बीच भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने भी कुछ इस तरह के खास ऑफर पेश किए हैं। एसबीआई अपने ग्राहकों को होम लोन पर रियायतें दे रहा है। दरअसल, बैंक होम लोन में 65 बीपीएस तक की कमी कर सकता है। वेबसाइट के अनुसार यह ऑफर 31 दिसंबर 2023 तक मान्य है। इस ऑफर को सिबिल स्कोर से जोड़ दिया गया है। सिबिल स्कोर जितना अधिक होगा ग्राहकों को उतनी ज्यादा रियायती दरों का लाभ मिलेगा। इसके अलावा बैंक ग्राहक को होम लोन टेकओवर या फिर रेडी-टू-मूव ऑप्शन में अतिरिक्त 20 बीपीएस की छूट` देगा। यह छूट केवल उन ग्राहकों के` लिए है जिनका सिबिल स्कोर 700 अंक के पार होता है। एसबीआई द्वारा जारी क्रेडिट कार्ड पर भी ऑफर दिया जा रहा है। बैंक ने क्रेडिट कार्ड पर कई तरह के ऑफर पेश किए हैं। यह ऑफर मोबाइल फोन, लैपटॉप, फैशन, फर्नीचर,ज्वेलरी आदि पर` दिए जा रहे हैं। इसके अलावा ईएमआई पर भी ऑफर दिया जा रहा है। बता दें कि बैंक ने कई ब्रांड के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के बाद अब ग्राहकों को क्रेडिट कार्ड से शॉपिंग करते समय अतिरिक्त डिस्काउंट और कैशबैक का लाभ मिलेगा। इस फेस्टिव ऑफर का लाभ 15 नवंबर तक उठा सकेंगे।




# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 237, निफ्टी 61 अंक नीचे आया

**मुम्बई ।**




घरेलू शेयर बाजार मंगवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही आईटी शेयरों में बिकवाली हावी रहने से आई है। इसके अलावा एशियाई बाजारों के नीचे आने से भी बाजार पर दबाव पड़ा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 237.72 अंक करीब 0.37 फीसदी की गिरावट के साथ ही 63,874.93 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 16 शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये जबकि 14 शेयर गिरावट के साथ ही नीचे आये हैं। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाले एनएसई निफ्टी में भी गिरावट दर्ज की गयी और ये 61.30 अंक तकरीबन 0.32 फीसदी नीचे आकर 19,079.60 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में से टाइटन के शेयरों में सबसे ज्यादा 2.47 फीसदी तेजी आई। इसके अलावा 16 अन्य शेयर भी लाभ में रहे जिसमें कोटक बैंक, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स के शेयर शामिल हैं।

वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में सबसे ज्यादा 2.59 फीसदी गिरावट रही। इसके अलावा सन फार्मा, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक सहित 14 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही गिरे हैं।

अक्टूबर में रही सबसे ज्यादा गिरावट

इसी माह सेंसेक्स में 1953 अंकों की गिरावट आई। इस साल किसी भी महीने में इतनी अधिक गिरावट नहीं रह। अक्टूबर माह के दौरान अब तक करीब 3 फीसदी की गिरावट हुई है। वहीं सितंबर के आखिरी कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 65,828 अंक पर बंद हुआ था जबकि 31 अक्टूबर को यह 63,874.93 अंक पर बंद हुआ। इस प्रकार देखा जाये तो सेंसेक्स में अक्टूबर के दौरान 1953 अंकों की गिरावट आई है।

इजराइल-हमास संघर्ष के कारण भी निवेशकों की निकासी से भी बाजार पर दबाव आया है।

अमेरिकी अमेरिका फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों के बढ़ने के कारण भी विदेशी निवेशक घरेलू शेयर बाजार में लगातार बिकवाली पर जोर दे रहे हैं। इसके अलवा तेल की कीमतों के बढ़ने से भी बिकवाली हावी हुई है।

**विदेशी निवेशकों ने 22,850 करोड़ रुपये निकाले**

फेडरल रिजर्व की ब्याज दरें भी उच्च स्तर पर है, जिससे वो निवेशकों के लिए निवेश की आकर्षक जगह बन गए हैं। इसी कारण विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से इसी माह में अब तक सबसे अधिक 22,850 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले आज सुबह शुरुआती कारोबार में शेयर बाजारों में तेजी देखी गई। बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 339.67 अंक चढ़कर 64,452.32 पर और निफ्टी 92.8 अंक बढ़कर 19,233.70 पर कारोबार कर रहा था। हालांकि बाद में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों सूचकांक सपाट स्तर पर रहे। सेंसेक्स 44.50 अंक गिरकर 64,068.15 पर और निफ्टी 7.85 अंक फिसलकर 19,133.05 पर कारोबार कर रहा था

## कोलकाता में प्याज की कीमतें एक हफ्ते में हुई दोगुनी

**कोलकाता।** कोलकाता में प्याज की कीमतें पिछले एक हफ्ते में दोगुनी हो गई हैं और खुदरा बाजारों में प्याज 75-80 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रहा है।एक हफ्ते पहले ही दरें 35 से 40 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच थीं। कीमतों में हालिया उछाल ने खुदरा बाजार में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए गठित राज्य सरकार की टास्क फोर्स के सदस्यों को भी हैरान कर दिया है। टास्क फोर्स के एक सदस्य ने कहा, त्योहारी सीजन के कारण पिछले दो हफ्तों में कम आपूर्ति और उत्पाद की मांग में अचानक वृद्धि का दोहरा कारक खुदरा बाजारों में कीमत के अचानक दोगुना होने का कारण हो सकता है। टास्क फोर्स के सदस्यों को आशंका है कि चालू माह के दौरान प्याज की कीमत में नरमी की ज्यादा संभावना नहीं है, लेकिन आगामी काली पूजा, दिवाली और भाई फोटा (भाई दूज) त्योहारों के कारण उत्पाद की कीमत में और बढ़ोतरी की आशंका है। इस बीच, राज्य सरकार के सूत्रों ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से उत्पाद का अपना स्टॉक जारी कर खुदरा बाजारों में प्याज की कीमतों को नियंत्रण में रखने का प्रयास किया जा सकता है। टास्क फोर्स के सदस्यों और राज्य पुलिस की प्रवर्तन शाखा (ईबी) के अधिकारियों को प्याज के साथ-साथ अन्य सब्जियों की कीमतों को कृत्रिम रूप से बढ़ाने के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए खुदरा बाजारों पर कड़ी नजर रखने के लिए कहा गया है।

# कोर सेक्टर उद्योगों ने सितंबर में 8.1फीसदी की वृद्धि दर्ज की

**नई दिल्ली।**

सीमेंट, कोयला, स्टील और बिजली सहित आठ प्रमुख उद्योगों का संयुक्त सूचकांक सितंबर 2022 की तुलना में सितंबर 2023 में 8.1 फीसदी बढ़ गया। मंगलवार को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। सितंबर में मुख्य क्षेत्र की वृद्धि में गिरावट मुख्य रूप से सीमेंट उद्योग के कारण हुई, जिसने अगस्त में 19.3 प्रतिशत की भारी वृद्धि के बाद मात्र 4.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की - जो छह महीने में सबसे कम है। कच्चे तेल के उत्पादन में साल-दर-साल 0.4 प्रतिशत की गिरावट आई। अप्रैल-सितंबर के लिए, कोर सेक्टर आउटपुट में वृद्धि 7.8 प्रतिशत है, जबकि 2022-23 की पहली छमाही में यह 9.8 प्रतिशत थी। आईसीआरए की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, बारिश में बढ़ोतरी ने सितंबर में मुख्य क्षेत्र के विस्तार को अपेक्षित रूप से धीमा कर दिया। सूचकांक आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के संयुक्त और व्यक्तिगत प्रदर्शन को मापता है, जिसमें उर्वरक, प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी उत्पाद भी शामिल हैं। आठ कोर उद्योगों में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में शामिल वस्तुओं का 40.27 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। बिजली उत्पादन (भारांक : 19.85 प्रतिशत) सितंबर 2023 में सितंबर 2022 की तुलना में 9.3 प्रतिशत बढ़ गया। अप्रैल से सितंबर के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6 प्रतिशत बढ़ गया। सितंबर 2023 में इस्पात उत्पादन (भारांकः 17.92 प्रतिशत) पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 9.6 प्रतिशत बढ़ गया। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में अप्रैल से सितंबर के दौरान इसका संचयी सूचकांक 14.2 प्रतिशत बढ़ गया। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में सितंबर में सीमेंट उत्पादन (भारांकः 5.37 प्रतिशत) 4.7 प्रतिशत बढ़ गया। सितंबर में कोयला उत्पादन (भारांकः 10.33 प्रतिशत) 16.1 प्रतिशत बढ़ गया जबकि अप्रैल से सितंबर के दौरान इसका संचयी सूचकांक 12.2 प्रतिशत बढ़ गया।



# रोमांच से भरपूर करियर

एडवेंचर स्पोर्ट्स के प्रति लोगों में बढ़ते क्रेज की वजह से एडवेंचर स्पोर्ट्स इंस्ट्रक्टर इन दिनों डिमांड में हैं। अगर आप भी मौज-मस्ती भरे इस फील्ड में करियर बनाना चाहते हैं, तो जानिए कैसे मिल सकती है एंट्री...

सौरभ का सपना पेंटर बनने का था, जबकि पेरेंट्स चाहते थे कि वह इंजीनियर बने, इसलिए उन्होंने बीटेक किया। लेकिन आज के दौर में सिर्फ डिग्री हासिल कर लेना ही काफी नहीं है। नौकरी तभी मिलेगी, जब आप इंडस्ट्री के पैमाने पर खरा उतरेंगे। कई जगह इंटरव्यू देने के बावजूद सौरभ को जॉब नहीं मिल सकी है। दूसरी ओर उनके दोस्त सुमित ने फोटोग्राफी के अपने पैशन को फॉलो किया और आज उसमें काफी अच्छा कर रहे हैं। अब अगर आप भी ट्रेडिशनल फील्ड्स की जगह, अपने च्वाइस के हिसाब से करियर बनाना चाहते हैं, तो आगे बढ़ें। आज उन युवाओं की संख्या बढ़ रही है, जो रिस्क लेकर चैलेंजिंग और लीक से हटकर करियर विकल्प चुन रहे हैं। मसलन, एडवेंचर स्पोर्ट्स। यहां मौज-मस्ती के साथ भरपूर चैलेंज भी है। एडवेंचर टूरिज्म में बूम आने से एडवेंचर स्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स की डिमांड बढ़ गई है। नेशनल ज्योग्राफी, डिस्कवरी, एनिमल प्लेनेट जैसे चैनल्स के अलावा, ट्रैवल पोर्टल्स लोगों को एडवेंचर्स हॉलीडे प्लान करने का मौका दे रहे हैं। इस तरह टूरिस्ट्स बढ़ने का मतलब है, जॉब की संख्या बढ़ना। अगर आपको नेचर को एक्सप्लोर करना पसंद है, तो अपनी हॉबी को एक एक्साइटिंग करियर अपॉर्च्युनिटी में तब्दील कर सकते हैं।

## स्पेशलाइज्ड फील्ड

अगर आप एडवेंचर स्पोर्ट्स में दिलचस्पी रखते हैं, तो बतौर इंस्ट्रक्टर करियर का आगाज कर सकते हैं। इसमें तीन कैटेगरीज हैं। किसी में भी स्पेशलाइजेशन करना फायदेमंद हो सकता है -

एयर स्पोर्ट्स - आप बंजी जंपिंग, बेस जंपिंग, पैराग्लाइडिंग, आउटडोर क्लाइंबिंग, स्की जंपिंग, स्काई डाइविंग, सर्फिंग आदि में करियर बना सकते हैं।

लैंड स्पोर्ट्स - आप माउंटेन बाइकिंग, स्पीड बाइकिंग, ट्रैकिंग, रॉक क्लाइंबिंग, स्केट बोर्डिंग, फीस्टाइल स्कीइंग, एडवेंचर रेसिंग में आगे बढ़ सकते हैं।

वॉटर स्पोर्ट्स - इसके तहत आप जेट स्कीइंग, क्लिफ डाइविंग, स्कूबा डाइविंग, पॉवरबोटिंग, कायाकिंग, स्पीड सेलिंग, विंड सर्फिंग, वॉटर रॉफ्टिंग आदि कर सकते हैं।

## वर्क प्रोफाइल

एडवेंचर स्पोर्ट्स इंस्ट्रक्टर के पास ज्योग्राफिकल एरिया और वहां होने वाली एक्टिविटीज की जानकारी होनी चाहिए। इन्हें गोल्स बनाने से लेकर स्पोर्टिंग एक्टिविटीज के लिए प्लान करना या डिजास्टर मैनेजमेंट की जिम्मेदारी भी निभानी होती है। स्पोर्टिंग एक्टिविटी की रूट प्लानिंग, नैविगेशन और डिटेल्स तैयार करना भी इनका ही काम होता है। इसके लिए कैंपिंग साइट्स और ट्रेनिंग सेंटर्स का एडमिनिस्ट्रेशन इन्हें देखना होता है।

## एलिजिबिलिटी

इस फील्ड के लिए किसी विशेष शैक्षिक योग्यता की दरकार नहीं है। आपको सिर्फ हायर सेकंडरी पास करना होगा। लेकिन ग्रेजुएशन करने वालों को प्रिफरेंस मिलती है। इसके अलावा, इंग्लिश या किसी एक फॉरेन लैंग्वेज को जानना आपके लिए जरूरी होगा। जो लोग वॉटर बेस्ड स्पोर्ट्स में जाना चाहते हैं, उनके लिए स्वीमिंग सीखना जरूरी है। इंडिया में कई इंस्टीट्यूट्स एडवेंचर स्पोर्ट्स में डिग्री या डिप्लोमा कोर्स संचालित करते हैं।

## करियर ऑप्शंस

एडवेंचर स्पोर्ट्स में आप कई तरह के प्रोफाइल पर काम कर सकते हैं। आप एडवेंचर स्पोर्ट्स इंस्ट्रक्टर के अलावा वाइल्ड लाइफ ऐंड ट्रैवल फोटोग्राफर, एडवेंचर स्पोर्ट्स एथलीट, एडवेंचर स्पोर्ट्स फोटोग्राफर, एडवेंचर टूरिज्म फैसिलिटेटर, वाइल्ड लाइफ ऐंड फॉरेस्ट टूरिज्म, नेचुरलिस्ट, कंजर्वेशनलिस्ट, एडवेंचर कैंप कंट्रोलर, एक्स्ट्रीम स्पोर्ट्स एथलीट, वॉटर ऐंड एरो स्पोर्ट्स स्पेशलिस्ट, एडवेंचर टूर गाइड, ट्रेकिंग ऐंड माउंटेन गाइड आदि के तौर पर करियर बना सकते हैं। कई ट्रैवल ऐंड टूरिज्म एजेंसीज में लायजन ऑफिसर्स की भी बहुत मांग होती है।

## कहां है स्कोप

टूरिज्म सेक्टर में यंग टेक्निकल प्रोफेशनल्स के आने से कई तरह के बदलाव आए हैं। लोगों में छुट्टियों को एक नए रोमांचक अंदाज में बिताने का ट्रेंड बढ़ा है। जाहिर है, एडवेंचर स्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स की डिमांड भी बढ़ी है। आप स्पोर्ट्स सेंटर्स, एथलेटिक क्लब्स, ट्रैवल ऐंड टूरिज्म एजेंसीज, कॉमर्शियल री-क्रिएशन सेंटर, हॉलीडे रिजॉर्ट, एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स के अलावा खुद का एडवेंचर स्पोर्ट्स सेंटर खोल सकते हैं या फीलांसर के तौर पर भी करियर की शुरुआत कर सकते हैं।

## सैलरी पैकेज

वैसे तो एडवेंचर स्पोर्ट्स के प्रोफेशनल्स को उनकी स्पेशलाइजेशन के आधार पर सैलरी मिलती है, लेकिन एक कोच या इंस्ट्रक्टर को शुरुआत में करीब 20 हजार रुपये प्रतिमाह मिलते हैं, जबकि एक्सपीरियंस के साथ इनकी सैलरी 40 हजार के आसपास हो जाती है।





# ऑफिस में पहनें सोबर परिधान

आज के युग में घर पर रहने वाली नारी भी सजग है कि उसे ढंग से तैयार रहना है और बाहर जाते समय वह विशेष तौर पर सचेत रहती है। ऑफिस जाने वाली महिलाओं को तो कुछ विशेष ही सोचना पड़ता है कि वे क्या पहनें जिससे उनकी लुक सोबर दिखाई दे क्योंकि उसे तो प्रतिदिन उन्हीं लोगों के साथ उठना-बैठना है। वे नहीं चाहतीं कि वे हंसी का पात्र बनें। प्रतिदिन की इस दुविधा कि कल क्या पहनूं से बचने के लिए रात्रि में सोने से पहले ही सोच लें तो कम परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

1 दफ्तर के वातावरण को नजर में रखते हुए अपने कपड़ों का चयन करें जिससे आपके पद की गरिमा भी बनी रह सके।

2 कामकाजी महिलाओं के लिए उचित परिधान साड़ी और सलवार- कमीज ही हैं। अविवाहित लड़कियां जींस, पैंट और टॉप भी पहन सकती हैं, वातावरण के अनुसार।

3 परिधान वही पहनें जिससे आपके व्यक्तित्व में निखार आए, केवल फैशन के लिए परिधान का चयन न करें।

4 कपड़े आकर्षक पहनें। इसका अर्थ यह नहीं कि अधिक महंगे कपड़े ही आकर्षक होते हैं। रंगों और फिटिंग पर पूरा ध्यान दें। अच्छी फिटिंग का कपड़ा आपके व्यक्तित्व को और निखारता है चाहे वह अधिक महंगा न हो।

5 ड्राइक्लीनिंग वाले परिधानों को रोजमर्रा में कम से कम पहनें क्योंकि ऐसे कपड़े बहुत महंगे पड़ते हैं और जरा-सा दाग लगने पर ड्राइक्लीनर के पास भेजने पड़ते हैं।

6 कामकाजी महिलाओं को घर पर आराम से धुलने वाले वस्त्रों को ही पहनना चाहिए।

7 जो भी परिधान पहनें आरामदायक होना चाहिए। उसे पहन कर असुविधा नहीं होनी चाहिए।

8 मौसम के अनुसार ही कपड़ों, गहनों और सौंदर्य प्रसाधन सामग्री का चयन करें। ग्रीष्म ऋतु में सूती और हल्के रंगों के वस्त्र अच्छे लगते हैं। शीत ऋतु में सिल्क, स्पन और गाढ़े रंगों के वस्त्र शोभा देते हैं। वर्षा ऋतु में अधिक पतले और चिपकने वाले वस्त्र न पहनें।

9 कामकाजी महिलाओं के वस्त्र अधिक खुले और अधिक तंग अच्छे नहीं लगते। कपड़ों की सिलाई ऐसी हो कि आप अपने शरीर को सुविधानुसार आसानी से मोड़ सकें। अधिक तंग वस्त्र रक्त संचालन में भी बाधा उत्पन्न करते हैं।

10 छुट्टी वाले दिन अपने कपड़ों को जांच-परख कर प्रैस करवा कर अलमारी में लगाएं ताकि काम पर जाते समय परेशानी न उठानी पड़ जाए।

11 साड़ी पहनने पर पल्लू को अच्छी तरह से पिन अप कर लें ताकि आने-जाने और काम के समय पल्लू बार-बार संभालना न पड़े।

12 कमीज और ब्लाऊज के गले अधिक नीचे तक न पहनें। सलवार-कमीज पहनते समय चुन्नी सही ढंग से बांध लें।

# एजुकेशन लोन सपने करें साकार

हायर स्टडी लगातार महंगी होती जा रही है। हर स्टूडेंट का यह सपना होता है किसी अच्छे कॉलेज में पढ़ें या अब्रॉड जाकर स्टडी करे, लेकिन जब इस तरह की स्टडी के खर्चों पर नजर जाती है तो यह हिम्मत जवाब देने लगती है। ऐसे में एजुकेशन लोन बड़ा सहारा बन कर आता है। हालांकि यह आसानी से नहीं मिलता और सही एमाउंट का लोन मिल जाए, इसके लिए थोड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।



## लोन की शर्तें

एजुकेशन लोन किसी ऐसे किसी भी स्टूडेंट को मिल सकता है जो 16 से 35 वर्ष का हो, भारतीय नागरिक हो और किसी इंस्टीट्यूट में उसका एडमिशन कन्फर्म हो चुका हो। इसके अलावा, बैंक कुछ और शर्तें भी लगा सकते हैं, जैसे-इंस्टीट्यूट बैंक की रिकग्नाइज्ड लिस्ट में हो, स्टूडेंट का एकेडमिक रिकॉर्ड अच्छा हो, उसके एजुकेशन के दौरान कोई गैप न हो और उसके पैरेंट्स या गार्जियन की इनकम का एक नियमित स्रोत हो। बैंकों की रिकग्नाइज्ड लिस्ट में वे इंस्टीट्यूट ही होते हैं जो यूजीसी या एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त होते हैं।

कवर होने वाले खर्च

एजुकेशन लोन आमतौर पर ट्यूशन फीस, एक्जामिनेशन फीस, हॉस्टल फीस और कैंटीन फीस के लिए मिलता है। कुछ बैंक टेक्स्ट बुक इंस्ट्रूमेंट और इक्विपमेंट के खर्चों को भी लोन में शामिल कर लेते हैं और अब्रॉड स्टडी के मामले में कुछ बैंक एक तरफ के हवाई टिकट खर्च को भी इसमें शामिल करते हैं। एजुकेशन लोन उन कोर्सेज के लिए दिया जाता है जो 12 महीने से ज्यादा के होते हैं। आमतौर पर बैंक पार्ट-टाइम, कॉरेस्पॉन्डेंस या ऑनलाइन प्रोग्राम के लिए लोन नहीं देते। अगर किसी का बैंक से अच्छा रिलेशन है तो वह इसे हासिल कर सकता है। कुछ?बैंक कई पार्ट-टाइम कोर्स के लिए भी लोन देते हैं।

## लोन की वापसी

यह हर बैंक के अपने नियम-कायदे पर निर्भर करता है। कुछ बैंक स्टडी पूरी होते ही तत्काल लोन चुकाने की शर्त रखते हैं यानी इसके बाद आपकी ईएमआई तुरंत शुरू हो जाती है। इसी तरह, कुछ बैंक पढ़ाई के बाद कुछ साल का गैप देते हैं ताकि इस दौरान आपको नौकरी मिल जाए और आप आसानी से ईएमआई दे सकें।

जरूरी दस्तावेज

एजुकेशन लोन लेने के लिए स्टूडेंट की आइडेंडिटी, एज, एकेडमिक रिकॉर्ड और एड्रेस प्रूफ लिया जाता है। उसके गार्जियन या पैरेंट्स (जो को-एप्लीकेंट्स होते हैं) के साथ उसके रिलेशन, उनके इनकम और एड्रेस का प्रूफ लिया जाता है। इसके अलावा, इंस्टीट्यूट्स के एडमिशन लेटर की कॉपी भी ली जाती है। अब्रॉड स्टडी के लिए जाने वाले स्टूडेंट को वीजा अप्रूवल, जीआरई, जीमैट आदि के टेस्ट स्कोर और यात्रा संबंधी दस्तावेज की कॉपी जमा करनी पड़ती है। किसी बैंक से एजुकेशन लोन लेने के लिए उसमें एकाउंट रखना जरूरी नहीं होता, लेकिन अगर आपका एकाउंट है तो लोन मिलने में आसानी हो सकती है।

## गारंटर की जरूरत

आमतौर पर बैंक भारत में स्टडी करने पर 5 से 15 लाख रुपये और अब्रॉड स्टडी करने पर 20 से 25 लाख रुपये तक का लोन देते हैं। चार लाख रुपये से कम लोन पर गारंटर की जरूरत नहीं होती। इसी तरह, 4 से 7.5 लाख रुपये तक के लोन गारंटर की मदद से ही मिल जाते हैं, लेकिन इससे ज्यादा की राशि के लोन लेने पर बैंक प्रॉपर्टी के कागजात आदि जमानत के रूप में मांगते हैं।

## लोन पर ब्याज दर

एजुकेशन लोन पर ब्याज दर आमतौर पर 11 से 14 फीसदी के बीच होती है, लेकिन कुछ बैंक इससे ज्यादा भी ब्याज लेते हैं। कई बैंक गर्ल्स स्टूडेंट के लिए रियायती ब्याज दर रखते हैं। भारतीय स्टेट बैंक एजुकेशन लोन पर सालाना 11.75 से 13.75 परसेंट ब्याज लेता है। इसके अलावा, एसबीआई ने गर्ल्स के लिए स्पेशल एजुकेशन लोन दरें तय कर रखी हैं। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने तो एजुकेशन लोन केलिए क्रेडिला नाम की एक अलग सहायक कंपनी ही बना दी है। क्रेडिला एक लाख रुपये से लेकर 20 लाख रुपये तक का एजुकेशन लोन देती है।

ध्यान रहे

- कई बैंक गर्ल्स को लोन कम ब्याज दर पर देते हैं। जैसे एसबीआई में गर्स्न के लिए लोन पर आधा फीसदी कम ब्याकज लिया जाता है।
- फिलहाल बैंक 11.75 से 14.75 फीसदी तक की दर से एजुकेशन लोन दे रहे हैं।
- कई बैंक लोन अमाउंट के 2 परसेंट तक का प्रोसेसिंग फीस भी लेते हैं। - इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 80-ई के तहत सभी तरह के स्टू डेंट लोन के ब्याज भुगतान पर टैक्स रीबेट मिलता है।
- बैंक से कोई बात न छुपाएं। आपके पास यदि कोई डॉक्यूमेंट नहीं है तो उसकी असल वजह साफ-साफ बता दें।
- कोई डॉक्यूमेंट मिस न हो] इसके लिए प्रभावी तरीका यह है कि एक चेकलिस्ट बना लें। - एजुकेशन लोन के लिए को-अप्लीकेशन जरूरी होता है, यह को अप्लीकेंट मां-बाप, पति या पत्नील, भाई-बहन हो सकते हैं।



लोन के लिए गोल्डेन टिप्स

-बैंक से कोई बात न छिपाएं। आपके पास यदि कोई डॉक्यूमेंट नहीं है, तो उसकी असल वजह साफ-साफ बता दें।

-एजुकेशन लोन के लिए को-एप्लीकेशन जरूरी होता है, यह को-एप्लीकेंट मां-बाप, पति या पत्नी, भाई-बहन हो सकते हैं।

-कई बैंक गर्ल्स को रियायती लोन देते हैं, जैसे-एसबीआई में दर आधा फीसदी कम है।?

-फिलहाल बैंक 11.75 से 14.75 फीसदी तक की दर पर एजुकेशन लोन दे रहे हैं।

-कई बैंक लोन अमाउंट के 2 परसेंट तक का प्रोसेसिंग फीस भी लेते हैं।

-सभी तरह के स्टूडेंट लोन के ब्याज भुगतान पर टैक्स रिबेट मिलता है।

-कोई डॉक्यूमेंट मिस न हो, इसके लिए एक चेकलिस्ट बना लें।

## फ्लाइट में जमकर चले थप्पड़-घूसे, कवि सुनील जोगी ने शेयर किया वीडियो

पटना। देश के दिग्गज कवि सुनील जोगी ने फ्लाइट में यात्रियों के बीच थप्पड़-घूसे चलने का एक वीडियो शेयर किया है। इसमें कवि ने लेकल ट्रेन की फीलिंग का एहसास करवाया है। हालांकि जैसे-जैसे हवाई सफर आसान होता जा रहा, फ्लाइट में मारपीट और झगड़े के मामले भी आम होते जा रहे हैं। फ्लाइट में यात्रियों की एक-दूसरे से झड़प में घूसे और थप्पड़बाजी का चौंकाने वाला यह वीडियो खूब देखा जा रहा है। ये वीडियो कब और कहां का है ये स्पष्ट नहीं है।



हालांकि, जिस तरह से एक यात्री को अचानक घेरकर दूसरे लोगों ने मारपीट शुरू कर दी वो चौंकाने वाला है। कवि डॉ. सुनील जोगी द्वारा शेयर किए गए वीडियो देखने से नजर आ रहा कि कैसे फ्लाइट में पैसेंजर ट्रेन की तरह यात्रियों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो जाती है। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे पर थप्पड़ और घूसे बरसा दिए। यही नहीं दो लोगों के बीच विवाद में कुछ दूसरे लोग भी आ गए। उन्होंने भी एक यात्री की बुरी तरह से पिटाई शुरू कर दी। कवि सुनील जोगी ने इस घटनाक्रम को अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया है और उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया है। फ्लाइट में घूसे-थप्पड़बाजी का ये 51 सेकंड का वीडियो उन्होंने अपने फेसबुक पेज पर शेयर किया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि बदलते भारत की तस्वीर, हवाई सफर इतना सुलभ हो गया है कि लोकल ट्रेन की फीलिंग आने लगी है। कवि सुनील जोगी द्वारा एक दिन पहले शेयर किए गए इस वीडियो को अब तक करीब साढ़े चार हजार लोगों ने देखा है। वहीं डेढ़ हजार से ज्यादा लोगों ने इस वीडियो को शेयर किया है। फ्लाइट में मारपीट का ये वीडियो बेहद चौंकाने वाला है। शुरू में देखने पर लग रहा कि जरा सी बात है। हालांकि, धीरे-धीरे विवाद तेजी से बढ़ा और घूसे और थप्पड़ तक बात पहुंच गई। इस दौरान फ्लाइट की अटेंडेंट और एयरहोस्टेस ने बीचबचाव की कोशिश की। लेकिन दोनों यात्रियों में मारपीट जैसे ही शुरू हुई तो उसे भी कुछ समझ नहीं आया।

## भारत-कजाकिस्तान कर रहे हैं काउंटर टेररिज्म ऑपरेशंस का संयुक्त सैन्य अभ्यास

नई दिल्ली। भारत और कजाकिस्तान की सेनाओं ने सोमवार 30 अक्टूबर से एक महत्वपूर्ण संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया है। सैन्य अभ्यास में काउंटर टेररिज्म ऑपरेशंस, छापेमारी, खोज और विनाश ऑपरेशन का अभ्यास शामिल है। यह संयुक्त सैन्य अभ्यास कजाकिस्तान में हो रहा, इसमें भारतीय थल और वायु सेना शामिल हैं। थलसेना और वायु सेना की 120 सैन्य कर्मियों वाली टुकड़ी संयुक्त सैन्य 'अभ?यास काज़िंद-2023' के 7वें संस्करण में भाग लेने के लिए कजाकिस्तान में है। इस सैन्य अभ्यास का आयोजन 30 अक्टूबर से 11 नवंबर 2023 तक कतर, कजाकिस्तान में हो रहा है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक भारतीय सेना के दल में डोगरा रेजिमेंट की एक बटालियन के नेतृत्व में 90 सैन्य कर्मी हैं। कजाकिस्तान के सैन्य दल का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से कजाख ग्राउंड फोर्सेज के दक्षिण क्षेत्रीय कमान के सैन्य कर्मियों द्वारा किया जाता है। इस सैन्य अभ्यास के वर्तमान संस्करण में सेना की टुकड़ियों के साथ दोनों पक्षों से वायु सेना के 30 सैन्य कर्मी भी भाग ले रहे हैं। भारत और कजाकिस्तान के बीच संयुक्त अभ्यास को वर्ष 2016 में 'एक्सरसाइज प्रबल दोस्तीक' के रूप में शुरू किया गया था। दूसरे संस्करण के बाद, अभ्यास को कंपनी-स्तरीय अभ्यास में अपग्रेड किया गया और इसका नाम बदलकर 'एक्सरसाइज काज़िंद' कर दिया गया। इस वर्ष वायु सेना को शामिल करके अभ्यास को द्वि-सेवा अभ्यास के रूप में अपग्रेड किया गया है। अभ्यास के इस संस्करण में, दोनों सैन्य पक्ष संयुक्त राष्ट्र के अधिदेश के अंतर्गत उप-औपचारिक वातावरण में आतंकवाद विरोधी अभियानों के संचालन का अभ्यास कर रहे हैं। ये टुकड़ियां संयुक्त रूप से विभिन्न सामरिक अभ्यासों का अभ्यास करेंगी, जिसमें छापेमारी, खोज और विनाश संचालन, छोटी टीम प्रविष्टि और निष्कर्षण संचालन आदि शामिल हैं। अभ्यास के कार्यक्षेत्र में काउंटर मानव रहित हवाई प्रणाली संचालन भी शामिल है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि 'एक्सरसाइज काज़िंद-2023' दोनों सैन्य पक्षों को एक-दूसरे की रणनीति, युद्ध अभ्यास और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा, जो संयुक्त राष्ट्र कार्यक्षेत्र के अंतर्गत कार्य संचालन के लिए जरूरी है।

## जेल में बंद मनीष सिसोदिया, संजय सिंह को आप ने बनाया स्टार प्रचारक

भोपाल। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा-कांग्रेस और बसपा के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने भी 35 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में आप ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ शराब घोटाले में जेल में बंद मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह को स्टार प्रचारक बनाया है। इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है। आम आदमी पार्टी ने जिन नेताओं को स्टार प्रचारक बनाया है, उनमें मप्र के प्रभारी एवं सांसद डॉ. संदीप पाठक, गोपाल राय, राघव चड्ढा, पंकज गुप्ता, आतिशी, सौरभ भारद्वाज, इमरान हुसैन, अमन अरोरा, राज कुमार आनंद, अनमोल गगन मान, लालजीत सिंह भुल्लर, चेतन सिंह, ब्रह्म शंकर, हरपाल सिंह चीमा, हरजोत सिंह, डॉ. बलबीर सिंह, बालकर सिंह, दिलीप पांडे, राखी बिड़लान, कुलदीप कुमार, बीएस जून, रजनीश दाहिया, शेरी कलसी, मंजिदर सिंह लालपुरा, दिनेश चड्ढा, चैतर वासवा, जगतार सिंह, रानी अग्रवाल और पंकज सिंह का नाम शामिल है।

## न्यायालय ने वायु प्रदूषण पर नियंत्रण को लेकर दिल्ली समेत पांच राज्यों से हलफनामे देने को कहा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारों को वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति एस के कौल की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने उन्हें एक सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की मुख्य वजहों में से एक पराली जलाना है। उच्चतम न्यायालय ने पहले दिल्ली में तथा उसके आसपास वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से एक रिपोर्ट मांगी थी।

## आजम खान को लगा एक और बड़ा झटका, जौहर ट्रस्ट से जमीन वापस लेगी योगी सरकार, कैबिनेट ने लगाई मुहर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार (31 अक्टूबर) को जेल में बंद समाजवादी पार्टी नेता आजम खान के जौहर ट्रस्ट से कुछ सरकारी जमीन वापस लेने का फैसला किया है। यह फैसला सुबह 11 बजे लखनऊ के लोकभवन में योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। बैठक में एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों पर चर्चा हुई जिसमें तत्कालीन समाजवादी पार्टी सरकार द्वारा जौहर ट्रस्ट को आवंटित जमीन वापस लेने का मुद्दा भी शामिल था। तत्कालीन सपा सरकार के दौरान माध्यमिक शिक्षा विभाग की जमीन आजम खान के जोहट ट्रस्ट को 100 रुपये सालाना किराये पर आवंटित की गई थी। बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना ने आरोप लगाया था कि सपा के कार्यकाल में आजम ने मुर्तजा विद्यालय की जमीन जौहर ट्रस्ट के नाम करा ली थी। जमीन पर समाजवादी पार्टी का कार्यालय बना हुआ था। इससे पहले पिछले महीने आयकर (आईटी) विभाग ने आजम खान के ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह छापेमारी अल जौहर ट्रस्ट मामले में की गई थी। यह छापेमारी रामपुर, लखनऊ, सहारनपुर, गाजियाबाद और सहारनपुर समेत राज्य के कई अन्य जिलों में की गई। पिछले दिनों रामपुर की एक अदालत ने समाजवादी पार्टी (सपा) नेता आजम खान, उनकी पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के पांच साल पुराने मामले में दोषी ठहराते हुए सात साल की सजा सुनाई थी। जनवरी 2023 में खान ने एक बयान दिया था जिसमें उन्होंने खुद को卐गरीबों का मसीहा卐 बताया था और सरकार पर उन्हें परेशान करने का आरोप लगाया था। मानहानि मामले में पेश होने के लिए बांद्रा कोर्ट पहुंचे खान ने मीडिया से कहा कि वह निर्दोष हैं और सरकार 'जानबूझकर उन्हें फंसा रही है।' खान ने कहा था, 'मुझे परेशान करने के लिए सब कुछ किया जा रहा है, मैंने कोई अपराध नहीं किया है। अब तक पूंजीपतियों ने विश्वविद्यालय बनाए हैं। मैं एक गरीब आदमी हूं, मैंने एक विश्वविद्यालय बनाया जो अनाथों से फीस नहीं लेता।'

# स्वतंत्र भारत को एक भारत बनाने में सरदार पटेल के योगदान को क्यों छिपाया: राजनाथ सिंह

**लखनऊ (एजेंसी)।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आजाद भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने बड़ा योगदान दिया है। उन्ही के प्रयासों का परिणाम है कि आज भारत की एकता और अखंडता का उदाहरण दुनिया में बना हुआ है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर स्वतंत्र भारत को एक भारत बनाने में सरदार पटेल की भूमिका को सामने क्यों नहीं आने दिया। उन्होंने बिना नाम लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत को एक भारत बनाने में सरदार पटेल की जो भूमिका रही उसे प्रमुखता से देश की जनता के सामने नहीं आने दिया गया। देश के पहले गृह मंत्री 'भारत रत्न सरदार वल?लभ भाई पटेल की जयंती 'एकता दिवस पर यहां आयोजित 'रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित?यनाथ की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, ''स्वतंत्र भारत को एक भारत बनाने में सरदार पटेल की जो भूमिका रही उसे प्रमुखता से देश की जनता के सामने नहीं आने दिया गया।




उन्होंने कहा, ''पिछले 10 वर्षों से हम सरदार पटेल को वह सम्मान दिलाने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके वह सच्चे हकदार रहे हैं। 2013 में नरेन्द्र मोदी जी जब प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार घोषित हुए थे, उस वर्ष हमारी पार्टी (भारतीय जनता पार्टी) ने यह कार्यक्रम आयोजित किया था और उस समय मैंने कार्यक्रम को हरी झंडी दिखायी थी। सिंह ने कहा, ''आज 10 साल बाद बतौर रक्षा मंत्री 'रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को हरी झंडी दिखा रहा हूं। उन्होंने कहा, ''यह कार्यक्रम इसलिए आयोजित किया जाता है कि देश के युवा सरदार पटेल के महत्व को समझ सकें और उनसे प्रेरणा लेकर भारत की एकता व अखंडता का संदेश जनता के बीच पहुंचाएं।सिंह ने कहा, ''यह सरदार पटेल की दूरदर्शिता और उनके रणनीतिक-कूटनीतिक क्षमता का ही कमाल था कि भारत की एकता और अखंडता सुनिश्चित की जा सकी। आप सबने जूनागढ़ रियासत और निजामशाही की घटनाओं के बारे में सुना होगा। सरदार पटेल ने इन दोनों रियासतों का भारत में विलय कराया। उन्होंने कहा, ''कल्पना कीजिए कि अगर सरदार पटेल ने सूझबूझ और दृढ़ता का परिचय न दिया होता तो आज भारतवासियों को जूनागढ़ और हैदराबाद जाने के लिए वीजा, पासपोर्ट की जरूरत पड़ती। सिंह ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्?द्र मोदी ने गुजरात के केवड़िया में में 182 फुट ऊंची सरदार पटेल की प्रतिमा का निर्माण कराया है और उसका नाम 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी रखा है।

रक्षा मंत्री ने कहा, ''देश के प्रथम गृह मंत्री की जयंती के अवसर पर हम जहां उनको याद कर रहे हैं और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं, वहीं हमें उन सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और नेताओं का स्मरण करना चाहिए जिन्होंने भारत को आजाद कराने और स्वतंत्र भारत के निर्माण में अपनी बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। सरदार पटेल के कार्यों की सराहना करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, ''जब भारत 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ तो वह 562 रियासतों में बंटा हुआ भारत था, लेकिन देश के गृह मंत्री के रूप में सरदार वल?लभ भाई पटेल ने जो भूमिका निभाई उसके कारण पूरा भारत एक हो पाया।

यह प्रतिमा न्यूयॉर्क के 'स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से भी बड़ी है। हम लोगों के लिए सौभाग्य का विषय है कि दुनिया में कोई भी प्रतिमा सरदार पटेल की प्रतिमा से बड़ी नहीं है। उन्होंने कहा, ''मैं कई बार केवड़िया गया हूं, वह एक प्रेरणा स्थल और पर्यटन स्थल हैं। रक्षा मंत्री ने लोगों को वहां जाने की सलाह दी। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, ''सरदार पटेल की जयंती एकता और एकजुटता के संकल्प का दिन है और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लेने का भी यह दिन है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बलिदान दिवस पर भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उप्र के मुख?यमंत्री योगी आदित?यनाथ के अलावा दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत कई प्रमुख लोगों ने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी।

## आशंका है कि ईडी दो नवंबर को केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेगी : आतिशी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को दावा किया कि ऐसी आशंका है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पूछताछ करने के बाद दो नवंबर को उन्हें गिरफ्तार कर लेगा। दिल्ली में सत्तारूढ़ पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उसके शीर्ष नेताओं को जेल में डालकर पार्टी को खत्म करने का प्रयास कर रही है। केजरीवाल को धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत समन जारी किए गए हैं और सूत्रों के अनुसार ईडी दो नवंबर को सुबह 11 बजे केजरीवाल के जांच एजेंसी के दिल्ली कार्यालय में पेश होने के बाद उनका बयान दर्ज करेगी। यह पहली बार है जब ईडी ने केजरीवाल को समन भेजा है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अप्रैल में इस मामले में उनसे पूछताछ की थी। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि भाजपा 'आप' को निशाना बनाने के लिए इन हथकंडों का इस्तेमाल कर रही है क्योंकि वह जानती है कि चुनावों में केजरीवाल को हराया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा, ''ऐसी खबर है कि केजरीवाल को दो नवंबर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अगर उन्हें गिरफ्तार किया जाता है तो उसके पीछे भ्रष्टाचार (आरोप) की वजह नहीं होगी बल्कि भाजपा के खिलाफ बोलने की वजह होगी।'' आतिशी ने कहा, ''आप ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में दो बार और एमसीडी चुनावों में भी भाजपा को हराया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से डरे हुए हैं। भाजपा जानती है कि वह चुनाव में आप को नहीं हरा सकती।'' मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सत्येंद्र जैन समेत 'आप' के शीर्ष नेतृत्व की गिरफ्तारी के संदर्भ में आतिशी ने दावा किया कि इसका केवल यही मतलब है कि भाजपा, 'आप' को खत्म करना चाहती है।

# मोदी सरकार में नंबर एक की हैसियत में है अडानी : राहुल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार में उद्योगपति अडानी नंबर एक की हैसियत में है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वही करते हैं जो अडानी कहते हैं।

श्री गांधी ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा 'श्री मोदी की आत्मा अडानी में है और उनकी ताकत अडानी के पास है। श्री मोदी वही करने को विवश होते है जो अडानी उनसे करवाना चाहते हैं। देश के सभी क्षेत्रों के उद्योगों पर अडानी का एकाधिकार है और वह आए दिन हर उद्योग पर कब्जा कर रहे है।'

कांग्रेस नेता ने कहा कि जैसे ही अडानी पर सवाल उठाए जाते हैं ईडी, सीबीडी सक्रिय हो जाती हैं लेकिन मोदी सरकार को समझ लेना चाहिए कि अब अडानी बच नहीं सकते। पूरे देश की और पूरे विपक्ष की निगाह अडानी पर है और सरकार का प्रयास लोगों को भटकाने का है।



उन्होंने कहा 'मोदी सरकार में अडानी नंबर एक और नरेंद्र मोदी नंबर दो की पोजीशन में हैं। श्री मोदी की आत्मा अडानी में है इसीलिए अडानी के लिए कृषि कानून बना दिया। एयरपोर्ट, बंदरगाह, सीमेंट कारखाने और अन्य ढांचागत व्यवस्था अडानी को सौंप दी गई है।'

कांग्रेस नेता ने कहा कि अडानी का एकाधिकार हो गया है और इससे नुकसान देश के युवाओं का हो रहा है। अडानी को देश की जनता का पैसा छीनकर दिया जा रहा है। उनका कहना था कि देश में जाति गणना के बिना कुछ नहीं हो सकता है। अडानी से देश के लोग बिजली खरीदते हैं, बिजली कोयला से बनती है और कोयला अडानी के हवाले है। अडानी, मोदी सरकार से लोगों पर मनमानी कर लगाकर उगाई कर रहे हैं और देश के दलितों तथा आदिवासियों का पैसा लूटा जा रहा है।

उन्होने कहा 'श्री मोदी देश के लोगों का ध्यान भटकाकर, देश की पूंजी अडानी को दे रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान हिंदुस्तान के युवाओं का हो रहा है। ये एक तरफ आपसे झूठे भविष्य का वादा करते हैं और फिर दूसरी तरफ आपका धन दूसरे के हाथ में सौंप देते हैं। ये हिंदुस्तान की सच्चाई है।'

## मुकेश अंबानी को धमकी: 4 सौ करोड़ दे...दो नहीं तो एक स्नाइपर ही ले लेगा जान

**मुंबई (एजेंसी)।** दुनिया के गिने चुने उद्योगपतियों में शुमार मुकेश अंबानी को तीसरी बार जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार आरोपी ने कहा है कि कितनी ही सुरक्षा बढ़ा लो हमारा एक स्नाइपर ही आपकी जान ले लेगा। बेहतर होगा कि हमे 4 सौ करोड़ दे दो। बता दें कि अंबानी को यह तीसरी बार धमकी मिली है। पहली बार में आरोपी ने 20 करोड़ मांगे थे,दूसरी बार में दो सौ करोड़ मांगे, और अब तीसरी बार की धमकी में 4 सौ करोड़ की रकम मांगी है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और दुनिया के अमीरों की लिस्ट में शुमार मुकेश अंबानी को बीते कुछ ही दिनों में तीन बार धमकी मिल चुकी है। मुकेश अंबानी की आधिकारिक आईडी पर आए ईमेल में लिखा है, तुम्हारी सुरक्षा कितनी भी चाक चौबंद हो, हमारा एस स्नाइपर ही तुम्हारी जान ले सकता है। इस बार 400 करोड़ और पुलिस मेरा ना पता लगा सकती है और ना ही गिरफ्तार कर सकती है। इन धमकियों की गंभीरता को देखते हुए मुंबई पुलिस ने अंबानी के दक्षिणी मुंबई के आवास एंटीलिया की सुरक्षा बढ़ा दी है। पहली बार धमकी वाला मेल शुक्रवार को आया था। धमकी देने वाले ने 100 करोड़ रुपये की मांग की थी और अंबानी को जान से मारने की धमकी दी थी। उसने अपना नाम शादाब खान बताया था। इसके बाद एंटीलिया के सिक्योरिटी इनचार्ज देवेंद्र मुंशीराम ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई थी। शनिवार को दूसरा ईमेल आया और रंगदारी की रकम डबल हो गई। हालांकि मुकेश अंबानी की तरफ से इन ईमेल पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का कहना है कि उसी सेंडर ने सोमवार को एक बार फिर मेल भेजकर धमकी दी। पुलिस का कहना है कि ईमेल भेजना वाला बेल्जियम के सर्विस प्रोवाइडर का इस्तेमाल कर रहा है। मुंबई पुलिस ने एक पत्र लिखकर इंटरनेट प्रोटोकॉल ऐड्रेस को लोकेट करने की अपील की है। पुलिस ने कहा है कि जांच जारी है और जल्द ही धमकी देने वाले का पर्दाफाश होगा।पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ सेक्शन 387 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## परषोत्तम रूपाला ने कृषि भवन परिसर से 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाई

नई दिल्ली। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला ने मंगलवार को कृषि भवन परिसर से 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाई और इसका नेतृत्व किया। इस अवसर पर मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री डॉ. संजीव कुमार बालियान और डॉ. एल. मुरुगन भी उपस्थित थे। इस दौरान अपने संबोधन में परषोत्तम रूपाला ने कहा देश की अखंडता और डेयरी सहकारी क्षेत्र में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा और वह हमें प्रेरित करते रहेंगे। सरदार वल्लभभाई पटेल की 148वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के 150 से अधिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पशुपालन और डेयरी विभाग की सचिव अलका उपाध्याय और मत्स्य पालन विभाग के सचिव, डॉ. अभिलक्ष लिखी ने कृषि भवन परिसर से राजेंद्र प्रसाद रोड होते हुए हैदराबाद हाउस तक 'रन फॉर यूनिटी' में जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। राष्ट्र की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा को बनाए रखने के वादे के साथ सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ के साथ 'रन फॉर यूनिटी' की शुरुआत की।



# महाराष्ट्र सरकार ने लिए तीन अहम फैसले, मराठों को मिलेगा कुनबी जाति का प्रमाणपत्र

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को घोषणा की कि वह कुनबी जाति प्रमाण पत्र के लिए मराठा समुदाय की लंबे समय से चली आ रही मांग पर कार्रवाई शुरू करेगी, जो उन्हें ओबीसी श्रेणी में आरक्षण के लिए पात्र बनाती है। सरकार ने सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संदीप शिंदे की अध्यक्षता वाली समिति की पहली रिपोर्ट स्वीकार कर ली। मराठवाड़ा क्षेत्र में विशेष रूप से मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया निर्धारित करने के लिए समिति की स्थापना की गई थी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदेन ने मराठा आरक्षण को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन को शांत करने के लिए समाधान खोजने के लिए मंगलवार को एक तत्काल कैबिनेट बैठक की।

कैबिनेट बैठक में तीन अहम फैसले लिए गए।




जस्टिस संदीप शिंदे की पहली रिपोर्ट को मंजूरी दी गई है। जस्टिस शिंदे ने मराठवाड़ा के निज़ाम काल के दौरान मराठा कुनबी और कुनबी मराठा के दस्तावेजों की जांच की थी। पिछड़ा वर्ग आयोग अब मराठा समुदाय के शैक्षिक और सामाजिक पिछड़ेपन की जांच करेगा और ताजा अनुभवजन्य डेटा एकत्र करेगा। वहीं, न्यायमूर्ति दिलीप भोसले की अध्यक्षता में न्यायमूर्ति मारोती गायकवाड़ और न्यायमूर्ति संदीप शिंदे की समिति मराठा आरक्षण प्रदान करने के लिए सरकार को कानूनी सलाह देगी।

सरकार का निर्णय कार्यकर्ता मनोज जारांगे के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के बीच आया है, जिन्होंने मराठा समुदाय के लिए कोटा अधिकारों की खोज में अनिश्चितकालीन उपवास किया था। इस मांग को लेकर राज्य के विभिन्न हिस्सों में हिंसा की कई घटनाएं भी भड़की थीं। इस बीच, मराठा विरोध का नेतृत्व कर रहे कार्यकर्ता मनोज जारांगे ने कहा कि मराठा समुदाय ÷अधूरा आरक्षण÷ स्वीकार नहीं करेगा और महाराष्ट्र सरकार को इस मुद्दे पर राज्य विधानमंडल का एक विशेष सत्र बुलाना चाहिए। कुनबी, एक कृषक समुदाय, पहले से ही अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में आरक्षण के लिए पात्र हैं।

# कौन कर रहा बड़े नेताओं के फोन हैक? हैकिंग की कोशिश पर एप्पल अलर्ट, विपक्षी नेताओं ने सरकार पर लगाया आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी और कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और शशि थरूर सहित कई विपक्षी नेताओं ने कहा कि उन्हें अपने फोन और ईमेल पर एप्पल से संदेश मिले हैं, जिसमें चेतावनी दी गई है कि 'राज्य प्रायोजित हमलावर' हो सकते हैं। उनके iPhone को निशाना बना रहे हैं।

एक ट्वीट में मोइत्रा ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक के अन्य नेता, जिनमें कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और शशि थरूर, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव, आम आदमी पार्टी (आप) नेता राघव चड्ढा, सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी और अन्य शामिल हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के कार्यालय को भी एप्पल की ओर से चेतावनी भरे संदेश मिले।

विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार उनके फोन हैक करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने उन संदेशों के स्क्रीनशॉट संलग्न किए, जो उन्हें सोमवार देर रात उनके फोन और ईमेल पर प्राप्त हुए थे। एक ट्वीट में महुआ मोइत्रा न ेएप्पल के चेतावनी संदेश के स्क्रीनशॉट को इस विषय के साथ संलग्न किया जिसमें लिखा था 'राज्य-प्रायोजित हमलावर आपके iPhone को निशाना बना सकते हैं÷। मोइत्रा ने यह भी कहा कि प्रियंका चतुर्वेदी और विपक्षी भारतीय गुट के तीन अन्य लोगों को उनके फोन और ईमेल पर वही संदेश मिले। सरकार पर निशाना साधते हुए मोइत्रा ने ट्वीट किया, 'एप्पल से मुझे संदेश और ईमेल मिला जिसमें चेतावनी दी गई है कि सरकार मेरे फोन और ईमेल को हैक करने की कोशिश कर रही है।

यह तब हुआ जब मोइत्रा को 2 नवंबर को लोकसभा आचार समिति के सामने पेश होने के लिए कहा गया था, जब उन पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक व्यवसायी से पैसे के बदले में संसद में सवाल पूछने का आरोप लगाया था।

इस बीच, प्रियंका चतुर्वेदी ने भी एक ट्वीट में कहा कि उन्हें भी यही संदेश मिला और पूछा कि क्या गृह मंत्रालय इस मामले की जांच करेगा। उन्होंने कहा 'तो सिर्फ मुझे ही नहीं बल्कि @MahuaMoitra को भी एप्पल से यह चेतावनी मिली है। क्या @HMOIndia जांच करेगा?'

शशि थरूर ने ट्वीट किया 'एप्पल आईडी, Threat-notifications @apple.com से प्राप्त हुआ, जिसे मैंने सत्यापित कर लिया है। प्रामाणिकता की पुष्टि की गई है। मेरे जैसे करदाताओं के खर्चों पर अल्प-रोज़गार अधिकारियों को व्यस्त रखने में खुशी हुई! इससे अधिक महत्वपूर्ण कुछ नहीं करना है?'



## चीन के पूर्व प्रधानमंत्री ली केकियांग का 2 नवंबर को किया जाएगा अंतिम संस्कार, दिल का दौरा पड़ने से हुआ था निधन



बीजिंग ।पूर्व चीनी प्रधान मंत्री ली केकियांग का अंतिम संस्कार गुरुवार को बीजिंग में होगा। एक आधिकारिक घोषणा में मंगलवार को कहा कि प्रशंसित सुधारवादी अर्थशास्त्री की अचानक मृत्यु के कुछ दिनों बाद। एक दशक पहले चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के खिलाफ सत्ता के दावेदार रहे 68 वर्षीय ली की पद छोड़ने के कुछ ही महीने बाद 27 अक्टूबर को शंघाई में दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। सरकारी मीडिया ने बताया कि इस साल मार्च में सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने के बाद वह आराम के लिए शंघाई में थे। आधिकारिक शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि कॉमरेड ली केकियांग के अवशेषों का गुरुवार को बीजिंग में अंतिम संस्कार किया जाएगा। ली को 2012 में सत्तारूढ़ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) का नेतृत्व करने के लिए शी के खिलाफ मजबूत दावेदार माना जा रहा। वह प्रधानमंत्री के तौर पर करीब एक दशक, मार्च 2013 से मार्च 2023 तक, शी के बाद चीन के दूसरे नंबर के नेता रहे। सीपीसी, कैबिनेट और संसद ने अपने एक शोक संदेश में ली के निधन को भारी नुकसानबताया है। उन्हें सीपीसी का एक श्रेष्ठ सदस्य, समय पर खरा उतरने वाले, विश्वस्त कम्युनिस्ट सैनिक और एक शानदार सर्वहारा क्रांतिकारी, राजनेता तथा पार्टी एवं देश का नेता बताया गया है।

## नेपाल के विदेश मंत्री सऊद ने ब्लिंकन से की मुलाकात, अमेरिका से किया समर्थन बढ़ाने का अनुरोध

काठमांडू, ।नेपाल ने नेपाल व्यापार तरजीही कार्यक्रम (एनटीपीपी) के पुनर्प्राधिकरण तथा विस्तार का अनुरोध करते हुए व्यापार व निवेश, बाजार पहुंच, खाद्य सुरक्षा और आईटी जैसे क्षेत्रों में अमेरिका से समर्थन बढ़ाने का अनुरोध किया है। वाशिंगटन में नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सऊद और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के बीच एक द्विपक्षीय बैठक में नेपाल की ओर से यह अनुरोध किया गया। सऊद के कार्यालय की ओर से यहां मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, ''विदेश मंत्री ने देश को सबसे कम विकसित देश की श्रेणी से बाहर निकालने के संदर्भ में नेपाल की विकास प्राथमिकताओं को रेखांकित किया और व्यापार व निवेश, बाजार पहुंच, खाद्य सुरक्षा तथा आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) सहित अन्य क्षेत्रों में अमेरिका से समर्थन बढ़ाने का आह्वान किया।' बयान में कहा गया, ''विदेश मंत्री ने नेपाल व्यापार तरजीही कार्यक्रम (एनटीपीपी) और जीएसपी (सामान्यीकृत तरजीही प्रणाली) सुविधाओं के पुनर्प्राधिकरण तथा विस्तार का भी अमेरिका से अनुरोध किया।' वहीं ब्लिंकन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'मैंने नेपाल में अमेरिकी निवेश को उजागर करने के लिए नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सऊद से मुलाकात की.' ब्लिंकन ने साथ ही इज़राइल पर हमास के आतंकवादी हमले में प्रभावित नेपाली छात्रों के परिवारों के प्रति भी संवेदना व्यक्त की।

## भारतीय मूल का व्यक्ति भारतीय महिला की हत्या मामले में आरोपित

लंदन। भारतीय मूल के एक व्यक्ति (23) को एक भारतीय महिला की हत्या के मामले में आरोपित किया गया है जो दक्षिण लंदन के क्रोयडन में एक घर में मृत पाई गई थी। उसके शव पर चाकू से किए गए घाव थे। रविवार शाम को पुलिस और चिकित्सा कर्मचारियों को घटनास्थल पर बुलाया गया जिन्होंने महिला महक शर्मा को मृत घोषित कर दिया। इस बाद से ही आरोपी शैल शर्मा हिरासत में हैं। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि मृतक के परिजन को सूचना दे दी गई है और मंगलवार को विशेष पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। पुलिस ने कहा, 'महक के परिजन को सूचना दे दी गई है, औपचारिक तौर पर पहचान की प्रतीक्षा की है।' उसने कहा, 'मंगलवार 31 अक्टूबर को विशेष पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।' स्थानीय मीडिया की खबर के अनुसार, माना जाता है कि महक हाल ही में भारत से आई थी। महिला और आरोपी के बीच संबंध के बारे में अभी पता नहीं चल सका है। आरोपी को रविवार को क्रोयडन में 'एश ट्री वे' में घटनास्थल से गिरफ्तार किया गया है। उसे मंगलवार को वेम्बिल्डन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया जाएगा।'

## टेक्सस हाउस पार्टी में शख्स ने 2 लोगों की हत्या की, गिरफ्तार

ऑस्टिन। अमेरिकी राज्य टेक्सस के सैन एंटोनियो में एक हाउस पार्टी में दो लोगों की हत्या करने और तीन अन्य को घायल करने के आरोप में 20 साल के एक बंदूकधारी को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, जेल रिकॉर्ड से पता चलता है कि राउल ट्रेविनो पर पहले भी कई लोगों की हत्या और घातक हथियार से गंभीर हमले का आरोप लगाया गया था। सैन एंटोनियो पुलिस के अनुसार, घायलों में 13 साल की एक लड़की भी शामिल है। उसके माता-पिता दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात गोलीबारी से पहले पार्टी में आए एक व्यक्ति और पड़ोसी के बीच बहस हुई थी। स्थानीय मीडिया आउटलेट केएसएटी ने नवीनतम एफबीआई डेटा का हवाला देते हुए बताया कि सैन एंटोनियो में हिंसक अपराध के मामलों की संख्या अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है।

## यूक्रेन में रूसी गोलाबारी में 91 वर्षीय महिला की मौत

यूक्रेन के दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र के रिहायशी इलाकों में रूसी गोलाबारी में 91 साल की एक महिला की मौत हो गई। यूक्रेन के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। खेरसॉन के गवर्नर अलेक्जेंडर प्रोकुडिन द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो फुटेज के अनुसार, रातभर की गोलाबारी से एक ऊंची इमारत में आग लग गई, इसकी खिड़कियां उड़ गईं और इसके कुछ अपार्टमेंट मलबे में तब्दील हो गए। नौवीं मंजिल पर महिला के साथ रह रही उसकी बेटी के अनुसार, उसकी मां की मौत एक अपार्टमेंट की दीवार उसपर गिरने से हुई। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने सोमवार को बताया कि मृत महिला 24 घंटों में देश के पूर्व और दक्षिण में मारे गए तीन यूक्रेनी नागरिकों में शामिल है, जबकि कम से कम 12 लोग इस दौरान घायल हो गए। प्रोकुडिन ने कहा कि सोमवार दोपहर को एक रूसी गोला खेरसॉन में एक सार्वजनिक बस पर गिरा, जिससे सात लोग घायल हो गए। उन्होंने फर्श पर खून के धब्बे के साथ एक टूटी हुई बस की तस्वीरें साझा की हैं।

## कैलिफोर्निया में हिंदू मंदिर को चोरों ने बनाया निशाना, चुरायी 100 पाउंड वजनी दान पेटी

न्यूयॉर्क। कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो शहर में दो संदिग्ध एक हिंदू मंदिर में घुस गए और वहां से दान पेटी चुरा ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। सोमवार सुबह चोरी की सूचना मिलने के बाद सैक्रामेंटो पुलिस विभाग के अधिकारी लगभग 2:15 बजे ला मांचा वे में हरि ओम राधा कृष्ण मंदिर पहुंचे। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, सर्विलांस वीडियो में दो चोरों को मंदिर में घुसते हुए और सीधे दान पेटी की ओर जाते हुए देखा गया। फुटेज में उन्हें मंदिर के पीछे लगभग 100 पाउंड वजनी बक्सा ले जाते हुए और एक कार में डालते हुए भी देखा गया। मंदिर के संरक्षक गुरु महाराज ने सीबीएस न्यूज को बताया कि बक्से में हजारों डॉलर थे। महाराज ने चैनल से कहा, 'ऐसा लगता है कि जिसने भी यह किया है, वह पूर्व नियोजित था।' महाराज की पत्नी ने बताया कि चोरों ने पीछे और साइड के दरवाजे से अंदर घुसने की कोशिश की। महाराज ने कहा, 'यह हमारे समुदाय के लिए बहुत बड़ी क्षति है और हम लोगों की मदद करने के लिए यहां हैं।' 'हमारे यहां यह जमीन है। हम होमलेस सेंटर के 40 कमरे बनाने वाले हैं ताकि हम लोगों की मदद कर सकें, और अगर ये चीजें होती रहीं तो हम अन्य लोगों की मदद कैसे कर सकते हैं?'

# इज़राइल ने गाजा की सुरंगों के अंदर हमास को बनाया निशाना, सैनिक को कैद से कराया मुक्त

**गाजा (एजेंसी)।** हमास आतंकवादियों के साथ युद्ध के बीच इज़राइल ने गाजा के नीचे इस्लामवादियों के विशाल सुरंग नेटवर्क के अंदर हमास के बंदूकधारियों पर हमला किया। इज़राइल ने अपने नागरिकों को उत्तरी काकेशस (पश्चिम एशिया और पूर्वी यूरोप के बीच विभाजन पर यूरेशिया में स्थित व्यापक काकेशस क्षेत्र का एक हिस्सा) छोड़ने की चेतावनी भी दी है। यह घटनाक्रम तब हुआ जब भीड़ ने रूस के दागेस्तान क्षेत्र में एक हवाई अड्डे पर उस समय धावा बोल दिया जब इजराइल से एक विमान उतरा था।

इस बीच, गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायल-हमास युद्ध में फिलिस्तीनी मरने वालों की संख्या 8,306 तक पहुंच गई है। क़ब्ज़े वाले वेस्ट बैंक में हिंसा और इज़रायली छापे में 110 से अधिक फ़िलिस्तीनी मारे गए हैं। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, इज़राइल में 1,400 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश नागरिक हैं। इसके अलावा, 240 बंधकों को आतंकवादी समूह द्वारा इज़राइल से गाजा में ले जाया गया था।

इज़रायली बलों ने कहा कि उन्होंने गाजा के नीचे इस्लामवादियों के विशाल सुरंग नेटवर्क के अंदर हमास आतंकवादियों पर हमला किया। ऐसा तब हुआ जब प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फिलिस्तीनी एन्क्लेव के मानवीय संकट को कम करने के लिए लड़ाई रोकने के आह्वान को खारिज कर दिया। सुरंगें इज़राइल के लिए एक प्रमुख उद्देश्य



हैं क्योंकि यह तीन सप्ताह पहले हुई गोलीबारी के बाद सत्तारूढ़ हमास आंदोलन को खत्म करने के लिए गाजा के अंदर जमीनी अभियानों का विस्तार कर रहा है, जिसमें इजरायली अधिकारियों का कहना है कि 1,400 से अधिक लोग मारे गए थे।

## फिलिस्तीनी कैदियों को मुक्त करें, ताकि हम घर लौट सकें : इजरायली बंधक



तेल अवीव, ।हमास ने सोमवार को संगठन द्वारा बंधक बनाए गए तीन बंधकों का वीडियो जारी किया, जिसमें उन्होंने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से सभी फिलिस्तीनी कैदियों को इजरायली हिरासत से मुक्त करने के लिए कहा है, ताकि वे भी अपने परिवारों के पास वापस लौट सकें। तीन बंधकों की पहचान रिमोन बुचशताब किर्शट (36), डेनिएल अलोनी (44) और लेना ट्रुपानोव (50) के रूप में की गई है। वीडियो में बंधकों ने कहा कि वे पिछले 23 दिनों से हमास की हिरासत में हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही युद्धविराम की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा, '7 अक्टूबर को जब हम पर हमला किया गया और अपहरण किया गया तो बचाने के लिए सेना मौजूद नहीं थी।' उन्होंने कहा, 'हम इजराइल सरकार को कर दे रहे हैं, फिर भी हमें बंधक बना लिया गया है और हम भयानक स्थिति में हैं।' बंदियों ने नेतन्याहू से पूछा कि क्या वह उन्हें मारना चाहते हैं और क्या उन्होंने पर्याप्त वध नहीं किया है? उन्होंने कहा, 'क्या बड़ी संख?या में इजरायली नागरिक नहीं मारे गए हैं? सभी कैदियों को रिहा करो, ताकि सभी अपने परिवारों के पास वापस जा सकें।'

# फिर तबाही लाने की तैयारी में लगा अमेरिका? बनाने जा रहा है बेहद खतरनाक परमाणु बम

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** पेंटागन एक नया सुपर-शक्तिशाली परमाणु बम बनाने की योजना बना रहा है, जो 1945 में हिरोशिमा में इस्तेमाल किए गए बम से 24 गुना अधिक ताकतवर होगा। ये खबर चीन द्वारा 2030 तक अपने परमाणु हथियारों को दोगुना करके 1,000 से अधिक करने के इरादे का खुलासा करने के बाद आई है। आज, रक्षा विभाग ने घोषणा की कि संयुक्त राज्य अमेरिका बी61 परमाणु गुरुत्वाकर्षण बम के एक आधुनिक संस्करण का अनुसरण करेगा, जिसे बी61-13 नामित किया गया है, जो कांग्रेस के प्राधिकरण और विनियोग तक लंबित है।

रक्षा विभाग की विज्ञप्ति में कहा गया है, ऊर्जा विभाग का राष्ट्रीय परमाणु सुरक्षा प्रशासन (एनएनएसए) बी61-13 का उत्पादन करेगा। बयान में कहा गया है कि इस क्षमता को आगे बढ़ाने का निर्णय, जो एनएनएसए के निकट सहयोग से किया गया था, 2022 परमाणु मुद्रा समीक्षा में वर्णित तेजी से विकसित हो रहे सुरक्षा वातावरण की मांगों का जवाब देता है। संयुक्त राज्य अमेरिका का नया बम, जिसे बी61-13 कहा जाता है, विमान से गिराया जाएगा,



जिसमें वर्तमान में विकास में महंगा बी-21 रेडर स्टील्थ बॉम्बर भी शामिल है, जिसकी लागत 692 मिलियन डॉलर है।

पेंटागन ने एक बयान में कहा कि यह बम संभावित विरोधियों के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका को चुनौती देना और अधिक कठिन बना देगा। यह राष्ट्रपति को बड़े और कठिन सैन्य क्षेत्रों को लक्षित करने के लिए अधिक विकल्प प्रदान करता है। हालाँकि, अंतरिक्ष नीति के सहायक रक्षा सचिव ने नए हथियार पर चर्चा में चीन या रूस का उल्लेख नहीं किया।

## मुसलमानों को देश से निकालूंगा...डोनाल्ड ट्रंप ने दोबारा राष्ट्रपति बनने को लेकर कर दिया ऐसा ऐलान, पूरी दुनिया हो गई परेशान



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** यूरोप में हमास समर्थक लाखों लोगों को सड़कों पर प्रदर्शन करता देख अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐसा बयान दिया है जिसने हंगामा खड़ा कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप का ये बयान मुस्लिम शर्णार्थियों को लेकर है। जिन्होंने पूरे यूरोप को अपनी चपेट में ले लिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि आज यूरोप और अमेरिका की सड़कों पर जो हो रहा है वो काफी चिंताजनक है। हम यूरोप जैसा नहीं बनना चाहते जहां आज हर कोने पर जिहाद ही दिखता है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मैं दोबारा राष्ट्रपति बनते ही देश से इस्लामिक कट्टर आतंकियों को निकाल दूंगा।

हैरानी की बात देखिए कि डोनाल्ड ट्रंप ने ये बयान यहूदी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिया है। इस बयान के बाद इजरायल में डोनाल्ड ट्रंप की जमकर तारीफ हो रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यक्रम में बैठे लोगों से पूछा कि आपको मेरा वो ट्रैवल बैन याद है जिसमें मैंने मुस्लिमों की यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया था। ट्रंप ने कहा कि जिस दिन मैं दोबारा राष्ट्रपति बनूंगा उस ट्रैवल बैन को दोबारा लागू कर दूंगा। आपको याद दिला दें कि 2017 में राष्ट्रपति बनते ही ट्रंप ने इरान, इराक, लीबिया समते कई मुस्लिम देशों के लोगों की एंट्री अमेरिका में बैन कर दी थी। जो बाइडेन के राष्ट्रपति बनने के बाद इस फैसले को पलट दिया गया। अब ट्रंप ने दोबारा इसको मुद्दा बना लिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि आज यूरोप की सड़कों का हाल देखिए। किस तरह से कट्टरता बढ़ती जा रही है। आपको बता दें कि चुनाव से पहले डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में बसे यहूदियों और हिन्दुओं को खुश करने में जुट गए हैं। अमेरिका में यहूदी लॉबी बेहद मजबूत हैं और चुनाव में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

## हमास के साथ युद्ध के तीसरे चरण में पहुंचा इजरायल, नेतन्याहू का बड़ा बयान

यरूशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजरायल हमास के खिलाफ अपने युद्ध के तीसरे चरण में प्रवेश कर चुका है। नेतन्याहू ने अपने बयान में कहा 'हम युद्ध के बीच में हैं। हमने स्पष्ट रूप से हमास की सैन्य और संचालन क्षमताओं को नष्ट करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। हम इसे व्यवस्थित रूप से कर रहे हैं। पहला ब्लॉकिंग चरण समाप्त हो चुका है। दूसरा चरण, उन्हें हवा से मारना जारी है। तीसरे चरण के रूप में आईडीएफ ने गाजा पट्टी में अपनी जमीनी घुसपैठ का विस्तार किया है।'

## चीन के अंतरिक्ष स्टेशन पर छह माह रहने के बाद तीन अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर लौटे



**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन के तीन अंतरिक्ष यात्री छह महीने तक अपने देश के अंतरिक्ष स्टेशन पर रहने के बाद मंगलवार सुबह पृथ्वी पर लौट आए। आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि जिंग हाइपेंग, झू यांगझू और गुई हाइचाओ गोबी रेगिस्तान के किनारे जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र के पास 'रिटर्न कैप्सूल' से बाहर आए। तीनों का स्वास्थ्य अच्छा है। अंतरिक्ष स्टेशन का नया तीन सदस्यीय दल पिछले सप्ताह तियांगोंग स्टेशन पर पहुंचा। यह नया दल चिकित्सकीय और वैज्ञानिक प्रयोग करने के साथ साथ उपकरणों का रखरखाव करेगा। चीन ने 2003 में अपने पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन को अंजाम दिया और 2030 से पहले चंद्रमा पर उसने अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की योजना बनाई है। चीन ने चंद्रमा की सतह से नमूने लिए और चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर एक रोवर उतारा है। उसकी भविष्य की योजनाओं में ब्रह्मांड के रहस्यों के गहन अध्ययन के लिए एक नई दूरबीन भेजना शामिल है।

# बांग्लादेश ने बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच अर्धसैनिक बलों की तैनाती की

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) द्वारा मंगलवार से तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी परिवहन नाकेबंदी करने के आह्वान के मद्देनजर सरकार ने देशभर में अर्धसैनिक बलों को तैनात कर दिया और पुलिस विभाग तथा अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए कहा गया है।

बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने बताया कि उन्होंने देशभर में जवान तैनात कर दिये हैं, जबकि अर्धसैनिक बल के सैकड़ों जवान राष्ट्रीय राजधानी ढाका में तैनात रहेंगे। अर्धसैनिक बल के एक प्रवक्ता ने संवाददाताओं से कहा, 'कानून और व्यवस्था बनाए रखने और प्रमुख राजमार्गों की सुरक्षा के लिए आवश्यक संख्या में बीजीबी प्लाटून को देशभर में भेजा गया है।' विशिष्ट अपराध विरोधी रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) के प्रवक्ता ने कहा कि बल के कर्मी प्रमुख शहरों में सतर्क रहेंगे और जरूरत के अनुसार मोर्चा संभाल लिया जाएगा।

गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल ने सोमवार देर रात 'कानून-व्यवस्था मामलों कोर समिति' की बैठक बुलाई और पुलिस तथा अन्य कानून प्रवर्तन और सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हालात की समीक्षा की। बैठक से अवगत एक अधिकारी ने



कहा, 'कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों के प्रमुखों को विपक्ष के तीन दिवसीय परिवहन नाकेबंदी के दौरान तोड़फोड़ और हिंसा की घटना को रोकने के लिए अधिक सतर्कता बरतने को कहा गया है।' सोमवार रात अज्ञात बदमाशों ने दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चट्टोग्राम और राजधानी के बाहरी इलाके में स्थित गाजीपुर शहर में दो खाली बसों में आग लगा दी, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई।

बांग्लादेश में जनवरी की शुरुआत में होने वाले आम चुनावों को लेकर बढ़ते तनाव के बीच बीएनपी ने शनिवार को देश के विभिन्न हिस्सों से कार्यकर्ताओं की एक विरोध बैठक बुलाई और अवामी लीग ने राजधानी में 'शांति रैली' का आयोजन किया था। सुरक्षा के बावजूद बीएनपी कार्यकर्ताओं ने एक पुलिस कांस्टेबल की कथित तौर पर हत्या कर दी, राजारबाग सेंट्रल पुलिस अस्पताल (सीपीएच) में कई एंबुलेंस, एक पुलिस बूथ और शहर में अन्य जगहों पर बसों सहित कई वाहनों को आग लगा दी गई। इसके बाद बांग्लादेश में सुरक्षा बढ़ाई गई है।

# भारतीय-अमेरिकी सीईओ को 50 मिलियन डॉलर तक का करना होगा भुगतान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूयॉर्क, 31 अक्टूबर (वेब वार्ता)। अमेरिका में एक फार्मास्युटिकल कंपनी और उसके भारतीय मूल के प्रमुख उन आरोपों को सुलझाने पर सहमत हुए हैं कि उन्होंने जानबूझकर कंपनी की दवा नाइट्रोफ्यूरेंटोइन ओरल सस्पेंशन (नाइट्रो ओएस) के लिए मेडिकेड छूट का कम भुगतान किया है।

मिसौरी स्थित नॉस्ट्रम लेबोरेटरीज और इसके संस्थापक और सीईओ निर्मल मुले ने उन दावों को निपटाने के लिए न्यूनतम 3,825,000 और अधिकतम 50 मिलियन डॉलर तक का भुगतान करने पर सहमति व्यक्त की है। न्याय विभाग की एक विज्ञप्ति में सोमवार को कहा गया कि यह समझौता नोस्ट्रम और मुले की वित्तीय स्थिति पर आधारित है। मेडिकेड ड्रग रिबेट कार्यक्रम के अनुसार, दवा निर्माताओं की दवाओं के मेडिकेड कवरेज के बदले राज्य मेडिकेड कार्यक्रमों में त्रैमासिक छूट का भुगतान करना आवश्यक है। क़ानून में निर्माताओं को दवाओं के लिए मुद्रास्फीति-आधारित छूट का भुगतान करने की आवश्यकता होती है, जो कि मेडिकेड कार्यक्रम को मुद्रास्फीति से अधिक दवा की कीमत में वृद्धि से बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

मैसाचुसेट्स जिले के कार्यवाहक अमेरिकी अटॉर्नी जोशुआ एस लेवी ने कहा, 'मेडिकेड कार्यक्रम एक मूल्यवान सुरक्षा जाल है, जो कुछ सबसे कमजोर अमेरिकियों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है।' 'मेडिकेड को उचित छूट का भुगतान करने में जानबूझकर विफल रहने पर, नोस्ट्रम ने मुनाफा कमाने की उम्मीद में उन अमेरिकियों से संसाधनों को हटाने के लिए उस कार्यक्रम का उपयोग किया। यह कार्यालय इस तरह के घोर दुर्व्यवहार पर अपनी आंखें नहीं मूंदेगा।' एफबीआई बोस्टन फील्ड कार्यालय के प्रभारी विशेष एजेंट, जोडी कोहेन के अनुसार, नोस्ट्रम ने मेडिकेड कार्यक्रम के लिए भुगतान की जाने वाली राशि को गलत तरीके से देय छूट की गणना करके कम कर दिया, यहां तक कि उनकी एक दवा की कीमत में 400 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी के बाद भी। समझौते के हिस्से के रूप में, नॉस्ट्रम और मुले ने स्वीकार किया कि पूर्व ने दिसंबर 2015 में एक अन्य निर्माता से नाइट्रो ओएस का अधिग्रहण किया और अपने पहले से मौजूद एफडीए अनुमोदन के अनुसार उत्पाद का विपणन जारी रखा। जनवरी 2018 में, नॉस्ट्रम ने अस्थायी रूप से नाइट्रो ओएस का निर्माण बंद कर दिया, क्योंकि उत्पाद में सीसे की मात्रा 2018 एफडीए मार्गदर्शन का अनुपालन नहीं करती थी। समग्र सीसा स्तर को कम करने के लिए दो निष्क्रिय सामग्रियों की मात्रा को संशोधित करने के बाद, नॉस्ट्रम ने अगस्त 2018 में नाइट्रो ओएस का निर्माण और विपणन फिर से शुरू किया। नोस्ट्रम ने नाइट्रो ओएस के पुनर्-लॉन्च किए गए संस्करण को 'पुनर्निर्माण' के रूप में चित्रित किया, लेकिन नोस्ट्रम ने किसी भी सामग्री को जोड़ा या घटाया नहीं और सक्रिय सामग्री अपरिवर्तित रहती है। नाइट्रो ओएस भी उसी खुराक के रूप और ताकत में रहा जैसा कि 2018 से पहले था। नॉस्ट्रम ने नाइट्रो ओएस के इस संस्करण को 2018 से पहले के संस्करण की तरह ही एफडीए अनुमोदन के तहत विपणन करना जारी रखा है और उसका कहना है कि ऐसा करना कानूनी है, क्योंकि दवा में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है। अगस्त 2018 में नाइट्रो ओएस को फिर से लॉन्च करने के बाद, नॉस्ट्रम ने इसकी कीमत 474.75 डॉलर से बढ़ाकर 2,392.32 डॉलर प्रति बोतल कर दी, इससे मुद्रास्फीति-आधारित छूट के कारण राज्य मेडिकेड कार्यक्रमों से काफी अधिक मेडिकेड ड्रग रिबेट चालान शुरू हो गए।

## फीफा विश्व कप 2034 की मेजबानी से पीछे हटा ऑस्ट्रेलिया

**सिडनी।** फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को 2034 फीफा पुरुष फुटबॉल विश्व कप की बोली से इनकार कर दिया, जिससे सऊदी अरब के लिए संभावित रूप से टूर्नामेंट की मेजबानी का रास्ता साफ हो गया। 2023 में रिकॉर्ड तोड़ने वाले फीफा महिला विश्व कप की सफलतापूर्वक मेजबानी करने के बाद ऑस्ट्रेलिया की 2034 पुरुष विश्व कप की मेजबानी की संभावना कम लग रही थी जब एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने सऊदी बोली का समर्थन किया। फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, ÷हमने फीफा विश्व कप की मेजबानी के लिए बोली लगाने के लिए काफी सोचा और सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, हम 2034 प्रतियोगिता के लिए ऐसा नहीं करने के निष्कर्ष पर पहुंचे हैं। फीफा ने इस महीने की शुरुआत में परिसंघ रोटेशन और विश्व कप के लिए सर्वोत्तम संभावित मेजबानी की स्थिति हासिल करने के लिए एशिया और ओशिनिया क्षेत्रों से बोलियां आमंत्रित की हैं।




# विश्वकप के नॉकआउट मुकाबले में भारत की राह आसान नहीं

**नई दिल्ली ।**

भारतीय क्रिकेट टीम ने इस बार शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब सभी की नजरें सेमीफाइनल मुकाबले पर रहेंगी। लगातार जीत के साथ ही टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है पर इसके बाद भी उसकी राह उतनी आसान नहीं है जितनी लगती है। इसका कारण से ही भारतीय टीम ने अब तक शुरुआती पांच मुकाबलों में लक्ष्य का पीछा करते जीत हासिल की थी और इसमें शीर्ष क्रम का प्रदर्शन अच्छा रहा था और उसे अधिक रन नहीं बनाने थे। वहीं इंग्लैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी और 229 रनों पर ही सिमट गयी। इस दौरान उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों में से केवल रोहित शर्मा और लोकेश राहुल ही टिके रह पाये।

ऐसे में आने वाले मुकाबलों में अगर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी करनी पड़ती है तो उसके लिए परेशानी बढ़ जाएगी। ऐसे में बड़ा स्कोर बनाना उसके लिए कठिन हो जाएगा। .

भारत ने अब तक जो मुकाबले जीते हैं उसमें गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाते हुए विरोधी टीम को कम स्कोर परा ही समेट दिया था। ऑस्ट्रेलिया को गेंदबाजों ने केवल 199 रन पर रोक दिया था जबकि पाकिस्तान की टी 191 रन ही बना पायी थी जबकि बांग्लादेश की टीम 256 रन का स्कोर बना पाई थी। अफगानिस्तान की टीम ने 272 रन बनाए थे और न्यूजीलैंड की टीम 273 रन तक पहुंच पाई थी। इस प्रकार देखा जाये तो इस विश्वकप में अब तक एक बार भी भारतीय टीम ने 300 रन नहीं बनाये हैं।



## संक्षिप्त समाचार



### पाकिस्तान टीम के बल्लेबाज इमाम की मुश्किलें बढ़ीं

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक अब तक इस विश्वकप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। ऐसे में अब टीम में उनकी जगह खतरे में पड़ती जा रही है। इमाम की जगह पारी की शुरुआत के लिए अनुभवी बल्लेबाज फखर जमां को शामिल किया जा सकता है। इमाम पूर्व क्रिकेटर इंजमाम उल हक के भतीजे हैं। इंजमाम ने मुख्य चयनकर्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। ऐसे में अब इमाम की जगह भी खतरे में पड़ गयी है क्योंकि ये आरोप लगे थे कि चाचा ने उन्हें टीम में जगह दिलायी थी। वहीं उप-कप्तान शादाब खान की भी छुट्ट्टी होना तय है। शादाब इस दौरे में प्रभावित नहीं कर पाये हैं। इमाम विश्वकप की 6 पारियों में 27 की औसत से 162 रन ही बना पाये हैं। जिसमें केवल एक अर्धशतक है। वहीं 70 रन उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन है। दूसरी ओर 23 साल के युवा सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक ने अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। उन्होंने अब तक 5 पारियों में 53 की औसत से 264 रन बनाये हैं जिसमें एक शतक और 2 अर्धशतक शामिल हैं। उप-कप्तान शादाब खान को पहले भी एक मैच से बाहर किया गया था। शादाब अब तक अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं और अब तक 5 मैच में 90 की औसत से केवल 2 विकेट ही ले पाये हैं. उनका इकोनॉमी रेट भी 6 से अधिक की है। उन्होंने 29 की औसत से 117 रन जरूर बनाए हैं। एशिया कप 2023 से ही शादाब का खराब प्रदर्शन जारी है।

### भारत के अलावा इन तीन टीमों का सेमीफाइनल में पहुंचना तय

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम ने विश्वकप में अपने अभी तक के सभी 6 मैच जीते हैं जिससे वह अंक तालिका में 12 अंक लेकर शीर्ष पर है। वहीं भारत के अलावा एक अन्य टीम दक्षिण अफ्रीका ने भी 6 में से 5 मुकाबले जीते हैं और ऐसे में उसका भी सेमीफाइनल में पहुंचना तय है। इसके अलावा न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के लिए भी सेमीफाइनल में पहुंचने की संभवना है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दानो के 6-6 मैचों में 8-8 अंक हैं। ऐसे में अगर ये दोनों टीम बाकी बचे 3 मैच जीत लेती हैं तो उनका सेमीफाइनल में पहुंचना तय हो जाएगा। अगर ऐसा होता है तो बाकी 4 टीमों पाकिस्तान, श्रीलंका, नीदरलैंड, अफगानिस्तान सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो जाएंगी। इंग्लैंड और बांग्लादेश की टीमें अंक तालिका में 9वें और 10वें स्थान पर है। दोनों के 6 मैच में एक बराबर 2 अंक हैं। दोनों ही अपने पांच मैच हार गयी हैं। ऐसे में अगर ये दोनों ही टीमें अपने सभी मुकाबले जीत भी लेती हैं तो भी अधिकतम 8 अंक तक ही पहुंचेगी। ऐसे में इनका सेमीफाइनल में पहुंचना कठिन होगा।



# विश्वकप : न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में रोमांच मुकाबले की उम्मीद

**पुणे ।**

एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट में बुधवार को न्यूजीलैंड का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। अब तक इन दोनो ही टीमों का प्रदर्शन शानदार रहा है और ऐसे में इस मुकाबले के रोमांचक होने की संभावनाएं हैं। अंक तालिका में दूसरे और तीसरे स्थान की यह दोनों टीमें ही टीमें सेमीफाइनल की दावेदार हैं। दक्षिण अफ्रीका ने अब तक 6 में से 5 मैच जीते हैं जबकि न्यूजीलैंड ने 6 में से 4 मुकाबले जीते हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम यदि यह मुकाबला जीतने में सफल रही, तो उसकी सेमीफाइनल में जगह पक्की हो जाएगी। दक्षिण अफ्रीका के अभी 6 मैच में 10 जबकि न्यूजीलैंड के 6 मैच में 8 अंक हैं। कीवी टीम को अंतिम दोनों मैच में हार मिली है। ऐसे में एक और हार उसके लिए सेमीफाइनल की राह कठिन बना देगी। न्यूजीलैंड टीम को पिछले दो मैचों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में इस बार उसका लक्ष्य किसी भी प्रकार जीत दर्ज करनी होगी। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका की टीम पिछले तीन मैचों में लगातार जीती है। यहां की पिच से तेज गेंदबाजों को सहायता मिलेगी। दोनो ही टीमों के पास अच्छे तेज गेंदबाज हैं पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम लाभ में रहेगी। न्यूजीलैंड की टीम यदि यह मैच हार जाती है, तो अफगानिस्तान से लेकर पाकिस्तान तक के लिए सेमीफाइनल की संभावनाएं बन सकती हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम की बल्लेबाजी जबरदस्त है। उसके पास ओपनर बैटर क्विंटन डिकॉक जैसा शानदार बल्लेबाज है। डिकॉक बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। वह इस बार विश्व कप 2023 में सबसे अधिक रन बनान वाले बल्लेबाज भी हैं। डिकॉक ने 6 पारियों में 72 की औसत से 431 रन बनाए हैं। दूसरी ओर न्यूजीलैंड की ओर रचिन रवींद्र 2 शतक और 2 अर्धशतक के दम पर 406 रन बना चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्क्रम व हेनरिक क्लासेन, वहीं न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल व डेवॉन कॉनवे भी इस मैच में अहम भूमिका निभाएंगे। कीवी टीम के स्पिनर मिचेल सेंटनर बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। वे अब तक 14 विकेट ले चुके हैं जिसका लाभ टीम को मिलेगा। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को येनसेन ने 13 विकेट लिए हैं। इसके अलावा तेज गेंदबाज गेरार्ड कोएट्जे ने भी 12 विकेट ले चुके हैं। न्यूजीलैंड टीम भी पीछे नहीं हैं उसके पास मैट हेनरी जैसा तेज गेंदबाज है। हेनरी ने अब तक 11 विकेट लिए हैं।

इस पिच पर विश्व कप 2023 में इस बार लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम जीती है। इसके अलावा आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले 9 मैचों में 6 बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ही जीती है। यह पिच बल्लेबाजी के लिए भी अच्छी मानी जाती है। इन दोनो ही टीमों के बीच पिछली बार भी विश्वकप में मुकाबला हुआ था तब कीवी टीम जीती थी। इन दोनों टीमों के बीच अब तक 71 एकदिवसीय खेले गए हैं, जिसमें से न्यूजीलैंड ने 25 जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 41 जीते हैं पर एकदिवसीय विश्वकप में कीवी टीम हावी रही है। अब तक दोनों टीमों के बीच 8 मैच हुए हैं जिसमें से न्यूजीलैंड ने 6 जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 2 मुकाबले जीते हैं।




# खेल महाकुंभ खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का देता है मंच : रेखा आर्या



**हल्द्वानी।**

हल्द्वानी में स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ-2023 का कुंवरपुर न्याय पंचायत से राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रि.) गुरमीत सिंह और नैनीताल जनपद प्रभारी व खेल मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को विधिवत शुभारंभ किया। इसके बाद खिलाड़ियों द्वारा शानदार मार्च पास्ट किया गया। इस दौरान विभिन्न स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। साथ ही इस दौरान न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ-2023 में खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया, जिन्हें राज्यपाल गुरमीत सिंह और खेल मंत्री ने सम्मानित किया और सभी खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। अपने संबोधन में खेल मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में शिक्षा के साथ खेलों में भी विद्यार्थियों को जोड़ने का प्रयत्न किया है, खेलने से जहां हम तनाव मुक्त होते हैं तो वहीं हम अपने जीवन मे अनुशासन भी सीखते हैं। आज के दौर में खिलाड़ियों के लिए खेल का दायरा महज मनोरंजन और फिटनेस तक सीमित नहीं रहा बल्कि अब इसमें खिलाड़ियों को सुनहरा करियर नजर आ रहा हैं, जिसके लिए हम प्रयत्नशील हैं और लगातार कई योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। इस दौरान खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि जिस प्रकार से महाकुंभ में स्नान कर तन-मन की स्वच्छता होती है, उसी प्रकार खेल महाकुंभ से भी स्वस्थ प्रतिभाएं उभर कर सामने आती हैं। खेल महाकुंभ के आयोजन की यही परिकल्पना है कि न्याय पंचायत स्तर से प्रतिभाओं को अवसर देते हुए विकासखंड, जिला स्तर तथा राज्य स्तर तक मंच प्रदान करना है।उन्होंने कहा कि खेल विभाग की कोशिश है कि बच्चों को अवसर प्राप्त होते रहे। विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों को उनकी प्रतिभा अनुसार खेलो में प्रतिभाग करने के लिए मंच देने का कार्य किया जा रहा है, खेल महाकुंभ उसी का परिचायक है।

# पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता इंजमाम ने इस्तीफा दिया

**लाहौर।**

विश्वकप में खराब प्रदर्शन की गाज पाकिस्तान क्रिकेट पर गिरनी शुरु हो गयी है। इसी के तहत राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष इंजमाम उल हक ने इस्तीफा दे दिया है। इंजमाम ने पीसीबी प्रमुख जका अशरफ को अपना इस्तीफा सौंपा। विश्वकप में इस बार पाक टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा और उसे केवल दो मैचों में ही जीत मिली है। पाक टीम को भारत के खिलाफ भी करारी हार मिली थी। यहां तक कि अफगानिस्तान ने भी उसे हरा दिया। टीम की हार के बाद से ही इंजमाम निशाने पर थे। उन पर टीम चयन में करीबियों को जगह देने के भी आरोप लगे थे।

पाक टीम दो जीत और चार हार के साथ ही चार अंक लेकर अंक तालिका में छठे स्थान पर है। वहीं पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टीम चयन प्रक्रिया को लेकर सामने आये हितों के टकराव के आरोपों की जांच के लिए एक पांच सदस्यीय तथ्य-खोज समिति भी गठित की है। ये समिति अपनी रिपोर्ट और सिफारिश पीसीबी प्रबंधन को सौंपेगी।

विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के साथ ही कप्तान बाबर आजम के खराब फार्म पर भी सवाल उठे हैं। इसके अलावा उन्हें कप्तानी से हटाने की भी मांग की गयी है।




## बुमराह-शमी से तकनीक पर बात करने की जरुरत नहीं पड़ती : म्हाम्ब्रे



**लखनऊ ।** भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह इतने अच्छे स्तर के गेंदबाज हैं कि उनसे मुझे तकनीक को लेकर बात करने की जरूरत ही नहीं पड़ती। इस कारण हमारे बीच केवल मैच की रणनीति को लेकर ही बाज होती है। शमी और बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप मुकाबले में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। दोनो ही ही छोटे लक्ष्य का शानदार तरीके से बचाव किया था। बुमराह और शमी दोनों गेंदबाजों ने इस मुकाबले में पिच का पूरा लाभ उठाते हुए विरोधी बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। म्हाम्ब्रे का कहना है कि दोनों ही अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं जिससे उन्हें तकनीकी पहलू पर कुछ भी बताने की जरूरत नहीं रहती। टीम संयोजन के कारण शमी पहले चार मैच में नहीं खेल सके पर न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें अब अगले मैचों में अंतिम एकादश से बाहर रखना संभव नजर नहीं आता। म्हाम्ब्रे ने कहा, 'जब टीम में आपके पास इतना कौशल रखने वाले खिलाड़ी हैं तो आपको वास्तव में इसके बारे में चर्चा करने की जरूरत नहीं पड़ती। ये खिलाड़ी इतना क्रिकेट खेल चुके हैं जिससे वे पूरी तरह समझते हैं कि टीम को कम उनसे क्या चाहिये। उन्होंने कहा, 'काश मैं यह कह पाता कि हमने इसके लिए टीम में चर्चा की थी और इसकी योजना बनाई थी। हमारी टीम में इतने बेहतरीन और अनुभवी गेंदबाज हैं कि मेरा काम आसान हो जाता है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ने कहा, 'इस स्तर पर यह खिलाड़ी प्रबंधन की बात है। वे काफी क्रिकेट खेल चुके हैं, वे सब चीज समझते हैं। मुझे तकनीक के बारे में ज्यादा बताने की जरूरत नहीं पड़ती, बस रणनीति के बारे में ही बात होती है। इसमें भी कार्यान्वयन अहम होता है और इसके लिए श्रेय उन्हें जाता है।

# मैंने इतने शतक बनाने के बारे में कभी नहीं सोचा था : विराट



**नई दिल्ली।**

भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के वनडे रिकॉर्ड की बराबरी करने की कगार पर हैं। उन्होंने कहा है कि इन 12 वर्षों में इतने शतक बनाने के बारे में कभी नहीं सोचा था।मौजूदा वनडे विश्व कप में कोहली का प्रदर्शन शानदार रहा और उन्होंने छह मैचों में 354 रन बनाए हैं। जिसमें पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ एक शतक (48वां शतक) भी शामिल है। हालांकि, रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच में वनडे विश्व कप के इतिहास में पहली बार शून्य पर आउट होने के बाद कोहली ने अपने वनडे विश्व कप करियर में यह अनचाहा रिकॉर्ड जोड़ दिया है। स्टार स्पोर्ट्स से खास बातचीत में कोहली ने अपने विचार रखे कि उनका करियर कैसा रहा।कोहली ने कहा, अगर हम क्रिकेट के बारे में बात करें तो मैंने कभी भी सब कुछ हासिल करने के बारे में नहीं सोचा था। इस समय जहां मेरा करियर है ऐसा मैंने कभी नहीं सोचा था। यह ऊपर वाले की देन है जिसने मुझे इतनी लंबी अवधि के करियर से नवाजा। मैंने केवल सपना देखा था कि मैं ऐसा करूंगा, लेकिन कभी सोचा नहीं था कि चीजें इस तरह से होंगी, कोई भी इन चीजों की योजना नहीं बना सकता। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इन 12 वर्षों में इतने सारे शतक और इतने रन बना पाऊंगा।कोहली क्रिकेट करियर में सबसे तेज 26,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने 567 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की।अपने पूरे करियर के दौरान विराट का पूरा फोकस अपने गेम को बेहतर करने पर था। कोहली ने कहा, मेरा एकमात्र फोकस यह था कि मैं टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कैसे करूं और कठिन परिस्थितियों में टीम की जीत सुनिश्चित करूं। इसके लिए मैंने अनुशासन और जीवनशैली में काफी बदलाव किए। अब मेरा पूरा ध्यान इस बात पर है कि मुझे गेम कैसे खेलना है और उसके बाद मैंने जो नतीजे हासिल किए हैं, वे उसी तरह से खेलने से मिले हैं। कोहली ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, मैंने मैदान पर अपना सौ फीसदी देकर क्रिकेट खेला है और इससे मुझे जो आशीर्वाद मिला है वह भगवान ने मुझे दिया है और मैंने कभी नहीं सोचा था कि चीजें इस तरह से सामने आएंगी।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया में होगा विश्वकप फाइनल : लायन



**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लायन ने कहा है कि इस बार एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट का फाइनल मुकाबला उनकी और भारतीय टीम के बीच होगा। लायन के अनुसार ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच 19 नवंबर को अहमदाबाद स्टेडियम में विश्वकप का खिताबी मुकाबला होगा। भारत ने अब तक के अपनी सभी मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने भी खराब शुरुआत के बाद अच्छी वापसी करते हुए न्यूजीलैंड को हराकर विश्वकप के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। लायन ने कहा, मैं मानता हूं कि ऑस्ट्रेलिया और भारत में फाइनल होगा। लायन ने कहा, भारत मेरे लिए नंबर एक पसंदीदा है इसलिए मुकाबला रोमांच होगा। साथ ही कहा कि मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप के साथ दक्षिण अफ्रीका की टीम भी एक प्रबल दावेदार के तौर पर उभरी है। लियोन ने आगे कहा कि भारत पर भी दबाव है क्योंकि घरलू मैदान पर टूर्नामेंट होने के कारण पूरे देश को उनसे ट्रॉफी जीतने की उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा, भारत पर पूरे देश का दबाव है जो उनसे जीत की उम्मीद कर रहे हैं और उनके प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं। फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के ऊपर अधिक दबाव नहीं रहेगा पर उन्हें दर्शकों का समर्थन नहीं मिलेगा।

## विराट जिम फ्रीक तो केएल राहुल का शांत व्यक्तित्व, मयंक अग्रवाल ने साझा की पुरानी यादें

**नई दिल्ली।** मयंक अग्रवाल ने मैदान के अंदर और बाहर भारतीय टीम के साथ अपने कुछ क्रिकेट अनुभव साझा किए। उन्होंने विराट कोहली को जिम फ्रीक और केएल राहुल को सबसे शांत व्यक्तित्व वाला खिलाड़ी बताया। आकाश चोपड़ा द्वारा होस्ट किए गए जियो सिनेमा के शो के रैपिड-फायर सेगमेंट में मयंक अग्रवाल ने पिच से परे टीम के व्यक्तित्वों, मज़ेदार आदतों और टीम के साथ अपने अनुभव के बारे में बात की। टीम में जिम फ्रीक के बारे में पूछे जाने पर मयंक ने खुद का नाम लिया, लेकिन विराट कोहली से ज्यादा नहीं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं जिम फ्रीक हूं। शायद विराट कोहली से ज्यादा तो नहीं लेकिन मुझे निश्चित रूप से लगता है कि मैं उनमें से एक हूं। उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाज उमरान मलिक को सबसे सोशल मीडिया एडिक्ट खिलाड़ी और विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को टीम में सबसे शांत और संयमित व्यक्तित्व के रूप में टैग किया। मयंक भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के विश्लेषण और क्रिकेट ज्ञान के बहुत शौकीन दिखे और उन्हें निश्चित रूप से भविष्य के कमेंटेटर के रूप में देखा। टीम में सबसे मजेदार खिलाड़ी के बारे में पूछे जाने पर मयंक ने ईशान किशन का नाम लिया। मैंने उसके साथ बहुत ज़्यादा नहीं खेला है लेकिन वह काफी मज़ाकिया है।





# बॉलीवुड के इन हीरो को विलेन बनने से नहीं है परहेज

स्पाई थ्रिलर फिल्म टाइगर 3 का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म में सलमान खान और कटरीना कैफ एक बार फिर से जबर्दस्त एक्शन करते नजर आने वाले हैं। इसके अलावा फिल्म में इमरान हाशमी को विलेन के रूप में देखने के लिए भी दर्शक काफी ज्यादा उत्साहित हैं। हाल ही में इस फिल्म के ट्रेलर में उनकी झलक देखने को मिली, जिसके बाद दर्शकों की उत्सुकता और अधिक बढ़ गई है। इमरान कई फिल्मों में लीड हीरो के रूप में नजर आ चुके हैं, लेकिन अब वह इस फिल्म से विलेन के तौर अपनी खास पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। आज हम आपको बॉलीवुड के कुछ ऐसे अभिनेताओं के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्होंने अपनी शुरुआत बतौर हीरो की थी, लेकिन बाद में उन्होंने विलेन बनने से परहेज नहीं किया।

## जॉन अब्राहम



जॉन अब्राहम बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता हैं। लीड एक्टर के रूप में वह कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। हीरो के तौर पर बहुत सी फिल्मों में दिखने वाले जॉन को निगेटिव रोल से कोई परेशानी नहीं होती। जब भी उन्हें दमदार कहानी मिलती है, वह इस तरह के रोल को जरूर स्वीकार करते हैं। इस साल रिलीज हुई फिल्म पठान में भी वह नकारात्मक भूमिका में दिखे थे।

## संजय दत्त



फिल्म रॉकी से अपनी शुरुआत करने वाले संजय दत्त कई रोमांटिक फिल्मों में लीड एक्टर के रूप में काम कर चुके हैं। एक्शन के अलावा वह कॉमेडी से भी लोगों का दिल जीत चुके हैं। उम्र के इस पड़ाव पर आने के बाद अभिनेता अब नकारात्मक भूमिकाओं में ही ज्यादातर नजर आते हैं। केजीएफ चैप्टर 2 में उनके किरदार को काफी पसंद किया गया था।

## टाइगर श्रॉफ



टाइगर श्रॉफ बॉलीवुड के उभरते हुए सितारों में से एक हैं। अपने एक्शन और डांस के लिए मशहूर टाइगर करियर के शुरुआती दौर में प्रयोग करने से पीछे नहीं हटते हैं। यही वजह है कि उन्होंने फिल्म वॉर में निगेटिव रोल प्ले किया था। फिल्म में उनकी एक्टिंग काफी पसंद की गई थी।

## बॉबी देओल



इस लिस्ट में बॉबी देओल का नाम भी शामिल है। बॉबी देओल ने अपने करियर की शुरुआत रोमांटिक हीरो के तौर पर फिल्म बरसात से की थी। इस फिल्म के बाद वह कई एक्शन फिल्मों में नजर आए, लेकिन एक समय ऐसा आया जब उनके पास काम की कमी हो गई। हालांकि, अब उनका बुरा दौर गुजर चुका है। निगेटिव रोल से अब उन्हें बिल्कुल भी परहेज नहीं है। वह जल्द ही एनिमल में खूंखार किरदार में नजर आने वाले हैं।



# मैंने अपूर्वा के हर शॉट को खुद फिल्माया है

अभिनेत्री तारा सुतारिया अपूर्वा मेंअपनी एक्टिंग का जलवा दिखाने के लिए पूरी तरह से हैं। इस भूमिका में फिट बैठने के लिए अभिनेत्री ने जमकर मेहनत की है और यह फिल्म के ट्रेलर में साफ नजर आया है। हाल ही में एक्ट्रेस ने इस फिल्म में अपने किरदार को लेकर की गई तैयारियों पर सोशल मीडिया पर खुलकर बात की। तारा ने इंस्टाग्राम पर बताया कि फिल्म में अपनी भूमिका के साथ पूरी तरह से न्याय के लिए वह कई हफ्तों तक बिना नहाए और अपने बालों को ब्रश किए बिना रहीं। उन्होंने लिखा, मुझे अपूर्वा पर सबसे ज्यादा गर्व है, क्योंकि मैंने फिल्म के हर शॉट को खुद फिल्माया है। कोई बहाना नहीं बना रही...जब हमने इसे फिल्माया उस समय मैंने पहले कभी ऐसी ताकत महसूस नहीं की जैसा तब कर रही थी.. निखिल नागेश भट्ट इसके लिए मैं आपकी आभारी रहूंगी। तारा ने पोस्ट में आगे लिखा, मुझे याद है कि मैंने शेड्यूल के बीच में एक सप्ताह से अधिक समय तक स्नान नहीं किया था, क्योंकि मैं उतनी ही भयानक दिखना और महसूस करना चाहती थी जैसा मुझे होना चाहिए था। उन्होंने आगे लिखा, मैं कीचड़ और राख में लोट गई थी (यह सच में मजेदार था)। मेरे बालों को कई हफ्तों तक ब्रश नहीं किया गया था। यहां एक छोटी सी झलक है कि जब हमने पोस्टर शूट किया तो मैं कैसी दिख रही थी.. इतने प्यार के लिए आप सभी का धन्यवाद। एक टीम के रूप में हम अभिभूत हैं। अविनाश गोवारिकर हर दिन आपकी सभी तरह की मदद के लिए धन्यवाद। बता दें कि निखिल नागेश भट्ट के निर्देशन में बनी अपूर्वा एक साधारण लड़की की कहानी है, जो असाधारण परिस्थितियों का सामना करती है और जीवित रहने के लिए कुछ भी करने को तैयार है। राजपाल यादव, अभिषेक बनर्जी और धैर्य करवा भी इस थ्रिलर का हिस्सा हैं।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म सेक्शन 108 से अनीस बज्मी ने खींचे अपने हाथ

नवाजुद्दीन सिद्दीकी बीते कुछ समय से अपनी आगामी फिल्म सेक्शन 108 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वहीं, बीते दिन यह मूवी तब और ज्यादा सुर्खियों में आ गई जब रिपोर्ट्स आईं कि अनीस बज्मी ने इससे अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। आखिरकार, भूल भुलैया फेम फिल्म निर्माता ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। साथ ही बड़ा बयान देकर वापस लाइमलाइट में आ गए हैं। अनीस बज्मी ने पुष्टि की है कि उन्होंने खुद को फिल्म से प्रस्तुतकर्ता के रूप में हटा लिया है। हालिया इंटरव्यू में अनीस बज्मी ने साफ किया कि अब वह इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं। बज्मी ने इस बारे में कोई विशेष कारण नहीं बताया कि उन्होंने फिल्म क्यों छोड़ी, उन्होंने बस इतना कहा कि उन्होंने अपना ध्यान दूसरे प्रोजेक्ट्स पर लगाने के बारे में सोचा है। कथित तौर पर, अब तक यह भूल भुलैया की तीसरी किस्त है, जो उन्हें व्यस्त रखे हुए है। फिल्म निर्माता अनीस बज्मी ने कोई कारण नहीं बताया लेकिन घटनाक्रम से जुड़े एक करीबी सूत्र ने मीडिया पोर्टल को सूचित किया कि बज्मी कुछ प्रावधानों पर विचार करना चाहते हैं। हालांकि, पूरी टीम इसके लिए कोई बीच का रास्ता नहीं खोज सकी। इसलिए, निर्माता और अनीस बज्मी पारस्परिक रूप से अलग होने के लिए सहमत हुए, और कोई कठिन भावना नहीं थी।





# द बकिंघम मर्डर्स में करीना की एक्टिंग के फैन हुए अनुराग कश्यप

बॉलीवुड बेबो करीना कपूर खान इस समय इंडस्ट्री में एक बार फिर से पांव जमाने को पूरी कोशिश कर रही हैं। जहां कुछ समय पहले वह अपनी फिल्म जाने जाना को लेकर सुर्खियों में थीं, वहीं इन दिनों वह अपने प्रोजेक्ट द बकिंगघम मर्डर्स को लेकर चर्चा में हैं। हंसल मेहता के निर्देशन में बनी यह फिल्म अपनी रिलीज से पहले ही नए-नए कीर्तिमान हासिल कर रही है। मामी फिल्म फेस्टिवल 2023 की ओपनिंग फिल्म होने की जानकारी सामने आने के बीच अब एक बार फिर सोशल मीडिया पर द बकिंघम मर्डर्स छाई हुई है, जिसकी वजह करीना कपूर खान हैं। दरअसल, अनुराग कश्यप ने करीना कपूर खान की तारीफ की है। हंसल मेहता के निर्देशन में बनी द बकिंघम मर्डर्स का जिस दिन से एलान हुआ है उसी दिन से सभी के दिल में करीना कपूर को एक जासूस बनते देखने का उत्साह चरम पर है। फिर चाहे वह खुद करीना कपूर हों या फिर उनके फैंस सभी फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में धमाल मचा चुकी बकिंघम मर्डर्स अब मामी फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीनिंग के लिए तैयार है। इन सभी चीजों के बीच बॉलीवुड के शानदार निर्देशकों में से एक अनुराग कश्यप ने सोशल मीडिया पर फिल्म में करीना कपूर खान के परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की है। निर्देशक ने इसे करीना की बेस्ट परफॉर्मेंस बताया। बॉलीवुड को गैंग्स ऑफ वासेपुर से लेकर केनेडी जैसी कई फिल्में देने वाले निर्देशक अनुराग कश्यप ने हाल ही में हंसल मेहता की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स में करीना कपूर खान के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए एक इंस्टाग्राम स्टोरी साझा की। अनुराग कश्यप ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, हंसल मेहता की खो देने, दुख और हत्या के बारे में इस मूडी फिल्म में करीना कपूर ने अब तक का अपना बेस्ट परफॉर्मेंस दिया है। करीना कपूर खान स्टारर और हंसल मेहता निर्देशित यह फिल्म अपनी रिलीज से पहले ही कई उपलब्धि हासिल कर चुकी है।



# दुरंगा 2 मेरे लिए चुनौती भरा था, क्योंकि मैं इस किरदार के लिए नौसिखिया थी

**छोटे पर्दे की नामी एक्ट्रेस दृष्टि धामी ने टेलीविजन पर कदम रखते ही बड़ी पहचान बना ली थी। टीवी पर उन्हें शो मधुबाला एक इश्क एक जुनून के लिए काफी तारीफें मिली थीं। इसके साथ ही वेब सीरीज दुरंगा में उनके किरदार को खूब सराहा गया था। आजकल वह दुरंगा सीजन 2 को लेकर काफी चर्चा में हैं।**

**टीवी से जब आप ओटीटी की दुनिया में आईं तो आपका पहला एक्सपीरियंस क्या था और अंदर से क्या फीलिंग आती है?**

पहला एक्सपीरियंस तो ये ही होता है कि जब आप लगातार कोशिश करते हैं कि आपको स्विच करना है सिर्फ एक अलग अनुभव के लिए और आपको एक बेहतरीन शो से और काम करने वाले लोगों के साथ अच्छा वेलकम मिलता है तो बहुत अच्छा अहसास होता है। मुझे लगता था कि मैं और देर तक यहां रह सकती हूं। तो मुझे ऐसी फीलिंग आई थी, जब मैंने ओटीटी पर डेब्यू किया था। मुझे लोग बताते थे कि आपने उस शो में अच्छा काम किया था। जब मैं उस शो में खुद को देखती थी तो बहुत खुश होती थी। दुरंगा कि बात करूं तो ये मेरे लिए चुनौती भरा था। क्योंकि मैं इस किरदार के लिए नौसिखिया थी, क्योंकि इसमें बहुत ज्यादा ड्रामा नहीं है। इसमें एक साइलेंस है यानी मुझे कुछ नहीं करके भी कुछ करना है, वो मेरे लिए मुश्किल था। उसके लिए मुझे थोड़ा समय और कोशिशें करनी पड़ीं। मुझे लगता है कि सीजन 2 में मैं और बेहतर हो गई हूं।

**हमारे यहां कॉप को लेकर काफी क्रेज रहता है। खासकर जब कॉप कोई लेडी हो तो बात ही अलग होती है। तो सीरीज में आपका कैसा अनुभव रहा?**

अनुभव काफी अच्छा था। मैं थोड़ा नर्वस थी क्योंकि मैंने कभी इतना मजबूत किरदार अदा नहीं किया था। ना सिर्फ फिजिकली स्ट्रॉन्ग बल्कि बात करने और खड़े होने का तरीका भी काफी स्ट्रॉन्ग होता है। हमने बॉडी लैंग्वेज को समझने के लिए शुरुआत में कुछ रिहर्सल की थीं, क्योंकि मैं हमेशा एक कॉप की बॉडी लैंग्वेज की तरह नहीं रहती हूं। हमने काफी कुछ टेबल रीड्स भी किए थे। लेकिन धीरे-धीरे जब सेट पर आना शुरू किया, कॉस्ट्यूम्स पहना, लाइन्स बोलनी शुरू कीं तब सब बेहतर होता गया।

**जब आपको ये रोल ऑफर हुआ तो क्या आपके जहन में कोई लेडी कॉप की या किसी और महिला की इमेज आई थी कि मुझे वैसा ही बनना है?**

क्योंकि मुझे पहले ही कहा गया था कि मुझे बहुत ज्यादा कॉप की ड्रेस में नहीं रहना है, तो मैंने कॉप के बारे में सोचा ही नहीं था। मैंने कोई कॉप की फिल्म भी नहीं देखी। मुझे लगता था कि अगर मैं वो देखूंगी तो मैं इन्फ्लूएंस होंगी। तो मेरे डायरेक्टर ने जो कहा मैं वो फॉलो करती रही। अगर आगे भी मुझे कोई कॉप का रोल मिले, तो मैं बिल्कुल करना चाहूंगी। मैंने इसे काफी एंजॉय किया था।

**दुरंगा शब्द जब आपने पहली बार सुना तब आपके दिमाग में किसी कैरेक्टर की छवि आई या कोई एक्सपीरियंस रहा हो जो इससे रिलेट करता हो?**

जब मुझे दुरंगा का ऑफर मिला, तब मुझे नहीं पता था कि इसकी स्टोरी क्या है। मुझे बस इतना कहा गया था कि गुलशन इस शो का पार्ट हैं। तब मुझे लगा था कि ये उनकी कोई कहानी होगी जो बीते वक्त या हाल की किसी चीज से जुड़ी होगी।



# जगन शक्ति की इस फिल्म में नजर आएंगे टाइगर-दिशा

बॉलीवुड अभिनेत्री टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी फिल्म गणपत को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म में टाइगर के साथ नेशनल अवार्ड विजेता कृति सेनन नजर आई हैं। अब टाइगर श्रॉफ के फैंस के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर आ रही है कि टाइगर श्रॉफ और दिशा पटानी की सिजलिंग जोड़ी एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर धमाल मचाने के लिए तैयार है। खबर के मुताबिक, ब्रेकअप के बाद अब इनकी जोड़ी फिल्म निर्माता जगन शक्ति द्वारा निर्देशित एक्शन फिल्म हीरो नंबर 1 में नजर आएगी।

## बागी 2 में पहली बार साझा की थी स्क्रीन

टाइगर श्रॉफ और दिशा पटानी की जोड़ी को एक साथ फिल्म में देखने के लिए इनके फैंस बेहद उत्साहित हैं। दोनों सितारों ने पहली बार 2018 में रिलीज हुई फिल्म बागी 2 में स्क्रीन साझा की थी। इस फिल्म में दर्शकों को इनकी जोड़ी बेहद पसंद आई थी। दिलचस्प बात तो यह है कि दिशा पटानी ने फिल्म में अहम भमिका निभाई है, जो सारा अली खान के लिए निर्धारित थी। शेड्यूल की गड़बड़ी के चलते सारा इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गई थीं।

## टाइगर-दिशा को साथ में देखने के लिए उत्साहित हैं फैंस

सारा के फिल्म से बाहर होने के बाद दिशा को इस रोमांचक एक्शन थ्रिलर में अपनी पहचान बनाने का सही मौका मिला था। पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित यह फिल्म हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म है। टाइगर श्रॉफ और दिशा पटानी की जोड़ी को खूब पसंद किया था। दोनों स्टार की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है।

बड़े पर्दे पर दोनों एक बार फिर हीरो नंबर 1 में नजर आएंगे, जिससे इनके फैन बेहद उत्साहित हैं। वहीं दोनों स्टार के वर्कफ्रंट की बात करें तो टाइगर श्रॉफ हाल ही में एक्शन ड्रामा फिल्म गणपत के भाग 1 में नजर आए हैं। इसके अलावा वह जल्द ही बड़े मियां छोटे मियां में दिखाई देंगे। वहीं, दिशा पटानी के पास फ्यूचरिस्टिक साइंस-फिक्शन ड्रामा कल्कि 2898 एडी, योद्धा के साथ-साथ साउथ फिल्म कंगुवा भी पाइपलाइन में है।

# विक्रांत मैसी संग राजकुमार हिरानी करेंगे ओटीटी डेब्यू

राजकुमार हिरानी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म डंकी को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में शाहरुख खान मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। मूवी को लेकर फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर है। हिरानी ने इंडस्ट्री को तमाम बेहतरीन फिल्में दी हैं। वहीं, अब निर्देशक को लेकर एक और बड़ी खबर सामने आई है। राजकुमार हिरानी अपने ओटीटी डेब्यू की तैयारी कर रहे हैं। इतना ही नहीं निर्देशक के पहले ओटीटी प्रोजेक्ट को लेकर भी बड़ा अपडेट सामने आया है। नवीनतम रिपोर्टों से पता चलता है कि फिल्म निर्माता एक अनाम परियोजना पर काम कर रहे हैं, जिसमें अभिनेता विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में होंगे। हालांकि, वह इस प्रोजेक्ट का निर्देशन नहीं करेंगे, बस इसका निर्माण करेंगे।

